CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 12-18-2025 23:04 Color:


नई दिल्ली > शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025 > मार्गशीर्ष 28, शक 1947, पौष कृष्ण अमावस्या, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

# NBT नवभारत टाइम्स

वर्ष 79, संख्या 301 > पेज 18* > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू



भारत बनाम साउथ अफ्रीका
**5वां T20 आज**
समय- 7:00 PM से जियो हॉटस्टार, स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर
▶p11



ऐक्ट्रेस निधि को भीड़ ने घेरा, आयोजकों पर हुई FIR
▶p14

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

GOOD न्यूज़
गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज 7

# किराया मांगने गई तो गला घोंटा, कुकर से पीटकर हत्या



राजनगर एक्सटेंशन की ओरा कायमेरा सोसायटी में मर्डर की सूचना पर पुलिस पहुंची। किरायेदार के फ्लैट में बेड के अंदर सूटकेस में मकान मालकिन दीपशिखा का शव मिला।



आरोपी जय गुप्ता को दीपशिखा ने फ्लैट किराये पर दिया था



आरोपः आकृति के साथ मिलकर जय ने दीपशिखा की हत्या की

## गाजियाबाद में मकान मालकिन की जान लेने के बाद शव सूटकेस में डाला, बेड में छिपाया

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

**5 महीने** का किराया आरोपी किरायेदार ने नहीं दिया था

**8:30pm** पर बुधवार को किराया मांगने दीपशिखा निकली थीं

**11:30pm** तक घर नहीं लौटीं तो मेड किरायेदार के यहां गई

**फ्लैट में खून** देखकर मेड ने फिर पुलिस को सूचना दी

**इतनी सी** बात पर ऐसा कोई कैसे कर सकता है। गाजियाबाद की एक सोसायटी में मकान मालकिन की हत्या ने समाज की घटती सहनशीलता पर सबको हैरान कर दिया है। मामला राजनगर एक्सटेंशन की ओरा कायमेरा सोसायटी का है। किराया मांगने गई मकान मालकिन दीपशिखा (48) की बुधवार रात हत्या कर दी गई।

पुलिस के मुताबिक, किरायेदार दंपती ने पहले चुन्नी से दीपशिखा का गला दबाया, फिर प्रेशर कुकर से सिर पर हमला करके जान ले ली। इसके बाद शव को सूटकेस में भरकर बेड के बॉक्स में छिपा दिया। शव ठिकाने लगाने के लिए ऑटो भी सोसायटी में बुला लिया। देर रात तक दीपशिखा घर नहीं लौटीं तो उनकी हाउस हेल्पर ढूंढते हुए किरायेदार के यहां पहुंची। हाउस हेल्पर ने घर में खून देखा तो पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस की जांच में शव मिल गया, फिर दंपती ने गुनाह भी कबूल कर लिया। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि हापुड़ की इंद्रलोक कॉलोनी में रहने वाले उमेश शर्मा गुड़गांव की एक कंपनी में जीएम हैं। वह कायमेरा सोसायटी में ही रहते हैं। इसी सोसायटी में एक अन्य फ्लैट उन्होंने जय गुप्ता और उनकी पत्नी आकृति गुप्ता को फरवरी में किराये पर दिया था। 5 महीने से जय ने किराया नहीं दिया था। दीपशिखा बुधवार रात करीब साढ़े 8 बजे गईं, तो जय मिले और किराये को लेकर झगड़ा होने लगा। उसी दौरान हत्या की गई।

बुध विहार में किराया मांगने पर हुआ था बुजुर्ग का मर्डर, आरोपी दो महीने बाद गिरफ्त में ▸▸ पेज 3

### किराया मांगने पर झगड़े से बढ़ा विवादः पुलिस

पुलिस ने बताया कि बुधवार शाम को दीपशिखा जय के यहां किराया मांगने गई थीं। तब आकृति ने बताया था कि जय पैसों का इंतजाम करने गए हैं, रात तक आएंगे। रात करीब साढ़े 8 बजे दीपशिखा दोबारा किराया मांगने जा रही थीं, तभी हाउस हेल्पर ने कॉल किया, उन्होंने उस वक्त जय के यहां जाने की बात उन्हें बताई थी। उसी शक में हाउस हेल्पर जय के यहां पहुंची और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि किराया मांगने पर विवाद बढ़ा था। जय ने कहा कि दीपशिखा ने आकृति के हाथ में काटा, फिर आकृति ने दीपशिखा का चुन्नी से गला दबाया। तभी जय कुकर लाया और सिर पर हमला कर हत्या कर दी।

**आरोपी किरायेदार दंपती ने गुनाह कबूल कियाः पुलिस**

पूरी कवरेज देखें ▸▸ पेज 3

## फटाफट खबरें

### 'क्वॉलिटी तो बाद में, पीने का पानी है कहां'




सुप्रीम कोर्ट ने भारत में बोतलबंद पानी के लिए इंटरनैशनल स्टैंडर्ड का पालन न करने से जुड़ी याचिका पर कहा कि पीने का पानी है कहां? बोतलबंद पानी तो बाद की बात है। ▸▸ पेज 14

### कर्नाटक में हेट स्पीच गैर-जमानती अपराध

कर्नाटक विधानसभा ने गुरुवार को नफरत फैलाने वाले भाषण पर रोक से जुड़ा विधेयक पारित कर दिया। इसमें सात साल तक जेल और एक लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान है। हेट स्पीच के खिलाफ कानून वाला देश का पहला राज्य है। ▸▸ पेज 10

### विडियो दिखाकर पूछेंगे मानवताः SC



सड़क के कुत्तों से जुड़े मामले की सुनवाई में जब याचिकाकर्ता ने कहा कि कुत्तों के साथ अमानवीय बर्ताव हो रहा है तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई में विडियो चलाकर आपसे पूछेंगे कि मानवता क्या है? ▸▸ पेज 2

### महाराष्ट्रः मंत्री फ्रॉड में दोषी, इस्तीफा

नासिक के कोर्ट से धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में सजा बरकरार रखने के बाद महाराष्ट्र के मंत्री माणिकराव कोकाटे ने गुरुवार को मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उन्हें दो साल की जेल की सजा सुनाई गई है।

## काम की खबरें

### 100 नई ई-बसें मिली



कश्मीरी गेट ISBT से को 100 नई इलेक्ट्रिक बसें सेवा में शामिल हुईं। धौला कुआं से धारूहेड़ा (हरियाणा) तक इंटरस्टेट ई बस सेवा शुरू हुई। ▸▸ पेज 2

### असिता पार्क में होंगे इवेंट

यमुना किनारे डिवेलप असिता पार्क में भी इवेंट हो सकेंगे। ITO के पास बने इस पार्क की बुकिंग शुरू, 40 हजार से 3.3 लाख तक है एक दिन का किराया ▸▸ पेज 7

## हैपी मॉर्निंग

**टीचरः** बच्चो बताओ सबसे पवित्र वस्तु क्या है?
**टिंकूः** सर मोबाइल।
**टीचरः** वह कैसे?
**टिंकूः** वह बाथरूम, अस्पताल, श्मशान से होकर आने के बाद भी बिना धोये हुए घर, रसोई और मंदिर सब जगह जा सकता है।

## अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,481.81 (-77.84) |
| निफ्टी | 25,815.55 (-3) |
| रु/यूएस डॉलर | 90.33 (-0.05) |
| रु/यूरो | 105.88 (00) |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम दिल्ली | ₹1,36,500 (00) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो दिल्ली | ₹2,07,600 (+1,900) |

## मौसम

अधिकतम तापमान 20.1°
9° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त शुक्रवार 5:28 | सूर्योदय शनिवार 7:09
सर्दी बढ़ने से आने वाले दिनों में सुबह कोहरे की स्थिति बनी रहेगी।

# प्रदूषण के खिलाफ बंदिशें लागू, ऐक्शन भी तेज़
# पहले दिन चार हज़ार चालान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**प्रदूषण से** निजात दिलाने के मकसद से GRAP-4 के तहत गुरुवार से कुछ सख्त पाबंदियां दिल्ली में लागू हुईं, जिसका आंशिक असर भी नजर आया। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर ऐक्शन भी हुआ। पहले ही दिन 4 हजार से ज्यादा चालान कटे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कैबिनेट सहयोगियों और संबंधित अधिकारियों से फीडबैक लेकर हालात की समीक्षा की। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी फील्ड में उतर कर देखा कि सरकार से जारी निर्देशों का पालन कराने के लिए एनफोर्समेंट टीमें कितनी सक्रिय हैं। दिल्ली सरकार का दावा है कि इन कदमों के चलते स्थिति में कुछ सुधार दिखा और सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में गाड़ियां कम दिखीं।

**GRAP नियमों के उल्लंघन के मामलों में भी 400 चालान काटे गए**

सबसे अहम बात यह देखने को मिली कि जिन लोगों ने लंबे समय से अपनी गाड़ियों की प्रदूषण जांच नहीं कराई, ऐसे लोग खुद प्रदूषण जांच केंद्रों पर जाकर नए PUC सर्टिफिकेट बनवाते नजर आए। दिल्ली सरकार से मिली जानकारी के अनुसार, 'नो PUC, नो फ्यूल' अभियान के असर से 17-18 दिसंबर के बीच दिल्ली में 61,000 से ज्यादा प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र (PUCC) जारी हुए।

BS 6 से नीचे मानक की बाहरी गाड़ियों को नो एंट्री वाले आदेश के तहत दिल्ली के अलग-अलग बॉर्डर पर जांच हुई। पहले दिन 5000 गाड़ियों की जांच हुई और उनमें से 568 को बॉर्डर से ही लौटाया गया। ये सभी अन्य राज्यों में रजिस्टर्ड BS-6 से निचली कैटेगरी के वाहन थे। वहीं 217 ऐसे ट्रकों को ईस्टर्न और वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे से डायवर्ट किया गया, जो दिल्ली से होकर किसी अन्य जगह पर जाने वाले थे।

प्रदूषण फैला रहे वाहनों पर ऐक्शन के लिए परिवहन विभाग और दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की 210 टीमें तैनात थीं। इनमें ट्रैफिक पुलिस ने 2,743 वाहनों के, और परिवहन विभाग ने 316 वाहनों के चालान काटे। ▸▸ पेज 4

### दिल्ली सरकार ने की हालात की समीक्षा

**61,000** से ज्यादा PUC सर्टिफिकेट जारी हुए चौबीस घंटों में, जांच केंद्रों में दिखीं लंबी कतारें।


**3,800** के करीब चालान ऐसे लोगों के कटे, जिनके पास वैलिड पल्यूशन कंट्रोल सर्टिफिकेट नहीं था।

**5,000** गाड़ियों की दिल्ली के विभिन्न बॉर्डर पॉइंट्स पर हुई जांच, 568 को तो बैरंग लौटाया गया।

Anindya Chattopadhyay





**210 टीमें** विशेष अभियान के तहत दिल्ली में जांच में लगाई गईं। ये टीमें ट्रांसपोर्ट और ट्रैफिक पुलिस की थीं।

### बाहरी गाड़ियों पर नहीं दिखी सख्ती

**BS-6** मानक से नीचे वाली बाहरी गाड़ियों की दिल्ली में नो एंट्री के आदेश पर पहले दिन अमल ज्यादा प्रभावी नहीं दिखा। दिल्ली के ज्यादातर बॉर्डर्स पर या तो चेकिंग हो ही नहीं रही थी या फिर इक्का-दुक्का गाड़ियों को ही चेक किया जा रहा था। इसमें भी प्राइवेट गाड़ियों से ज्यादा कमर्शल वाहनों की चेकिंग हो रही थी। खासकर गाजीपुर बॉर्डर पर बैन बेअसर नजर आया। सिंघु बॉर्डर पर BS-6 से नीचे वाली कमर्शल गाड़ियों की चेकिंग हो रही थी।


### वर्क फ्रॉम होम नहीं, तो मंत्री ने चेताया

**दिल्ली सरकार** ने प्रदूषण कम करने के लिए सभी सरकारी और प्राइवेट दफ्तरों में गुरुवार से सिर्फ 50% कर्मचारियों को ऑफिस में बुलाने और बाकी कर्मचारियों से वर्क फ्रॉम होम का आदेश दिया था। पहले दिन इस आदेश का आंशिक असर ही दिखा। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि कुछ प्राइवेट ऑफिस अब भी 50% को वर्क-फ्रॉम-होम की अनुमति नहीं दे रहे हैं। उन्होंने चेताया कि नियम न मानने पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है।

### फ्लाइओवर पर भी स्प्रिंकलर लगेंगे

**दिल्ली के** सभी बड़े फ्लाईओवरों के ऊपर स्थायी रूप से वॉटर स्प्रिंकलर लगेंगे। पहले चरण में नंद नगरी फ्लाईओवर और बारापुला एलिवेटेड कॉरिडोर के ऊपर इन्हें लगाया जाएगा। इन स्प्रिंकलर को फ्लाईओवर के सेंट्रल वर्ज के जरिए दोनों किनारों पर लगाया जाएगा, जिससे फ्लाईओवर के ऊपर के साथ-साथ नीचे की सड़कों पर भी पानी का छिड़काव हो सके। दिल्ली सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने यह जानकारी दी है।

## सीजन का सबसे ठंडा दिन, कोहरे से उड़ानों पर असर



IGI में 27 उड़ानें कोहरे से रद्द हुईं

**दिल्ली-एनसीआर** ही नहीं, पूरे उत्तर भारत पर गुरुवार को घना कोहरा छाया रहा। दिल्ली में कई जगह 50 मीटर तक ही विजिबिलिटी रही। सुबह कुछ सुधार हुआ, लेकिन जल्द स्मॉग ने वापसी कर ली। धुंध का असर हवाई यातायात पर भी पड़ा। दिल्ली के IGI एयरपोर्ट पर 27 उड़ानें रद्द हुईं। इनमें 16 डिपार्चर और 11 अराइवल वाली थीं। दिल्ली एयरपोर्ट प्रशासन ने कहा कि कोहरे में CAT-3 तकनीक की मदद से उड़ानें संचालित की जा रही हैं। हालांकि दोपहर बाद हालात सामान्य होने लगे और उड़ानें सामान्य हो गईं। दिल्ली एयरपोर्ट प्रशासन ने अडवाइजरी जारी कर कहा कि एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले एयरलाइंस से फ्लाइट की स्थिति जरूर पता कर लें।

**20.1 डिग्री रहा दिल्ली में अधिकतम तापमान**

हवा में प्रदूषण बताने वाला AQI भी दिल्ली में बढ़कर 373 दर्ज हुआ। नोएडा में 397, ग्रेटर नोएडा में 344, गाजियाबाद में 339, गुड़गांव में 276 और फरीदाबाद में यह 239 रहा। गुरुवार को सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। अधिकतम तापमान 20.1 डिग्री दर्ज हुआ। नोएडा भी 15 डिग्री के साथ सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। शुक्रवार, रविवार, सोमवार को भी कोहरे का येलो अलर्ट है। ▸▸ पेज 5

# ओमान से ट्रेड समझौता, 98% भारतीय चीजों को मिलेगी ड्यूटी-फ्री पहुंच

PTI



**सर्वोच्च सम्मान...** ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ ओमान' से नवाजा।

■ पीटीआई, मस्कट (ओमान)

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी की मस्कट यात्रा के दौरान भारत और ओमान में गुरुवार को मुक्त व्यापार समझौता (FTA) हुआ। इस समझौते के तहत भारत के 98% निर्यात को ओमान के बाजार में ड्यूटी-फ्री पहुंच मिलेगी। इस समझौते से खासकर टेक्सटाइल, फुटवियर, ऑटोमोबाइल, जेम्स ऐंड जूलरी, कृषि उत्पाद, केमिकल और ग्रीन उद्योग को बड़ा फायदा होने की उम्मीद है। यह ओमान का किसी देश के साथ हुआ अब तक का दूसरा FTA है। वहीं, 20 वर्षों में इस देश ने पहली बार ऐसा कोई समझौता किया है।

भारत और ओमान, दोनों ने इस समझौते को रिश्तों में मील का पत्थर बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह व्यापक आर्थिक समझौता कई दशकों तक दोनों देशों के रिश्तों की दिशा तय करेगा।

**ओमान ने 20 वर्षों में किसी देश से पहला FTA किया**

समझौते से सऊदी और कतर तक सीधी पहुंच मिलेगी। साथ ही, ओमान के पोर्ट्स से पूर्वी यूरोप तक माल पहुंचाने के समय और खर्च में भारी कमी आएगी।

> आर्थिक समझौता हमारी पार्टनरशिप को 21वीं सदी में नया विश्वास, नई ऊर्जा देगा। यह हमारे ट्रेड को नई गति देगा, इन्वेस्टमेंट को नया भरोसा देगा और हर सेक्टर में अवसरों के नए द्वार खोलेगा। - नरेंद्र मोदी, पीएम

### रणनीतिक साझेदारी मज़बूत करने पर चर्चा

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक के साथ द्विपक्षीय बातचीत में रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने भारत और ओमान के कूटनीतिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे होने को द्विपक्षीय साझेदारी के लिए अहम उपलब्धि बताया। आर्थिक भागीदारी समझौते (CEPA) पर वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ओमान के वाणिज्य, उद्योग व निवेश प्रोत्साहन मंत्री कैस बिन मोहम्मद अल यूसुफ ने दस्तखत किए। ▸▸ पेज 14

## CCI करेगा इंडिगो की जांच



पीटर एल्बर्स

**दिसंबर के** शुरू में बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द होने के मामले में प्रतिस्पर्धा आयोग यानी CCI ने इंडिगो की जांच करने का फैसला किया है। आयोग देखेगा कि इंडिगो ने बाजार में अपनी मजबूत स्थिति का गलत फायदा तो नहीं उठाया। **इंडिगो के CEO पीटर** एल्बर्स ने कहा, एयरलाइन का सबसे बुरा दौर बीत गया।

# लाल किला ब्लास्ट केस में एक और गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली में** लाल किला के सामने 10 नवंबर को हुए आतंकी हमले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने 9वें आरोपी यासिर अहमद डार (19) को गिरफ्तार किया है। यासिर जम्मू-कश्मीर के शोपियां का रहने वाला है। उसे पूछताछ के लिए शोपियां से दिल्ली लाया गया। एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार यासिर भी इस मामले में अन्य आरोपियों के साथ संपर्क में था।

इस मामले में पकड़े गए सभी आरोपियों का NIA ने डीएनए और वॉयस सैंपल ले लिया है। इनकी रिपोर्ट भी आ गई है। एजेंसी फरीदाबाद और अन्य जगहों से मिले आरोपियों के बाल, अन्य सबूतों से मिलान कर रही, ताकि पर्याप्त साइंटिफिक एविडेंस भी इस जांच एजेंसी के पास रहें। ▸▸ पेज 6



### फिदायीन बनने की कसम खाई थी

गिरफ्तार यासिर से पूछताछ में पता चला कि इसने भी लाल किला के सामने कार बम धमाका करने वाले डॉक्टर उमर उन नबी की तरह ही फिदायीन बनने की कसम खाई थी। एजेंसी पता लगा रही है कि यासिर जैसे कोई और भी तो फिदायीन हमले की फिराक में नहीं था।

## विरोध के बीच 'G राम G' बिल लोकसभा से पास

PTI



**लोकसभा** में विपक्ष ने कागज फाड़कर बिल का विरोध किया।

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** लोकसभा ने गुरुवार को विपक्ष के विरोध के बीच 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक 2025' को पास कर दिया। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मनरेगा की जगह यह विधेयक लाने और उसमें से महात्मा गांधी का नाम हटाने के मामले में विपक्ष के आरोपों को खारिज किया। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने बापू के आदर्शों को मार दिया, जबकि मोदी सरकार ने जिंदा रखा है। ▸▸ पेज 10

**नोएडा में हुआ निधन** 101 साल की उम्र में ली अंतिम सांस, राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

# स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, संसद की गांधी प्रतिमा को आकार देने वाले मूर्तिकार राम सुतार नहीं रहे


■ NBT न्यूज, नोएडा

**दुनिया की** सबसे ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के शिल्पकार राम सुतार का बुधवार देर रात नोएडा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 101 साल के थे और उम्र से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे थे। पद्मश्री और पद्मभूषण से सम्मानित राम सुतार का जन्म 19 फरवरी, 1925 को महाराष्ट्र के धुले जिले के गोंदूर गांव में हुआ था।

मुंबई के जे. जे. स्कूल ऑफ आर्ट ऐंड आर्किटेक्चर से स्वर्ण पदक प्राप्त राम सुतार के नाम कई बड़ी उपलब्धियां दर्ज हैं। हाल ही में उन्हें महाराष्ट्र के सर्वोच्च पुरस्कार 'महाराष्ट्र भूषण' से भी नवाजा गया था। राम सुतार ने 7 दशकों से अधिक के अपने करियर में कलात्मक यथार्थवाद को ऐतिहासिक गहराई के साथ मिलाकर देश की कुछ सबसे प्रतिष्ठित मूर्तियों और स्मारकों का निर्माण किया। उन्हें 'स्टैच्यू मैन' के नाम से भी जाना जाता था। 1959 में वह महाराष्ट्र से दिल्ली आए और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में नौकरी शुरू की, लेकिन कला के प्रति उनका समर्पण इतना गहरा था कि नौकरी छोड़कर मूर्तिकला को ही अपना जीवन बना लिया।

■ राम सुतार ने 7 दशकों से ज्यादा वक्त तक प्रतिष्ठित मूर्तियों को आकार दिया

■ उन्हें स्टैच्यू मैन के नाम से भारत ही नहीं पूरी दुनिया में जाना जाता था



### सजीव भाव, बारीक कारीगरी में थी महारत

**पत्थर,** संगमरमर और कांस्य में काम करने वाले राम सुतार को विशेष रूप से कांस्य से गहरा लगाव था। गुजरात में सरदार वल्लभभाई पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के मुख्य शिल्पकार के रूप में उन्होंने वैश्विक ख्याति हासिल की। उनकी अहम कलाकृतियों में संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा, डॉ. बी. आर. आंबेडकर, छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमाएं शामिल हैं। उनकी प्रतिमाएं सजीव भावों और बारीक कारीगरी के लिए जानी जाती हैं। ▸▸ पेज 2

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH10 User: cci Time: 12-18-2025 23:56 Color:



विपक्षी दल के सदस्यों ने बिल का विरोध किया

# जी राम जी विधेयक लोकसभा में पास

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**लोकसभा में** जी राम जी विधेयक पास हो गया। विपक्ष ने इसका विरोध किया और कागज फाड़कर सदन में उड़ाए। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिल पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस ने बापू के आदर्शों को मार दिया, जबकि मोदी सरकार ने उन्हें जिंदा रखा है।

यह बिल मनरेगा की जगह पर लाया गया है। नया विधेयक लाने और इसमें से महात्मा गांधी का नाम हटाने को लेकर विपक्ष ने सरकार पर आरोप जड़े। इसके जवाब में चौहान ने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025 के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी की सरकार महात्मा गांधी के आदर्शों को लागू करने और विकसित गांव की बुनियाद पर विकसित भारत बनाने के लक्ष्य की दिशा में काम कर रही है। विपक्ष की तरफ से इस बिल को स्थाई समिति को भेजने की मांग की गई लेकिन आसन की तरफ से मांग अस्वीकार कर दी गई। विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच चौहान ने कहा कि देश में 1960-61 में ग्रामीण जनशक्ति कार्यक्रम बनने से लेकर मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) तक समय-समय पर विभिन्न योजनाएं बनती रही हैं। उन्होंने कहा कि इनसे उद्देश्य पूरा नहीं होता या थोड़ा ही लक्ष्य पूरा होता है तो नई योजनाएं लाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा के नाम में पहले महात्मा गांधी का नाम नहीं था और इसका नाम नरेगा था लेकिन 2009 के लोकसभा चुनाव से पहले वोटों के कारण कांग्रेस को बापू याद आ गए और उनका नाम जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय जहां 1660 करोड़ श्रम दिवस सृजित हुए थे वहीं मोदी सरकार में 3210 करोड़ श्रम दिवस का सृजन किया गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार से पहले इस योजना में महिलाओं की भागीदारी 48 प्रतिशत थी जो इस सरकार के समय 56.73 प्रतिशत हो गई।

विपक्ष ने कहा, मनरेगा की जगह लाया गया है यह बिल



PTI

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मनरेगा में कई तरह की कमियां थीं और उस आधार पर सरकार नया विधेयक लाई।

## सनक में नाम नहीं बदल रहे: शिवराज

चौहान ने कहा कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सदन में कहा कि यह सरकार 'सनक' में नाम बदल रही है। चौहान ने कहा कि हम सनक में नाम नहीं बदल रहे, अपने परिवार के लोगों पर नाम रखने की सनक तो कांग्रेस की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बापू के आदर्शों को मारने का काम किया, मोदी सरकार ने उन्हें जिंदा रखने का काम किया। चौहान ने कहा कि मनरेगा में कई तरह की कमियां थीं और उस आधार पर यह सरकार नया विधेयक लाई। उन्होंने कहा कि मनरेगा में 60 प्रतिशत पैसा मजदूरी के लिए और 40 प्रतिशत निर्माण सामग्री के लिए होता था लेकिन विपक्षी दलों के शासन वाले राज्यों में मजदूरी का पूरा पैसा ले लिया जाता था, और सामग्री पर सिर्फ 26 प्रतिशत तो कई राज्यों में सिर्फ 19-20 प्रतिशत खर्च किया जाता था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इस योजना को पूरी तरह भ्रष्टाचार के हवाले कर दिया था। चौहान ने कहा कि इस लूट को समाप्त करने और धनराशि का इस्तेमाल गरीबों के रोजगार के लिए ही होने के उद्देश्य को पूरा करने के वास्ते इसमें कमियों को दूर करना और पारदर्शिता लाना जरूरी था। उन्होंने कहा कि नया विधेयक लाने से पहले इस पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि नए कानून में अधिक रोजगार का प्रावधान होगा और धनराशि का इस्तेमाल पूरी तरह विकसित गांव बनाने में किया जाएगा जो मोदी सरकार का संकल्प है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में बिल पर चर्चा के दौरान 'अपमानजनक' व्यवहार करने को लेकर विपक्ष की आलोचना की और आरोप लगाया कि उन्होंने अपने आचरण से लोकतंत्र को भीड़तंत्र और गुंडातंत्र में बदल दिया है।

केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष के व्यवहार के लिए उनकी आलोचना की

## एटमी एनर्जी से जुड़े बिल पर संसद की मुहर



जितेंद्र सिंह

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** राज्यसभा ने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी की मंजूरी देने के प्रावधान वाले बिल को विपक्ष के विरोध के बीच गुरुवार को मंजूरी दे दी। लोकसभा से भी यह बिल मंजूर हो चुका है। 'भारत के रूपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025 को केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के जवाब के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम किसी भी तरह से दुनिया से किसी के पीछे नहीं हैं। सरकार शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए सकारात्मक फ्रेमवर्क बनाने की कोशिश कर रही है।

## पीएम-सीएम बिल पर JPC का कार्यकाल बढ़ा



अपराजिता सारंगी

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों को हटाने के प्रावधान वाले बिलों पर समिति का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को गंभीर आरोपों में लगातार 30 दिन तक हिरासत में रहने की स्थिति में पद से हटाने के प्रावधान वाले तीन बिलों पर संसदीय समिति को रिपोर्ट देने के लिए आगामी बजट सत्र के अंतिम हफ्ते के पहले दिन तक का समय दिया गया है। समिति की अध्यक्ष अपराजिता सारंगी ने गुरुवार को लोकसभा में यह प्रस्ताव रखा जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूर कर लिया। 12 नवंबर को 31 सदस्यीय संयुक्त समिति बनाई गई थी।

# युवा और श्रम शक्ति को आगे बढ़ा रही है मोदी सरकार: मांडविया

कहा, 75 वर्षों से चले आ रहे 26 कानूनों को खत्म कर उन्हें 'लेबर कोड' में बदला गया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**केंद्रीय श्रम** और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने मजदूरों को सशक्त बनाने, रोजगार को बढ़ावा देने और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को समर्थन देने के मकसद से किए गए सुधारों को समय की जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार श्रम और श्रमिकों को प्राथमिकता देती है। सरकार युवा शक्ति और श्रम शक्ति को आगे बढ़ा रही है। देश के जरूरी इन दोनों शक्तियों के दम पर हम 2047 तक विकसित भारत बनाएंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लेबर फोर्स एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। देशभर में 40 करोड़ से अधिक लेबर काम करते हैं। आजादी से पहले बने 26 श्रम कानून चलते आ रहे थे यानी 100 साल पहले से बने कानून देश की आजादी से 75 साल तक चलते रहे थे। इसे बदलकर नया लेबर कोड लाया गया है। भारत में 4 नए लेबर कोड से महिलाओं से लेकर युवाओं को समान अवसर मिलेगा। नए लेबर कोड अपॉइंटमेंट लेटर की कानूनी गारंटी देते हैं। डॉ. मांडविया ने 'टाइम्स नेटवर्क इंडिया इकनॉमिक कॉन्क्लेव' में कहा कि जो मेहनत करता है, मजदूरी करता है, इस देश को बनाने वाला है उनके हितों को देखते हुए बदलाव किए गए हैं। इस देश की आजादी से पहले बने हुए 26 लेबर कानून चले आ रहे थे जबकि समझना चाहिए कि आज से 100 साल पहले वर्किंग कंडिशन अलग थी, जॉब की स्थिति अलग थी, कामकाज की व्यवस्थाएं अलग थीं। देश को इंडस्ट्री की भी आवश्यकता है, वर्क फोर्स की जरूरत है। इंडस्ट्री होगी तब काम मिलेगा, जब काम करने वाले हैं तो इंडस्ट्री चलेगी। दोनों धारा को समझकर हमें नीति तय करनी चाहिए। नए लेबर कोड इसी दिशा में उठाए गए बड़े कदम हैं। भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को पूरा करने में हमारे देश की 'लेबर वर्क फोर्स' सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है। उद्योगों को चलाने के लिए मजदूरों की जरूरत है और मजदूरों के पास काम होने के लिए उद्योगों का होना जरूरी है।



पढ़ो भी खेलो भी, ये वर्क कल्चर चेंज हुआ है, खेल के प्रति युवाओं की रुचि बढ़ी है। स्पोर्ट्स इकोसिस्टम, स्पोर्ट्स कल्चर डिवेलप हो रहा है, आने वाले दिनों में देश में ओलिंपिक में मेडल की संख्या भी बढ़ेगी, युवाओं की फिटनेस भी बढ़ेगी।
—मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

### लेबर कोड पर चिंताओं का दिया जवाब

'मनमाने तरीके से नौकरी पर रखने और निकालने' और 'इंस्पेक्टर राज' को बढ़ावा देने की चिंताओं को खारिज करते हुए श्रम मंत्री ने कहा कि नए कानून रोजगार को संगठित रूप देंगे। नए नियमों के तहत 300 कर्मचारियों वाली इकाइयों में कर्मचारियों की कटौती और इकाइयों को बंद करने के लिए सरकारी अनुमति की आवश्यकता नहीं है जबकि पहले 100 कर्मचारियों वाली इकाइयों के लिए यह नियम था। डॉ.मांडविया ने कहा कि सरकार ने देश में रोजगार को संगठित रूप दिया है। पहले नियोक्ता कानूनी प्रक्रियाओं से बचने के लिए 100 श्रमिकों को औपचारिक रोजगार देते थे और बाकी को असंगठित रूप से नियोजित करते थे। नए नियमों ने इन बचे हुए श्रमिकों के रोजगार को संगठित रूप दे दिया है।

## 'प्रदूषण के लिए सिर्फ दिल्ली ज़िम्मेदार नहीं'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**केंद्रीय पर्यावरण**, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिल्ली-एनसीआर में एयर पलूशन पर कहा कि मजबूत फेफड़े के साथ दिल और दिमाग भी मजबूत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले विज्ञापन छप सकता था, लेकिन योजनाएं नहीं बनती थीं।

बढ़ते प्रदूषण पर उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि ग्रेटर कैलाश, डिफेंस कॉलोनी आदि जगहों पर रोजाना कई मकान टूटते हैं। उसकी धूल कहां जाती है... हमने योजना में कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन वेस्ट के लिए जगह तय करने की बात कही। तोड़ने से पहले वेस्ट के बारे में जानकारी देनी होगी। दिल्ली सरकार के साथ हम ये चीजें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की वजह से कर पा रहे हैं।



### हल निकालेंगे: भूपेंद्र

भूपेंद्र यादव से पूछा गया कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री होने के नाते प्रदूषण से बचने के लिए क्या वह 24 घंटे एयर प्यूरीफायर चलाकर रखते हैं? इस पर उन्होंने कहा कि मैं सामान्य तरह से रहता हूं। वायु प्रदूषण के लिए कौन जिम्मेदार? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि हम इस समस्या के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील हैं और इसके समाधान के लिए प्रतिबद्ध भी हैं।

## लोगों को समझने में कांग्रेस नाकाम: सिंधिया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**केंद्रीय संचार** मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि वह 140 करोड़ जनता की आकांक्षाओं को समझने में नाकाम रही है।

वोट चोरी को लेकर पूछे गए सवाल पर सिंधिया ने कहा कि इस देश में खिल भी मेरी पट भी मेरी नहीं चलती। चुनाव आयोग पारदर्शिता के साथ अपना काम कर रहा है। जिसे ना सिर्फ देश के भीतर बल्कि कई देशों की ओर से भी मान्यता मिल रही है। ऐसी संस्था पर सवाल उठाना गलत है। सिंधिया ने कहा कि जहां तक SIR की बात है, तो क्या देश में पहली बार SIR हो रहा है? हर 15 साल में होता रहा है। पंडित नेहरू और इंदिरा गांधी के वक्त में भी हुआ है, तो ऐसे कैसे हो सकता है कि अब मोदी सरकार में हो रहा है तो गलत



### 'कांग्रेस स्टेशन पर'

सिंधिया ने कहा कि भारत की ट्रेन स्टेशन से छूट गई है, लेकिन कांग्रेस अभी स्टेशन पर ही है। ट्रेन रूपी देश आगे बढ़ रहा है लेकिन ये वहीं खड़े हैं। देश की जनता ट्रेन पर है लेकिन ये विदेश में हैं और भारत को नीचा दिखा रहे हैं। सिंधिया ने कहा कि मोदी सरकार के दौरान देश में एक आशावाद की भावना सामने आई है। भारत महत्वाकांक्षी है।

## फटाफट खबरें

### 5 राज्यों को मिलेंगे नए चीफ जस्टिस

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट कलीजियम ने गुरुवार को पांच हाई कोर्ट जजों को चीफ जस्टिस के तौर पर प्रमोट करने की सिफारिश की। जस्टिस मनोज कुमार को उत्तराखंड, जस्टिस रेवती पी मोहिते डेरे को मेघालय, जस्टिस सौमेन सेन को झारखंड, जस्टिस ए. मुहम्मद मुस्ताक को सिक्किम और जस्टिस संगम कुमार साहू को पटना हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस बनाने की सिफारिश भेजी गई है।

### बघेल के बेटे की सुनवाई SC में टली

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे की कथित शराब घोटाले में गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। साथ ही कहा कि मामले को टुकड़ों में नहीं सुना जा सकता। ED की ओर से 18 जुलाई को गिरफ्तार किए गए चैतन्य बघेल ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के कुछ प्रावधानों को भी चुनौती दी है।

## नितिन गडकरी ने कहा, भाई का काम किया तो बहन का भी करना होगा

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**केरल में** सड़क प्रोजेक्ट के लिए वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी नितिन गडकरी से मिलीं। गडकरी ने उनसे कहा कि पिछले दिनों उनसे उत्तर प्रदेश से रायबरेली के कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी मिले थे और उनके इलाके के सड़क प्रोजेक्ट को पूरा करने की मांग की थी जिसे उन्होंने पूरा कर लिया। गडकरी ने कहा कि भाई का काम करने के बाद अगर उनकी बहन का काम नहीं करेंगे तो इससे गलत संदेश जाएगा।

हालांकि गडकरी ने कहा कि प्रियंका गांधी से कहा कि उन्होंने जिन प्रोजेक्ट की मांग की है उनमें अधिकतर की मांग राज्य सरकार से आनी चाहिए जो नहीं आ रही है। इस पर प्रियंका गांधी ने कहा कि बहुत जल्द वहां उनकी सरकार होगी और यह बाधा भी दूर हो जाएगी। केरल में अभी लेफ्ट की सरकार है। प्रियंका का बयान अभी वहां लोकल बॉडी चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद पार्टी के बढ़े मनोबल से माना जा रहा है। अगले दो-तीन महीने में राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं।

इससे पहले, लोकसभा में नितिन गडकरी और प्रियंका गांधी वाड्रा के बीच हलके-फुल्के अंदाज में चंडीगढ़-शिमला हाइवे को लेकर हुई जुगलबंदी चर्चा में बनी रही। यह जुगलबंदी उस वक्त और अधिक सुर्खियों में आ गई। जब सदन में सुबह 11 बजे से 12 बजे के बीच चलने वाले प्रश्नकाल के दौरान हंसते हुए प्रियंका गांधी ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से कहा, 'मैं जून से आपसे मिलने का समय मांग रही हूं, मुझे अपॉइंटमेंट ले दीजिए।' जवाब में गडकरी ने कहा कि 'आप कभी भी मुझसे मिल सकती हैं, मेरे दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं, आप प्रश्नकाल के बाद आ जाइए, अपॉइंटमेंट की कोई जरूरत नहीं है।' फिर प्रश्नकाल खत्म होने के बाद करीब एक बजे जब कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी संसद में स्थित ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर गडकरी के जी-31 ऑफिस पहुंचीं तो वहां गडकरी ने उनकी शिकायत के समाधान से पहले उनका आदर-सत्कार अपने चिर-परिचित अंदाज में किया। अपने ऑफिस में गडकरी ने उन्हें चावल के आटे से बनी 'मुटकुले' जैसी एक मराठी डिश पेश की। यह मराठी टेस्ट वाले स्पेशल 'राइस बॉल' थीं। सूत्रों ने बताया कि इसे सोशल मीडिया पर कई मराठी डिश देखकर खुद ही नितिन गडकरी ने ईजाद किया था।



संसद में प्रियंका गांधी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलने का वक्त मांगा। गडकरी ने कहा कि मिलने के लिए अपॉइंटमेंट की जरूरत नहीं।

## UP-केरल SIR की डेट बढ़ाने पर सोचें: सुप्रीम कोर्ट

■**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से उत्तर प्रदेश और केरल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इन्टेंसिव रिविजन (SIR) की प्रक्रिया के तहत एन्युमरेशन फॉर्म जमा करने की समय-सीमा बढ़ाने संबंधी अनुरोधों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने को कहा। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच देश के विभिन्न राज्यों में SIR प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं के समूह की सुनवाई कर रही थी।

CJI की अगुआई वाली बेंच कर रही थी सुनवाई

उत्तर प्रदेश में SIR से संबंधित मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश सीनियर वकील सिद्धार्थ दवे ने यूपी में एन्युमरेशन फॉर्म जमा करने की समय-सीमा बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अगले चुनाव मार्च अप्रैल 2027 में होने हैं, इसलिए यूपी की वोटर लिस्ट के SIR में किसी प्रकार की जल्दबाजी की कोई जरूरत नहीं है। चुनाव आयोग ने 11 दिसंबर को यूपी में इसकी अंतिम तिथि 26 दिसंबर कर दी है और ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के प्रकाशन की संशोधित तारीख अब 31 दिसंबर है।

## केजरीवाल बोले, पंजाब में लोग AAP के काम से खुश

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**पंजाब में** हुए जिला परिषद और ब्लॉक समितियों के चुनाव नतीजों में आम आदमी पार्टी (AAP) को सफलता मिली है। गुरुवार को मोहाली क्लब में पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जनता ने AAP के 'काम की राजनीति' पर भरोसा जताया है।

केजरीवाल ने कहा कि इस चुनाव में AAP ने 70 फीसदी सीटें जीत कर एक तरह से क्लीन स्वीप कर दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिला परिषद की 250 और ब्लॉक समिति के 1800 से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज की है। ये नतीजे बताते हैं कि पंजाब में AAP के पक्ष में हवा चल रही है और जनता पंजाब की सरकार के काम से बहुत खुश है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पार्टी पूरे देश में मजबूत हो रही है। पंजाब के ग्रामीण क्षेत्रों में मिली यह बड़ी जीत इसका प्रमाण है। उन्होंने चुनाव धांधली के विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस कई जगहों पर मात्र 9, 3 या 40 वोटों के मामूली अंतर से जीती है। पहली बार चुनावों में विडियोग्राफी करवाई गई ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

AAP संयोजक ने कहा कि पहली बार पंजाब में 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान चलाया जा रहा है। नशा बेचने वालों के घरों पर बुलडोजर चल रहे हैं और 25 हजार से ज्यादा नशा तस्कर गिरफ्तार हुए हैं। बिना रिश्वत के 55 हजार से ज्यादा सरकारी नौकरी दी जा चुकी है और 43 हजार किमी शानदार सड़कें बन रही हैं। अब किसानों को दिन में 8 घंटे बिजली और 90 फीसदी परिवारों को फ्री बिजली मिल रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार से लोगों का आप पर भरोसा बढ़ा है। केजरीवाल ने उदाहरण के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के चुनाव की पारदर्शिता को बताते हुए कहा कि 580 सीटें ऐसी हैं, जो 100 से कम मतों के अंतर से जीती गई हैं। इनमें से 261 सीटें AAP और 319 सीटें विपक्ष ने जीती हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे बड़ा काम नशे के खिलाफ युद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष में बैठी सभी पार्टियां पंजाब को नशे में धकेलने के लिए जिम्मेदार थीं।



गुरुवार को मोहाली क्लब में पंजाब के सीएम भगवंत मान (बाएं) और अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। केजरीवाल ने कहा कि जिला परिषद और ब्लॉक समिति के चुनाव में पार्टी ने 70% सीटें जीतीं।

## नकाब विवाद पर गिरिराज के बिगड़े बोल से विवाद

■पीटीआई, नई दिल्ली/पटना

**महिला डॉक्टर** का नकाब हटाने को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को चौथे दिन भी विवादों के घेरे में रहे। एकतरफ जहां केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कुमार के इस बर्ताव का बचाव किया। विपक्ष ने बिना शर्त माफी मांगने की मांग की।

पटना मुख्यमंत्री सचिवालय में हुई, जहां कुमार आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र दे रहे थे। जब महिला अपना नियुक्ति पत्र लेने आई, तो नीतीश कुमार ने उसका नकाब देखा और पूछा, 'यह क्या है?' इसके बाद उन्होंने नकाब हटा दिया। मुस्लिम महिला डॉक्टर का नकाब हटाने के मामले में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कुमार का बचाव करते हुए नया विवाद खड़ा कर दिया। सिंह ने कहा कि यह महिला पर निर्भर है कि वह सरकारी नौकरी को ठुकरा दे या 'जहन्नुम में जाए।' बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने गुरुवार को कहा कि उन्हें ऐसी किसी भी खबर की जानकारी नहीं है, जिसमें यह दावा किया जा रहा है कि सीएम नीतीश कुमार के एक महिला डॉक्टर का नकाब हटाए जाने के बाद उसने सरकारी नौकरी में शामिल होने से मना कर दिया है।

File Photo



ज़िम्मेदारी संसद के दोनों सदनों के सदस्य कई बार भूल जाते हैं अपना सामान

## गोल्ड प्लेटेड पेन, मोबाइल भूले सांसद, CISF ने ढूंढकर पहुंचाया

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■**नई दिल्ली:** संसद के इस शीतकालीन सत्र में कोई सांसद जिंदगी की भागदौड़ में अपना गोल्ड प्लेटेड पेन भूल गया तो कोई पर्स और मोबाइल फोन। संसद के दोनों सदनों में सदस्यों ने कितनी भी मूल्यवान चीज भूली हो उसे CISF ने खोजकर उन तक पहुंचाने कि जिम्मेदारी निभाई काम बखूबी किया। बुधवार को भी ऐसा ही एक मामला सामने आया। जब एक शख्स का एक्सरे-मशीन से पर्स और मोबाइल फोन 'गायब' हो गया। CISF की मेहनत से वह मिल गया। पता लगा कि भूलवश उसे एक सांसद के PA उठाकर ले गए थे। सूत्रों ने बताया कि इस बार संसद के शीतकालीन सत्र में लोकसभा और राज्यसभा स्थगित होने के बाद CISF अधिकारियों और जवानों द्वारा सर्च करते समय एक गोल्ड प्लेटेड पेन, पांच मोबाइल फोन, चार पर्स, चूड़ियां और कुछ ऐसी ही चीजें मिलीं। अच्छी बात यह रही कि उनमें से एक भी चीज ऐसी नहीं रही, जिसके ओनर का कुछ पता नहीं लग सका हो। सूत्रों ने बताया कि हाउस में छूटा गोल्ड प्लेटेड पेन राज्यसभा के एक सांसद का था, जिन्हें दे दिया गया।

इसी तरह से हाउस में छूटे सांसदों के मोबाइल फोन, पर्स और अन्य तमाम चीजें भी उन सभी को पहचान कर उन्हें लौटा दी गईं। 13 दिसंबर को लोकसभा में एक सांसद का पर्स छूट गया था।

File Photo



### ₹50 हजार किसके?

संसद में पिछले साल पांच नवंबर को राज्यसभा के अंदर लावारिस मिले 50 हजार रुपये के मामले में अभी तक भी यह पता नहीं लग सका कि 500 रुपये का नोटों का वह बंडल किसका था। एक साल बाद आगे की कार्रवाई के लिए मामले को संसद मार्ग थाना पुलिस को सौंपा गया है।

## नफरती भाषण पर 7 साल की सज़ा, कर्नाटक में बिल पारित

■पीटीआई, बेलगावी (कर्नाटक)

**कर्नाटक विधानसभा** ने गुरुवार को हंगामे के बीच नफरत फैलाने वाले भाषण पर रोक से संबंधित एक बिल पारित कर दिया। घृणा भाषण और घृणा अपराध (रोकथाम) बिल देश का पहला ऐसा कानून है, जिसमें 7 साल तक की जेल और एक लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। इसे BJP के विधायकों के हंगामे के बीच पारित कर दिया गया।

मंत्रिमंडल ने इस बिल को चार दिसंबर को मंजूरी दी थी और 10 दिसंबर को गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने इसे सदन में पेश किया था। मंत्री ने कहा कि बार-बार अपराध करने की स्थिति में 10 साल की जेल की सजा का प्रावधान घटाकर 7 साल कर दिया गया है। बिल के अनुसार, ऐसी कोई भी अभिव्यक्ति, जो किसी भी पूर्वाग्रहपूर्ण हित को पूरा करने के लिए जीवित या मृत व्यक्ति, वर्ग या व्यक्तियों या समुदाय के समूह के खिलाफ चोट, असामंजस्य या शत्रुता या घृणा या दुर्भावना की भावना पैदा करने के इरादे से सार्वजनिक रूप से बोले गए या लिखित शब्दों में या संकेतों द्वारा प्रकाशित या प्रसारित की जाती है, वह घृणास्पद भाषण है।

विधानसभा ने हंगामे के बीच बिल पारित किया

चर्चा के दौरान शहरी विकास मंत्री बिरथी सुरेश ने कहा कि तटीय कर्नाटक नफरत भरे भाषण और नफरत अपराध के कारण जल रहा है। क्षेत्र के BJP विधायकों ने इस पर आपत्ति जताई और फिर सदन में आसन के पास आ गए। अन्य BJP विधायकों ने भी उन्हीं की तरह किया। विधानसभा ने हंगामे के बीच बिल पारित कर दिया।

## गवर्नर ने धर्मांतरण विरोधी बिल लौटाया

■**पीटीआई, देहरादून:** जबरन धर्मांतरण के खिलाफ कानून को और कड़ा बनाने वाले उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक-2025 को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने लौटा दिया। इसे कुछ राजनीतिक दलों ने समाज के एक तबके को निशाना बनाने की राज्य सरकार की कोशिश पर 'एक करारा तमाचा' बताया जबकि कांग्रेस ने इसे इस मुद्दे को आगामी चुनाव तक जीवित रखने के लिए BJP द्वारा 'रचा गया खेल' बताया। गैरसैंण में हुए विधानसभा के मॉनसून सत्र में इस संशोधन विधेयक को पारित किया गया था जिसके बाद इसे मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास भेजा गया था। हालांकि, राज्यपाल ने इसे एक संदेश के साथ राज्य सरकार को वापस लौटा दिया। मसौदे की भाषा में कुछ त्रुटियों के कारण इस विधेयक को प्रदेश के विधायी विभाग को वापस कर दिया गया है।

*मैं काफी वर्षों से मानती हूं कि हरमनप्रीत कौर एक मैच विजेता प्लेयर है। मेरा निजी तौर पर मानना है कि वह इस वक्त भी भारतीय टीम की कप्तानी करने के लिए सही और सबसे काबिल है।* - अंजुम चोपड़ा, पूर्व कप्तान, भारतीय विमिंस क्रिकेट टीम



**458**

रन बने थे भारत और साउथ अफ्रीका के बीच साल 2022 में गुवाहाटी में खेले गए टी20 इंटरनेशनल मैच में। यह दोनों देशों के बीच किसी एक टी20 मैच में बने सर्वाधिक रन का रेकॉर्ड है

## MEGA स्पोर्ट्स QUIZ

**आज के सवालों पर पांच लकी विजेताओं की छपेंगी तस्वीरें**

1. ग्लेन मैक्ग्रा के नाम कितने टेस्ट विकेट हैं?
A) 561 B) 562 C) 563 D) 564

2. फीफा वर्ल्ड कप 2026 अगले साल कब से शुरू होगा?
A) 19 जुलाई B) 11 जुलाई C) 12 जून D) 11 जून

3. सम्राट राणा किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?
A) ऐथलेटिक्स B) क्रिकेट C) शूटिंग D) आर्चरी

**कल के जवाब**
1. D) इटली 2. D) स्पेन

**लकी विनर्स**



1. विमलेश यादव, गाजियाबाद, यूपी
2. नवीन कुमार, सादतपुर, दिल्ली
3. पुतुल चौधरी, अंधेरी, मुंबई

**आप अपने जवाब हमें**
**9319282367**
पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/कस्बे के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। इस Mega स्पोर्ट्स Quiz के 'पांच लकी विनर्स' के नाम, पता और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे।

*इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।*

### सीरीज के अंतिम मुकाबले में भारतीय कप्तान से मैच विनिंग पारी की उम्मीद

# चमकेगा सूर्य, जीतेगा भारत !

**भारत Vs साउथ अफ्रीका**
**टी20I सीरीज, पांचवां मैच**

■ **एजेंसियां, अहमदाबाद:** लखनऊ में धुंध की वजह से मैच रद्द हो जाने के बाद अब भारत और साउथ अफ्रीकी टीम का कारवां अहमदाबाद पहुंच चुका है। उम्मीद है यहां धुंध सीरीज के अंतिम मुकाबले को प्रभावित नहीं करेगी और भारत इस मुकाबले को जीतकर 3-1 के दबदबे के साथ सीरीज समाप्त करेगा। टेस्ट सीरीज में 0-2 से हारने के बाद भारत ने शानदार वापसी करते हुए वनडे सीरीज जीती। अब उसने टी20 सीरीज में 2-1 की अजेय बढ़त बना रखी है। यह सुनिश्चित है कि भारत अब इस सीरीज को हार नहीं सकता है जो हेड कोच गौतम गंभीर के लिए राहत की बात होनी चाहिए क्योंकि टीम के दो प्रमुख खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव तथा टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमान गिल पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं।






**21 पारियों में एक भी फिफ्टी नहीं:** इस मैच में सभी की निगाहें कप्तान सूर्यकुमार पर होंगी, जिनके बल्ले से लंबे समय से कोई बड़ी पारी नहीं निकली है। कुछ समय पहले तक विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रहे सूर्य की फॉर्म भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने पिछली 21 टी20I पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बनाया। वहीं इस साल उन्होंने 14.20 के औसत से 213 रन बनाए। गिल का छोटे प्रारूप में नहीं चल पाना भी भारत के लिए अगले साल के शुरू में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से पहले चिंता का विषय होगा। वह पिछले मैच में अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे जिससे उनका अंतिम मैच में खेलना संदिग्ध है। भारत किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझेगा क्योंकि उसके पास शीर्ष क्रम में संजू सैमसन के रूप में एक अच्छा विकल्प है।

**बुमराह टीम से जुड़े:** तेज गेंदबाजी आक्रमण में अर्शदीप सिंह अपनी लय में आ रहे हैं जबकि हर्षित राणा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच निजी कारणों से तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाने वाले जसप्रीत बुमराह चौथे मैच से पहले टीम से जुड़ गए हैं। पिछले मैच में हर्षित राणा ने प्रभावित किया था लेकिन बुमराह की वापसी पर उन्हें शायद एकादश से बाहर जाना पड़े। अहमदाबाद की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल मानी जाती है जो इस सीरीज में भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती (छह विकेट) के लिए चुनौती पेश करेगी।

**रीजा कमजोर कड़ी:** जहां तक साउथ अफ्रीका का सवाल है तो उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन उतार चढ़ाव वाला रहा है। साउथ अफ्रीका की टीम रीजा हेंड्रिक्स की जगह एडेन मार्करम को शीर्ष क्रम में वापस लाने पर विचार कर सकती है। रीजा हेंड्रिक्स इस दौरे पर अपनी लय हासिल नहीं कर पाए हैं। भारत के खिलाफ 15 पारियों में वह सिर्फ एक बार ही अर्धशतक लगा सके हैं। साउथ अफ्रीका को इसके अलावा युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अभी तक अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। साउथ अफ्रीका को मार्को यानसेन की आक्रामक पारियों की कमी भी खली है, लेकिन लुंगी एनगिडी और ओटनील बार्टमैन ने गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है।





**पिच एवं मौसम**
धर्मशाला और लखनऊ से आने के बाद दोनों टीमों के प्लेयर्स को अहमदाबाद में ठंड से थोड़ी राहत मिलेगी। धुंध की भी परेशानी नहीं होगी। बल्लेबाजी के लिए अच्छी पिच पर स्पिनरों के पास भी मौके होंगे।

**टेलिकास्ट:** शाम 7:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

**संभावित प्लेइंग XI**
**भारत:** अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह
**साउथ अफ्रीका:** क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रीजा हेंड्रिक्स, एडेन मार्करम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसेन, कॉर्बिन बॉश, केशव महाराज, ओटनील बार्टमैन, एनरिच नॉर्त्जे

### ओपनर सैमसन का प्रदर्शन ज्यादा बेहतर

**सैमसन** निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए कभी भी सही विकल्प नहीं थे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है।

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

पिछले साल ओपनर के तौर पर उन्होंने तीन शतक जड़े थे, जबकि मध्यक्रम में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। पिछली दस टी20 पारियों में उन्होंने 137 के स्ट्राइक रेट से 298 रन बनाए हैं। हालांकि गिल की तुलना में बेहतर ही है। गिल ने पिछले दस टी20 मैचों में 127 के स्ट्राइक रेट से 180 रन ही बनाए हैं, जबकि उन्हें मनमाफिक ओपनिंग का मौका मिला। अंतिम मैच में गिल की अनुपलब्धता की स्थिति में मौका मिलने पर केरल का यह विकेटकीपर-बल्लेबाज इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा।

**5** पिछली भिड़ंत में दो बार अर्शदीप ने दो बार क्विंटन डीकॉक का शिकार किया है। वहीं टी20I में कुल पांच बार अर्शदीप ने क्विंटन का शिकार किया है

**47*** रन की पारी खेली थी सूर्यकुमार यादव ने सितंबर में पाकिस्तान के खिलाफ, जो साल 2025 में भारतीय कप्तान द्वारा खेली गई सबसे बड़ी पारी है

# ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड पर कसा मजबूत शिकंजा

**ऑस्ट्रेलिया Vs इंग्लैंड**
**तीसरा टेस्ट, दूसरा दिन**

■ **एजेंसियां, एडिलेड:** पैट कमिंस (3/54), नाथन लियोन (2/51) और स्कॉट बोलैंड (2/31) की सधी हुई गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे एशेज टेस्ट के दूसरे दिन भी इंग्लैंड पर शिकंजा कसे रखा। इंग्लैंड ने पहली पारी में आठ विकेट पर 213 रन बनाए हैं और वह ऑस्ट्रेलिया से 158 रन पीछे है।

**मैक्ग्रा से आगे निकले लियोन:** लियोन ने उम्दा बोलिंग की और विकेट लेने के मामले में ग्लेन मैक्ग्रा को पीछे छोड़ दिया। अपने पहले ही ओवर में ओली पोप (3) और बेन डकेट (29) को आउट कर उन्होंने टेस्ट में 564 विकेट पूरे किए। इसके साथ वह ऑस्ट्रेलिया के दूसरे सबसे सफल टेस्ट बोलर बन गए। उनसे आगे अब सिर्फ शेन वॉर्न हैं। इंग्लैंड ने ठोस शुरुआत करते हुए बिना विकेट गंवाए 37 रन बना लिए थे। कमिंस ने जैक क्राउली (9) को आउट कर इंग्लैंड को पहला झटका दिया। इसके बाद 15 गेंदों में 3 विकेट गिरने से इंग्लिश पारी लड़खड़ा गई। जो रूट (19) और हैरी ब्रूक (45) भी टिक नहीं सके।

**स्टोक्स-आर्चर की साझेदारी:** इंग्लैंड के लिए कप्तान बेन स्टोक्स 151 गेंदों पर 45* रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं, जबकि जोफ्रा आर्चर 30* रन बनाकर उनके साथ हैं। इंग्लैंड के 8 विकेट 168 रन पर गिर गए थे। स्टोक्स-आर्चर ने नौवें विकेट के लिए 45* रन जोड़कर टीम को 200 के पार पहुंचाया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 326/8 से आगे खेलते हुए 371 रन बनाए। आर्चर ने 53 रन देकर पांच विकेट झटके। उन्होंने स्टार्क (54) और लियोन (9) को आउट कर ऑस्ट्रेलियन पारी समेटी।





ऑस्ट्रेलिया के दूसरे सबसे सफल टेस्ट बोलर बन गए नाथन लियोन

**6** छठे स्थान पर है नाथन लियोन टेस्ट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले बोलर्स की लिस्ट में

**ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक टेस्ट विकेट**

| प्लेयर | इनिंग्स | विकेट |
|---|---|---|
| शेन वॉर्न | 273 | 708 |
| नाथन लियोन | 261 | 564 |
| ग्लेन मैक्ग्रा | 243 | 563 |

**ब्रीफ स्कोर**
**ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी):** 371
**इंग्लैंड (पहली पारी):** 213/8
(हैरी ब्रूक 45, बेन स्टोक्स 45*, जोफ्रा आर्चर 30*, पैट कमिंस 3/54, स्कॉट बोलैंड 2 /31)

# झारखंड बना घरेलू टी20 का बादशाह



विजेता ट्रॉफी के साथ झारखंड के कप्तान ईशान किशन

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** ईशान किशन (101 रन, 49 बॉल, 6 फोर, 10 सिक्स) और कुमार कुशाग्र (81 रन, 38 बॉल, 8 फोर, 5 सिक्स) की पारियों की बदौलत झारखंड ने पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने गुरुवार को पुणे में खेले गए खिताबी मुकाबले में हरियाणा को 69 रन से हराया। पहले बैटिंग करते हुए झारखंड ने 20 ओवर्स में तीन विकेट पर 262 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। जवाब में हरियाणा 18.3 ओवर्स में 193 रन पर सिमट गई। ईशान प्लेयर ऑफ द मैच रहे, जबकि अनुकूल रॉय (303 रन, 18 विकेट) को प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट चुना गया।

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी**

**रेकॉर्ड साझेदारी:** पहले बैटिंग करते हुए झारखंड को हरियाणा ने विराट सिंह (2) के रूप में पहला झटका पारी की चौथी गेंद पर ही दे दिया। वहां से कप्तान ईशान और कुशाग्र ने 82 गेंद पर 215 स्ट्राइक रेट 177 रन जोड़ दिए। यह झारखंड के लिए टी20 में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रेकॉर्ड है। ईशान और कुशाग्र के आउट होने के बाद अनुकूल ने (40* रन, 20 बॉल) और रॉबिन मिन्ज (31* रन, 14 बॉल) ने टीम को 250 के पार पहुंचाया।

**फिर चर्चा में लौटे ईशान**

इस खिताबी जीत के साथ टीम इंडिया से बाहर चल रहे बाएं हाथ के बल्लेबाज ईशान किशन एक बार फिर चर्चा में आ गए। ईशान ने अपनी टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 10 मैच में 197.32 स्ट्राइक रेट से दो शतक और दो अर्धशतक सहित 517 रन बनाए। यह इस सीजन सर्वाधिक रन है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एक सीजन में किसी प्लेयर द्वारा बनाए गए ये तीसरे सर्वाधिक रन हैं। इस टूर्नामेंट के एक सीजन में 500+ रन बनाने वाले बैटर्स के बीच उनका स्ट्राइक रेट बेस्ट है। उन्होंने 33 छक्के भी जमाए, जो इस सीजन सर्वाधिक और ओवरऑल चौथे सर्वाधिक है। किसी भी कप्तान ने इस टूर्नामेंट में ईशान से ज्यादा रन नहीं बनाए। कप्तान के रूप में उनके द्वारा लगाए गए सिक्स सिर्फ रियान पराग (40 सिक्स, 2023 सीजन में) से कम हैं।

# सिलेक्शन के लिए ज़रूरी नैशनल कैंप में हिस्सा लेना

**WFI सिलेक्शन पॉलिसी**

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** भारतीय कुश्ती महासंघ (WFI) ने नई चयन नीति लागू की है जिसके तहत नैशनल सिलेक्शन के लिए नैशनल कैंप में भागीदारी अनिवार्य है, हालांकि व्यक्तिगत अभ्यास कर रहे पहलवानों को इससे छूट रहेगी। इसके साथ ही ओलिंपिक्स में कोटा जीतने वाले पहलवानों को एक दौर के अंतिम चयन ट्रायल में भाग लेना होगा। नीति में स्पष्ट है कि कैंप में भाग नहीं लेने पर पहलवान चयन ट्रायल में भाग नहीं ले सकेंगे। नीति में यह भी स्पष्ट किया गया है कि चयन ट्रायल में पिछला प्रदर्शन ध्यान नहीं रखा जाएगा।



नैशनल टीम के लिए विनेश को घरेलू स्तर पर करना होगा अच्छा प्रदर्शन

# लैथम और कॉन्वे की रेकॉर्ड साझेदारी से न्यूजीलैंड हावी

**न्यूजीलैंड Vs वेस्टइंडीज**
**तीसरा टेस्ट, पहला दिन**

■ **एजेंसियां, माउंट माउंगानुई:** कप्तान टॉम लैथम (137 रन, 246 बॉल, 15 फोर, 1 सिक्स) और डेवोन कॉन्वे (178 रन, 279 बॉल, 25 फोर) के बीच पहले विकेट के लिए बनी रेकॉर्ड साझेदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट के पहले दिन मजबूत पकड़ बना ली। गुरुवार को स्टंप्स तक कीवी टीम ने एक विकेट पर 334 रन बना लिए।

**300 रन की साझेदारी:** लैथम और कॉन्वे ने पहले विकेट के लिए 323 रन जोड़े, जो न्यूजीलैंड की ओर से पहले विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। यह 2025 में किसी भी टीम द्वारा किसी भी विकेट के लिए बनी सबसे बड़ी साझेदारी भी है। न्यूजीलैंड में खेले गए कुल 483 टेस्ट मैच के इतिहास में यह सिर्फ छठी बार था जब किसी टीम के दोनों ओपनर्स ने एक ही पारी में सेंचुरी बनाई है।



लैथम (बाएं) और कॉन्वे ने 323 रन जोड़े

# सात्विक-चिराग ने जीता लगातार दूसरा मुकाबला

**BWF वर्ल्ड टूर फाइनल्स**

■ **एजेंसियां, हांगझोउ:** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रुप-बी के अपने दूसरे मुकाबले में इंडोनेशिया की जोड़ी फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी को हराकर BWF वर्ल्ड टूर फाइनल्स में नॉकआउट चरण के और करीब पहुंच गए। पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 भारतीय जोड़ी ने अपनी मजबूत डिफेंस का बेहतरीन प्रदर्शन किया और मुकाबले पर नियंत्रण बनाए रखते हुए वर्ल्ड नंबर-8 अल्फियान-फिकरी के खिलाफ मेंस डबल्स मैच में 21-11, 16-21, 21-11 से जीत दर्ज की। यह मैच एक घंटे तक चला।



अपने ग्रुप में टॉप पर चल रही है भारतीय जोड़ी

## फटाफट खबरें

**सम्राट टॉप-5 में**
■ **नई दिल्ली:** काहिरा में ISSF वर्ल्ड चैंपियनशिप का गोल्ड जीतने वाले भारतीय पिस्टल शूटर सम्राट राणा के प्रदर्शन को ISSF ने सीजन के शीर्ष पांच प्रदर्शनों में शामिल किया है। 20 वर्षीय राणा ने मेंस 10 मीटर एयर पिस्टल में इतिहास रचते हुए सीनियर व्यक्तिगत विश्व खिताब जीता। ईशा सिंह के साथ उन्होंने मिक्स्ड टीम में सिल्वर भी जीता।

**चेतन ने जीता गोल्ड**
■ **नई दिल्ली:** हरियाणा की चेतन मलिक ने नैशनल शूटिंग में विमिंस 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 240 के स्कोर के साथ ओलिंपिक मेडल विजेता मनु भाकर को पीछे छोड़ा। भाकर सातवें स्थान पर रहीं। दिल्ली की मीनू पाठक को सिल्वर और सुरभि राव को ब्रॉन्ज मिला। जूनियर वर्ग में वंशिका चौधरी और युवा वर्ग में लक्षिता बिश्नोई ने गोल्ड जीते।

**इंडिया-ए ने जीता मैच**
■ **मुंबई:** इंडिया-ए ने शारीरिक दिव्यांगता टी20 सीरीज के अंतिम मैच में भारत सीनियर्स को 28 रन से हराया। इंडिया-ए ने आठ विकेट पर 164 रन बनाए, जवाब में सीनियर्स टीम 136 रन पर सिमट गई। नौसेला आदिल ने तीन विकेट लिए। वसीम इकबाल को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

# टीम ने मुझे यह मौका देकर खास महसूस कराया:नवनीत

**हॉकी इंडिया लीग**

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** भारत की सीनियर विमिंस टीम के लिए 200 से अधिक इंटरनैशनल मैच खेलने वाली 11 खिलाड़ियों में से एक नवनीत कौर 28 दिसंबर से एक बड़े चैलेंज का सामना करने जा रही हैं। वह हॉकी इंडिया लीग में दिल्ली एसजी पाइपर्स की कप्तान होंगी और उनके सामने टीम को बॉटम से टॉप पर पहुंचाने की कठिन चुनौती होगी। दिल्ली की टीम पिछले साल हॉकी इंडिया विमिंस लीग में आखिरी पायदान पर रही थी। नवनीत इस चैलेंज को किस तरह से देखती हैं? भारतीय टीम की फॉरवर्ड लाइन की इस खिलाड़ी ने कहा, 'मौजूदा सीजन के लिए चुनी गई हमारी टीम पिछली बार से काफी अलग है। कई नई लड़कियां आ रही हैं और उनके हालिया प्रदर्शन को देखते हुए मैं कह सकती हूं कि हमारा कॉम्बिनेशन बेहतर बनेगा। पिछली गलतियों से सीखकर टीम इस बार काफी अच्छा करेगी।'


इस बार बनी टीम चुनने में क्या खास ध्यान रखा गया? नवनीत ने बताया, 'सबसे पहले तो मैं टीम मैनेजमेंट का धन्यवाद अदा करना चाहूंगी कि मुझे ऑक्शन की प्रक्रिया में शामिल किया गया। यह मौका देकर टीम ने मुझे विशेष महसूस करवाया। मैं इकलौती कप्तान थी जो ऑक्शन में बैठी थी। मेरे सुझावों को माना गया। इस बार आठ अलग-अलग देशों से प्लेयर और सपोर्ट स्टाफ हमारी टीम में शामिल हैं। ऐसा किसी अन्य टीम के साथ नहीं है। इस तरह कई देशों का अनुभव हमारे साथ जुड़ेगा और मुझे लगता है कि इसका हमें जरूर फायदा होगा। भारतीय खिलाड़ियों में दीपिका, उदिता, प्रीति भी हमारे साथ हैं। शानदार प्रदर्शन कर रही कुछ जूनियर लड़कियां भी टीम में हैं। कुल मिलाकर हमारी टीम काफी संतुलित है और हम अच्छे रिजल्ट की उम्मीद कर सकते हैं।'



एसजी पाइपर्स की कप्तान नवनीत कौर

# भारतीय टीम से खेला पाकिस्तानी प्लेयर

■ **पीटीआई, कराची:** पाकिस्तानी अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी उबैदुल्लाह राजपूत पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की तलवार लटक गई है। आरोप है कि उन्होंने 16 दिसंबर को बहरीन में आयोजित एक निजी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। जीसीसी कप में भारतीय जर्सी पहनकर और भारतीय झंडा लहराते हुए उनकी तस्वीरें और वीडियो सामने आने के बाद मामला तूल पकड़ गया है। पाकिस्तान कबड्डी फेडरेशन (PKF) के सचिव राणा सरवर ने बताया कि इस मामले पर 27 दिसंबर को आपात बैठक बुलाई गई है, जिसमें राजपूत समेत कुछ अन्य खिलाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई पर फैसला लिया जाएगा। सरवर के अनुसार, टूर्नामेंट निजी था, लेकिन आयोजकों ने भारत, पाकिस्तान और अन्य देशों के नाम पर टीमें बनाई थीं। भारतीय टीम के नाम से बनी टीम में राजपूत का खेलना स्वीकार्य नहीं है।



उबैदुल्लाह

# वर्ल्ड चैंपियन को मिलेगी 451 करोड़ की इनामी राशि

■ **एजेंसियां, मैनचेस्टर:** फीफा ने 2026 फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए रेकॉर्ड पुरस्कार राशि का ऐलान किया है। फीफा ने बताया है कि चैंपियन टीम को 50 मिलियन डॉलर (करीब 451 करोड़ रुपये) मिलेंगे। कुल पुरस्कार राशि 655 मिलियन डॉलर (5912 करोड़ रुपये) तय की गई है, जो 2022 वर्ल्ड कप की 440 मिलियन डॉलर की राशि से लगभग 49 प्रतिशत अधिक है।

**क्लब वर्ल्ड कप में अधिक पैसे:** अर्जेंटीना को 2022 वर्ल्ड कप खिताब जीतने पर 42 मिलियन डॉलर और 2018 में फ्रांस को 38 मिलियन डॉलर मिले थे। हालांकि, 2026 में मिलने वाली रेकॉर्ड राशि हाल ही में खेले गए क्लब वर्ल्ड कप की तुलना में काफी कम है। क्लब वर्ल्ड कप की कुल पुरस्कार राशि एक अरब डॉलर थी और विजेता चेल्सी को 125 मिलियन डॉलर मिले थे। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की मेजबानी में 11 जून से 19 जुलाई के बीच होगा वर्ल्ड कप।

**फीफा वर्ल्ड कप 2026**



कतर 2022 वर्ल्ड कप अर्जेंटीना ने फ्रांस को हराकर जीता था

**बीते छह टूर्नामेंट्स की इनामी राशि**

| साल | चैंपियन | राशि* |
|---|---|---|
| 2006 | इटली | 20 |
| 2010 | स्पेन | 30 |
| 2014 | जर्मनी | 35 |
| 2018 | फ्रांस | 38 |
| 2022 | अर्जेंटीना | 42 |
| 2026 | ------- | 50 |

*मिलियन डॉलर में

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज के दिन आर्थिक मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत है। किसी भी व्यक्ति से सोच समझकर ही उधार लें। पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं अच्छे मित्र भी बनेंगे। फिजूल के खर्चों से बचें। आज पत्नी पक्ष से उत्तम सहयोग प्राप्त हो सकता है। रात्रि का समय परिजनों के साथ आमोद-प्रमोद में बीतेगा।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज का दिन बहुत व्यस्तता का होगा, दिनभर भागदौड़ रहेगी। आज के दिन स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतें, अन्यथा आगे चलकर सेहत संबंधी कष्ट हो सकते हैं। आपकी निर्णय लेने की क्षमताओं का आपको लाभ मिल सकता है। सायंकाल में किसी मांगलिक समारोह में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
यदि आप किसी शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो आज कष्ट की वृद्धि हो सकती है। आज सामाजिक कार्यों में रुकावटें उत्पन्न होंगी। आज के दिन आपकी धर्म, अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ेगी। संतान पक्ष से हर्षोत्पादक समाचार मिलेगा। सायंकाल से लेकर रात्रि तक कला एवं संगीत के लिए समय निकालेंगे।

**CANCER** 22 Jun - 22 Jul
भाग्य की दृष्टि से आज का दिन उत्तम रहेगा। आपके परिश्रम का फल मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा। आज ननिहाल पक्ष से प्रेम एवं विशेष सहयोग मिलने की संभावना है। आप सांसारिक सुख-भोग की वस्तुओं के लिए खर्च करेंगे। आपकी तरक्की देख विरोधियों का मनोबल गिरेगा। माता-पिता का आज विशेष ध्यान रखें।

**LEO** 23 Jul - 22 Aug
आज का दिन मिश्रित फलकारक है। मानसिक अशांति, खिन्नता एवं उद्विग्नता के कारण आप भटक सकते हैं। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से दिन के उत्तरार्ध में राहत मिलेगी। ससुराल पक्ष से आज नाराजगी के संकेत मिलेंगे। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज आपमें निर्भीकता का भाव रहेगा तथा साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। आपको अपने माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी सदस्य को शारीरिक कष्ट से मन परेशान रहेगा। आप मन से लोगों का भला सोचेंगे, किंतु लोग इसको आपकी मजबूरी या स्वार्थ ही समझेंगे।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज का दिन आपके लिए शुभ फलकारक है। आपके अधिकार व संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों के भले की सोचेंगे एवं दिल से सेवा भी करेंगे। ध्यान रखें कि ये लोग भी आपसे मदद मांगने आएंगे, जो आपका फायदा उठाना चाहते हैं। आज आप अपने गुरु के प्रति पूर्ण भक्ति भाव व निष्ठा रखें। आज नए कार्यों में इन्वेस्ट करना पड़े तो शुभ रहेगा।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज आपका मन अशांत एवं परेशान रहेगा। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। सायंकाल तक आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल होंगे। यदि कोई वाद-विवाद राज्य में लंबित है तो उसमें सफलता मिलने की पूर्ण संभावना है।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज आपकी विद्या, बुद्धि, ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके अंदर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी। आप धार्मिक अनुष्ठानों में रुचि लेकर पूर्ण सहयोग करेंगे। भाग्य की ओर से भी आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा। सायंकाल से लेकर रात्रिपर्यंत स्वास्थ्य संबंधी समस्या संभव है।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के साथ-साथ ऐसे अनावश्यक खर्चों भी सामने आएंगे जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान-सम्मान मिलेगा। अपने व्यवसाय में भी आपका मन लगेगा। किसी नए कार्य में इन्वेस्ट करना पड़े तो अवश्य करें, भविष्य में लाभ होगा।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज का दिन नई-नई खोज करने में व्यतीत होगा। आप सीमित एवं आवश्यकतानुसार ही व्यय करें। आपको अपने लोगों से तिरस्कृत होने की संभावना है। सांसारिक सुख-भोग की वस्तुओं को घर में लाएंगे। सायंकाल से लेकर रात्रि तक समीप की यात्रा भी हो सकती है, जो लाभकारी रहेगी।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज आप दिन की शुरुआत में उत्साह से भरे रहेंगे और नए-नए विचार भी आपके दिमाग में आएंगे। आज के दिन बहुत समय से लटका हुआ पुत्र या पुत्री से संबंधित किसी विवाद का हल निकल आएगा। अपने व्यक्तित्व के कारण अन्य व्यक्ति आपसे संबंध बनाने की चेष्टा करेंगे। समाज के बीच सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ा रहेगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

मंगल चंद्रमा और राहु वर्ग के स्वामी हैं। दिसंबर के अंत के 10 दिनों में अच्छी नौकरी के योग हैं। यदि आप किसी पुराने विवाद, मुकदमे अथवा उलझन में व्यस्त हैं तो जनवरी 2026 में इन सबसे छुटकारा मिल जाएगा। कुंडली जातक जिनके जन्म कालीन ग्रह पीड़ित हैं और वर्तमान में शनि राहु, केतु की दशाओं से ग्रस्त हैं, उनके लिए अक्टूबर से फरवरी-मार्च तक विशेष परिश्रम के उपरांत संतोषजनक आर्थिक सफलता मिल जाएगी। इस दौरान आपकी आय के नए स्रोत बनेंगे और जीवन स्तर भी ऊंचा उठेगा। हालांकि व्यापारियों को प्रतिस्पर्धा और आर्थिक तेजी-मंदी का प्रकोप अप्रैल से लेकर मई के अंत तक आपको झेलना पड़ सकता है। कुछ लोगों को जून महीने की शुरुआत से लेकर अगस्त महीने के अंत तक अपने वाहन, मशीनरी आदि का लाभ होगा। सितंबर माह की शुरुआत से लेकर अक्टूबर माह के अंत तक में पुनः व्यापार में शैथिल्य रहेगा। हालांकि सभी परेशानियां अस्थायी हैं। नवंबर महीने से दिसंबर महीने तक और जनवरी 2026 में व्यापार तेज होकर लाभ मिलेगा। महिलाओं की महत्वाकांक्षा पूर्ण होगी। विद्यार्थियों को सामान्य परिश्रम से ही अच्छी सफलता प्राप्त होगी। अच्छे परिणाम के लिए बुधवार को गाय को पालक खिलाते रहें।
-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग
(शनिवार, 20 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति मार्गशीर्ष 29, शक संवत 1947, पौष, कृष्ण, अमावस्या (वृद्धि), शनिवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 6, जमादि उलआखिर 28, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 20 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य दक्षिणायन, दक्षिण गोल, हेमंत ऋतु। राहुकाल प्रातः 9 बजे से 10 बजकर 30 मिनट तक। अमावस्या तिथि प्रातः 7 बजकर 13 मिनट तक उपरांत प्रतिपदा तिथि का आरंभ। मूल नक्षत्र अपराह्न 1 बजकर 22 मिनट तक उपरांत पूर्वाषाढ़ नक्षत्र का आरंभ। गण्ड योग अपराह्न 4 बजकर 17 मिनट तक उपरांत वृद्धि योग का आरंभ। नाग करण प्रातः 7 बजकर 13 मिनट तक उपरांत बव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात धनु राशि पर संचार करेगा।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 5 | | | | 8 | | 9 |
| 1 | | | | 8 | | | | 7 |
| | | 6 | 2 | | 7 | 3 | | |
| | | 7 | 8 | | 1 | 4 | | |
| 6 | | | | | | | | 2 |
| | | 3 | 9 | | 2 | 1 | | |
| | | 1 | 7 | | 4 | 6 | | |
| 7 | | | | 1 | | | | 4 |
| 5 | | 2 | | | | 7 | | 3 |

### TELEVISION





| | |
|---|---|
| 09:00 बबलू डबलू | 14:30 हम पांच |
| 10:00 बद्दतुम्बुकक | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 राष्ट्र के रक्षक | 16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी |
| 11:30 अलादीन | 19:30 राष्ट्र के रक्षक |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्ण | 21:00 वीरा |
| 13:30 भ से भाई | |

नवभारत टाइम्स • विचार
नवभारत टाइम्स | नई दिल्ली | शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025

कट्टरता हमेशा दबे हुए संदेह का संकेत होती है।
*बर्ट्रेंड रसेल, ब्रिटिश दार्शनिक*

# ढाका में कट्टरपंथी

बांग्लादेश में पिछले कुछ दिनों में जो भी हुआ, उससे साफ है कि अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के हाथ से चीजें निकली जा रही हैं। जिन कट्टरपंथियों को उन्होंने शुरू में बढ़ावा दिया था, अब वे ही उनके काबू में नहीं हैं। उनकी भारत विरोधी नीतियों ने दोनों देशों के रिश्तों को सबसे खराब दौर में पहुंचा दिया है।

**सुरक्षा पर चिंता ।** शेख हसीना के खिलाफ पिछले साल जुलाई में आंदोलन शुरू हुआ था। अगस्त में उन्हें सत्ता से हटाया गया और तब से ढाका का रुख भारत के खिलाफ बना हुआ है। मौजूदा घटनाक्रम इसी की कड़ी है, जहां पहले भारतीय राजदूत को तलब किया गया और फिर दूतावास तक आक्रामक मार्च निकाला गया। इन घटनाओं ने बांग्लादेश में मौजूद भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।


यूनुस का भारत विरोधी रुख

**पूर्वोत्तर पर बयानबाजी ।** अंतरिम सरकार समस्या को संबोधित भी नहीं करना चाहती। होना तो यह चाहिए था कि भारत ने जब बांग्लादेश के उच्चायुक्त को बुलाकर अपनी चिंताएं जाहिर कीं, तो ढाका से कोई आश्वासन भरा सकारात्मक संदेश आता। लेकिन, इसके उलट भारत विरोधी बयानबाजी और तेज हो गई। जिस तरह से पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर बयान दिए जा रहे हैं, उसे कोई संप्रभु देश बर्दाश्त नहीं कर सकता।

**अल्पसंख्यकों पर हमले ।** यूनुस सरकार का अपनी नाकामियों का ठीकरा भारत पर फोड़ना हकीकत की अनदेखी है और इससे स्थिति और बिगड़ेगी। सच यही है कि हसीना विरोधी आंदोलन आगे चलकर कट्टरपंथी तत्वों के नियंत्रण में आ गया। इसका सबूत अगस्त 2024 के बाद से अल्पसंख्यकों के खिलाफ हुई हजारों हिंसक घटनाएं हैं। अगले साल फरवरी में चुनाव की घोषणा होने के बाद से अपराध और बढ़ा है। बांग्लादेश की अस्थिरता भारत पर सीधा असर डालती है और इस नाते उसकी चिंता स्वाभाविक है। बल्कि यूरोपीय यूनियन और अमेरिका भी बांग्लादेश में मानवाधिकार उल्लंघनों का मामला उठा चुके हैं।

**बढ़ती चुनौती ।** अंतरिम सरकार पर निष्पक्ष चुनाव कराने का जबरदस्त दबाव है। पिछले महीने शेख हसीना को बिना सुनवाई का मौका दिए सजा सुनाई गई, उसकी भी आलोचना हो रही है। यूनुस सरकार के जुलाई चार्टर को लेकर भी मतभेद हैं। इस चार्टर के जरिये 2024 के आंदोलन को संवैधानिक मान्यता देनी है और संविधान में कई बदलाव किए जाने हैं। भारत ने बांग्लादेश में स्वतंत्र, समावेशी और विश्वसनीय चुनाव की जरूरत बताई है, जिसमें सबका हित है।

## तिराहा

# मास्टरस्ट्रोक


प्रेम शंकर मिश्र

कालिदास के 'कुमारसंभव' के पन्ने पलटते भक्ति व श्रृंगार के रसास्वादन में सुधर्मा डूबी थी। बाहर से अचानक आई आवाज ने बाधा डाल दी। दरवाजे की झिर्री से झांका तो सुखनंदन का चेहरा लाल, गले की नसें तनीं। कैमरे के सामने वह जोर-जोर से 'मास्टरस्ट्रोक-मास्टरस्ट्रोक' चिल्ला रहे थे।

सुधर्मा किताब थामे दरवाजे तक पहुंची ही थी कि सुखनंदन फोन पर बात करते बाहर आ गए, 'बढ़िया रहा न। सारे फैक्टर गिना दिए।' सुधर्मा से नजर मिली तो बोले, 'अरे रामसुख जी थे, उनकी पार्टी का नया मुखिया बना है, उसी पर मंथन था।' 'लेकिन, सुबह तक तो आपने उनका नाम नहीं सुना था, पर बता ऐसे रहे थे जैसे सहोदर हों', सुधर्मा ने मुंह बनाया।

सुखनंदन ने 'कुमारसंभव' की ओर इशारा करते हुए कहा, 'इसके लेखक की प्राथमिक कथा सुनी है? जब विदुषी विद्योत्तमा से कालिदास का मूक शास्त्रार्थ प्रारंभ हुआ तो उस समय भी हमारे जैसे विश्लेषक थे। विद्योत्तमा ने एक अंगुली दिखा कहा ईश्वर एक है। कालिदास ने समझा वह एक आंख फोड़ने की धमकी दे रही है, तो उन्होंने दो उंगली दिखा दी। लेकिन, विश्लेषकों ने विद्योत्तमा को 'आत्मा व परमात्मा' की व्याख्या से निरुत्तर कर दिया। आज भी गति वही है। अंगुली का इशारा हुआ नहीं कि उसके इतने पक्ष गिना देना है जितना इशारा करने वाला भी नहीं जानता।'




'ये मास्टरस्ट्रोक क्या है?' सुधर्मा ने सवाल किया। 'मास्टर की इच्छा। मसलन, आजकल रुपया मुद्दा है। जब मजबूत था तो वह इसलिए मास्टरस्ट्रोक था क्योंकि, इससे अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही थी। अब रुपया गिर रहा है तो भी यह मास्टरस्ट्रोक है क्योंकि इससे निर्यात सस्ता हो जाएगा। भले ही समर्थकों को 'स्ट्रोक' हो जाए लेकिन मास्टर के कद, पद पर कोई शिकन न आए वही 'मास्टरस्ट्रोक' है।' 'लेकिन, इस कहानी में मास्टर कौन है?' सुधर्मा का मुंह फिर खुला। सुखनंदन शायर हो गए 'कई जवाबों से अच्छी है खामोशी मेरी, न जाने कितने सवालों की आबरू रख ली..।'

## एकदा

संकलन : दीनदयाल मुरारका

# पिता का इनाम

साल 1905 था, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के पिता देवेंद्रनाथ टैगोर जीवन के अंतिम पड़ाव पर थे। एक संध्या उन्होंने अपने प्रिय पुत्र रवींद्रनाथ को पास बुलाया और स्नेहपूर्वक कहा, 'कोई भक्ति गीत सुनाओ।' रवींद्रनाथ बैठ गए और एक के बाद एक गीत और कविताएं गाने लगे। उन गीतों में आत्मा का मौन, ईश्वर की शांति और समर्पण की गूंज थी। उन्हीं में एक भाव था- 'हे अनंत, हे शांत, मैं तेरी गोद में लौट चला हूं। जहां न भय है, न क्षय, केवल प्रकाश है।' गीतों का यह सिलसिला चलता रहा। अचानक रवींद्रनाथ की दृष्टि अपने पिता पर गई। उन्होंने देखा कि उनकी आंखों से अविरल आंसू बह रहे हैं। यह दृश्य देख उनकी अपनी आंखें भी भर आईं। पिता और पुत्र, दोनों की आंखों से अश्रुधारा बह रही थी। कुछ क्षण बाद देवेंद्रनाथ ने स्नेह से कहा, 'बेटा, पुराने जमाने के राजा होते तो तुम्हारे गीत सुनकर मुट्ठी भर-भरकर सोने के सिक्के लुटा देते।' उन्होंने रवींद्रनाथ की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और कहा, 'मुझे तुम पर गर्व है।' इतना कहकर उन्होंने 100 रुपये का इनाम दिया। वह क्षण ऐसा था, जब एक जीवन पूर्ण होकर मौन में विलीन हो रहा था और दूसरा जीवन उसी मौन से अमरगीत रच रहा था।

Subrata Dhar


## स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन से जुड़ी जो सूचनाएं आई हैं, वो आश्वस्त नहीं करतीं

# कितने करोड़ वोटर काटेगा SIR


चंद्रभूषण

**स्पेशल इंटेंसिव** रिवीजन पिछली बार, 2003 में हुई थी, क्या आपको उसकी याद है? शायद ही किसी को इसकी याद हो। इसका कारण यह है कि SIR पर अभी जैसी अफरातफरी या ध्रुवीकरण पहले कभी नहीं जुड़ा। इस बार वाली SIR का पहला चरण बिहार में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले संपन्न हुआ और जनहित से जुड़े सारे मुद्दों को पीछे छोड़ वहां चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा यही बना।



**सूचनाएं डराने वाली ।** सुप्रीम कोर्ट और आयोग पर बने दबाव की वजह से बिहार में मतदाता सूचियों से कटने वाले नामों की तादाद समाज में इससे जुड़े भय की तुलना में काफी कम रही। लेकिन अभी, SIR के दूसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में खारिज वोटरों का प्रतिशत काफी ज्यादा है। कुछ राज्यों से आधिकारिक आंकड़े आने बाकी हैं, लेकिन वहां भी जिलों से आ रही सूचनाएं डराने वाली हैं। कई करोड़ लोग मतदान का अधिकार खो सकते हैं।

**नाम हटाने के आधार ।** चुनाव आयोग ने चार आधारों पर लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाने का फैसला किया है। ये हैं- 1. अनुपस्थित (यानी मतदाता के पते पर गए कर्मचारियों को वह नहीं मिला और उसके बारे में कोई सूचना भी नहीं मिली), 2. स्थानांतरित (यानी मतदाता के कहीं और रहने की सूचना प्राप्त हुई), 3. मृत, और 4. डुप्लीकेट (यानी एक ही व्यक्ति का नाम एकाधिक जगह दर्ज पाया गया)। ऐसे सारे नाम हटाने के बाद नई सूची को जिले की चुनाव साइट पर सार्वजनिक किया जा रहा है। किसी को आपत्ति हो तो वह जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत करके कटा नाम जुड़वा ले।

**अनमैप्ड वोटरों का किस्सा ।** SIR का सबसे विवादित मामला- 'अनमैप्ड' वोटरों का किस्सा यहां से आगे शुरू हो रहा है। यानी अभी आप अपने ठिकाने पर जीती-जागती हालत में मौजूद हैं, मतदाता सूची में नाम भी पड़ गया है, लेकिन आपका या आपके किसी निकट संबंधी का अता-पता 2003 के SIR में नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में आपको साबित करना होगा कि आप भारत के ही नागरिक हैं, लेकिन मूलतः कहीं और के रहने वाले हैं और वहां की मतदाता सूची से अपना नाम कटाने के बाद यहां की सूची का हिस्सा बने हैं।

**बड़ी मुश्किल है...**
- उत्तर प्रदेश में अनमैप्ड वोटरों का हिस्सा 27.1%
- गुजरात में 16% अनमैप्ड वोटर होने की चर्चा
- पश्चिम बंगाल में अनमैप्ड वोटर सिर्फ 4% मिले

**घुसपैठियों का मुद्दा ।** एक खास राजनीतिक पक्ष 'अनमैप्ड' वाली श्रेणी को 'मास्टरस्ट्रोक' बताता रहा है- यूं कि यह सारे विदेशी घुसपैठियों को छानकर एक तरफ कर देगा। लेकिन अभी तक ऐसा कुछ हो नहीं पाया है। बिहार में बड़ी तादाद में घुसपैठियों के वोटर बनने की आशंका राजनीतिक मंचों से जताई गई थी, लेकिन वहां SIR हुए महीनों गुजर गए, पकड़ में आए घुसपैठियों की संख्या चुनाव आयोग की ओर से अभी तक नहीं उजागर की जा सकी है।

**शहर नहीं गांव ।** दरअसल, आयोग के इस उपाय से कहीं ज्यादा बड़ी समस्या दूसरे राज्यों में नौकरी करने गए लोगों को, साथ में उस मध्यवर्गीय तबके को भी हो रही है, जो एक अर्से से शहरों में रह रहा है, लेकिन उसका नाम गांव की चुनाव सूची में भी बना हुआ है। SIR में लगे लोगों का कहना कि दोनों में से एक ही चुनना हो तो पैतृक संपत्ति से अपना संबंध बनाए रखने के ख्याल से ऐसे मतदाता शहर के बजाय गांव में अपना वोट रखना बेहतर मानते हैं।

**योगी ने आगाह किया ।** शहरी वोटों पर सबसे बड़ा दावा BJP का ही रहता आया है, सो वहां अपने संभावित वोटों पर मंडरा रहे खतरे को देखते हुए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी पार्टी मशीनरी से अतिरिक्त सजगता बरतने का आग्रह किया है।

**यूपी-गुजरात का हाल ।** SIR का मुद्दा अभी सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में गरम है। इन विपक्ष शासित राज्यों में धार्मिक अल्पसंख्यकों के मतदाता सूची से बाहर होने का खौफ तब से छाया हुआ है, जब SIR की कहीं कोई चर्चा भी नहीं थी। कमाल की बात है कि 'अनमैप्ड' वोटर अभी सबसे कम, सिर्फ 4% पश्चिम बंगाल में नजर आ रहे हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में ऐसे वोटरों का हिस्सा 27.1% और गुजरात में 16% होने की चर्चा है।

**नाम कटने का डर ।** आगे, दस्तावेज दिखाने के बाद यह प्रतिशत निश्चित रूप से गिरेगा। लेकिन काम के लिए दूसरे राज्यों में जाने वाले लोग सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में हैं और दूसरे राज्यों से काम के लिए आए लोगों का काफी बड़ा हिस्सा गुजरात पहुंचता है, लिहाजा खतरा यही है कि इन दोनों राज्यों की मतदाता सूचियों से कुछ करोड़ नाम अंततः कट ही जाएंगे।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

# दुशाला देकर कैसे टरकाए गए मीर देहलवी


कृष्ण प्रताप सिंह


1739 में नादिरशाह का कहर टूटा तो दिल्ली के आम शहरियों पर ही नहीं, कारीगरों, कलाकारों, अदीबों, शायरों और व्यापारियों पर भी बहुत बुरी बीती। उन दिनों नवाबों द्वारा शासित सूबा-ए-अवध कला, संस्कृति, समृद्धि व स्थिरता का नया केंद्र बनकर उभर रहा था और नादिर जैसी कत्ल-ओ-गारत के अंदेशों से मुक्त था।

यह और बात थी कि नादिरशाह ने दिल्ली से पहले करनाल के मोर्चे पर इस सूबे के नवाब सआदत अली खां से हुए मुकाबले में उनको कैद करके इतना अपमानित किया कि उन्होंने आत्महत्या कर ली थी। बाद में उनका उत्तराधिकार पाने के लिए सफदरजंग को भी नादिर को बड़ी रकम देनी पड़ी थी। इस सबके बावजूद अवध इसलिए 'सुरक्षित' माना जाता था कि उसकी सत्ता का केंद्र फैजाबाद, दिल्ली से 'बहुत दूर' था।

शायद इसीलिए उर्दू के जाने-माने मसनवीनिगार मीर हसन देहलवी असुरक्षित दिल्ली को अलविदा कहकर फैजाबाद के लिए निकले और लखनऊ पहुंचे तो उसकी खिल्ली उड़ाने पर उतर आए। उन्होंने यहां तक लिख डाला कि : जब आया मैं दयार-ए-लखनऊ में, न देखी कुछ बहार लखनऊ में / हर एक कूचा यहां तक तंग तर है, हवा का भी वहां मुश्किल गुजर है/ सिवाए तोदा-ए-खाक और पानी, यहां देखी हर इक शय की गिरानी/ ज-बस कूफा से ये शहर हम अदद है, अगर शिया कहें नेक इसको बद है।

प्रसंगवश, कूफा एक इराकी शहर का नाम है, जिसके निवासियों को बहुत बेरहम माना जाता था। स्वाभाविक ही, लखनऊ को उसके जैसा बताने से लखनवी बहुत आहत हुए। लेकिन मीर हसन को इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। वे फैजाबाद पहुंचे और वहां ठीक-ठाक मुलाजमत पा ली तो उस पर निसार होकर उसे बाग-ए-इरम (जन्नत का बाग) तक कह डाला। लेकिन 1775 में नवाब आसफुद्दौला ने अपनी बारी पर अचानक सूबे की राजधानी लखनऊ स्थानांतरित कर उसे अपने ख्वाबों का शहर बनाना शुरू किया और फैजाबाद की सारी रौनक खत्म कर दी तो बेचारे मीर हसन से अपने बाग-ए-इरम का उजड़ना देखा नहीं गया। वे भी उसे छोड़कर लखनऊ चले गए।

## अवधनामा



वहां उन्होंने पाया कि उनके द्वारा की गई लखनऊ की बेकद्री को लेकर नवाब आसफुद्दौला बहुत खफा हैं। मजबूरी में उन्होंने उनके दरबार में हाजिर होकर हजरत अली व आल-ए-रसूल का हवाला देकर माफी तो मांगी ही, उनके कसीदे पढ़े और उनकी तारीफ में एक मसनवी भी लिखी।

लेकिन बात बनी नहीं और आसफुद्दौला ने उनकी बेइज्जती करते हुए एक पुराना दुशाला भेंटकर चले जाने को कह दिया। उन्होंने आगे की जिंदगी इसका अफसोस करते हुए गुजारी और जल्दी ही अल्लाह को प्यारे हो गए।


THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

# जो होगा-सो होगा, इस सोच को मानेंगे तो नहीं लगेगा डर

संध्या वासुदेव

**भय जीव**-जगत की एक मूल और स्वाभाविक प्रवृत्ति है। प्रत्येक जीव अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए भय का अनुभव करता है। पशुओं में यह भय शिकारी या बाहरी खतरे से जुड़ा होता है, जबकि मनुष्य का भय अधिक जटिल और मानसिक है। मनुष्य को अक्सर उस बात से डर लगता है जिसे वह जानता नहीं, जैसे अज्ञात भविष्य, अनदेखे संकट और अनसमझे अनुभव। जहां अज्ञान होता है, वहीं भय जन्म लेता है। यही भय कभी-कभी अंधविश्वास, अफवाहों और अनुमान पर आधारित सूचनाओं को सच मानने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देता है, जैसा कि आज के समय में वायरल विडियो और भ्रामक जानकारियों के रूप में दिखाई देता है।

यह सच है कि कुछ स्थितियों में अज्ञान सुखद प्रतीत हो सकता है, विशेषकर जब किसी ज्ञान का हमारे जीवन में प्रत्यक्ष उपयोग न हो। परंतु जिन विषयों से हम भयभीत होते हैं या जो हमें भीतर से उद्वेलित करते हैं, उनके बारे में सही और तथ्यपूर्ण जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है। प्रसिद्ध वैज्ञानिक मैरी क्यूरी ने कहा था, 'जीवन में किसी भी वस्तु से डरने की आवश्यकता नहीं है, केवल उसे समझने की आवश्यकता है। अब समय है कि हम अधिक समझें, ताकि हम कम डरें।' लगभग एक शताब्दी पूर्व कही गई यह बात आज के डिजिटल युग में और भी प्रासंगिक हो गई है। फिर भी भय कई रूपों में प्रवेश कर जाता है- भविष्य की चिंता, बढ़ती आयु का डर, करियर और शिक्षा की अनिश्चितता, बच्चों का भविष्य या अकेले रह जाने की आशंका। कभी-कभी यह भय इतना गहरा हो जाता है कि व्यक्ति की सोच और निर्णय क्षमता को जकड़ लेता है।

AI Image


जो अभी सामने नहीं है, उसका डर आज की शांति को छीन लेता है। 'जो होगा, सो होगा' की भावना हमें यह स्वीकार करना सिखाती है कि भविष्य हमारे नियंत्रण में नहीं है। जब मनुष्य ज्ञान, विवेक और स्वीकार भाव के साथ जीवन जीता है, तब भय धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगता है और जीवन अधिक संतुलित बन जाता है।

## कांटे की बात

उत्तर भारत के अधिकतर शहरों में विजिबिलिटी बहुत खराब है। इसलिए लखनऊ में नहीं, भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा T20 मैच तिरुवनंतपुरम में होना चाहिए था। वहां मौजूदा AQI भी 68 के करीब है।


कांग्रेस सांसद शशि थरूर
*की BCCI उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला को सलाह*


## सप्ताह की शख्सियत

# 40 पेड़ों के लिए फिर से जंग में उतरे कर्नल

*कर्नल (रिटायर्ड) देवेंद्र सिंह राजपूत ने 1992 में सेना से प्री-मच्योर रिटायरमेंट ली थी, लेकिन तीन दशक बाद उन्हें एक और लड़ाई लड़नी पड़ी। अपने इलाके के ग्रीन बेल्ट को बचाने के लिए वह सुप्रीम कोर्ट तक गए और आखिरकार जीते।*

### ग्रीन बेल्ट से होकर रोड

**कर्नल (रि.)** राजपूत हरियाणा के करनाल के सेक्टर-9 में रहते हैं। 2023 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने उनके इलाके में करीब 100 मीटर लंबी सड़क बनवाई, लेकिन ग्रीन बेल्ट से होकर और इसके लिए करीब 40 पेड़ काटे गए। आरोप है कि अथॉरिटी ने BJP ऑफिस तक सीधा रास्ता देने के लिए जल्दबाजी में यह सड़क बनवाई। हालांकि वहां एक अप्रोच रोड पहले से मौजूद थी।

AI Image



### अथॉरिटी के तर्क बेकार

**कर्नल (रि.)** राजपूत ने पहले अथॉरिटी में शिकायत की और फिर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हालांकि अदालत के स्टे ऑर्डर देने तक सड़क का काम पूरा हो चुका था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए। शीर्ष अदालत ने ग्रीन बेल्ट रिस्टोर करने और वैकल्पिक रास्ते की योजना बनाने का आदेश दिया है। अथॉरिटी ने कहा कि सड़क पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए जरूरी थी।

## जनता जंक्शन

इरफान




# नाम में क्या रखा है? BJP से पूछिए

पूनम पाण्डे

संसद का शीत सत्र खत्म हो रहा है। इसमें कई बिलों पर बात हुई, लेकिन सबसे ज्यादा हल्ला Viksit Bharat - Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) Bill, 2025 यानी VB- G RAM G को लेकर हुआ। इसे मनरेगा को रिप्लेस करने के लिए लाया गया। मनरेगा यानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम। विपक्ष ने इसका विरोध बिल के प्रावधानों के साथ ही ये कहकर भी किया कि महात्मा गांधी का नाम हटाना राष्ट्रपिता का अपमान है।

### योजनाओं की रीब्रैंडिंग

ये पहली बार नहीं है जब NDA सरकार पुरानी योजनाओं की जगह नए नाम के साथ स्कीम लाई हो। योजनाओं के नाम के साथ ही शहरों के नाम, सड़कों के नाम, जगहों के नाम बदले गए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि 1975 से 2013 के बीच शुरू की गई 32 योजनाओं को NDA सरकार ने नाम बदलकर लॉन्च किया। वह सरकार पर पुरानी योजनाओं की रीपैकेजिंग और रीब्रैंडिंग का इल्जाम लगाती रही है। जैसे- पहले जो इंदिरा आवास योजना थी, उसकी जगह अब प्रधानमंत्री आवास योजना है। हालांकि अलग-अलग चुनावी राज्यों में जब इस योजना के लाभार्थियों से हमने बात की और उन लोगों से बात की जिन्हें इसका लाभ मिलना चाहिए था और वे इंतजार कर रहे हैं, लगभग सभी इसे पुराने नाम से ही संबोधित करते रहे।

NDMC ने दिल्ली की रेस कोर्स रोड का नाम बदला, जिससे प्रधानमंत्री आवास का पता भी बदल गया। जो पहले 7- रेस कोर्स रोड होता था वह 7- लोक कल्याण मार्ग हो गया। इसी तरह राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्यपथ किया गया। PMO और कुछ अहम ऑफिस जिस बिल्डिंग में होंगे, उसका नाम सेवा तीर्थ रखा गया है। राजभवन और राजनिवास का नाम भी लोकभवन और लोकनिवास करने का निर्देश सरकार की तरफ से दिया गया है।

## विशुद्ध राजनीति
कसौटी




BJP और संघ से जुड़े लोगों के मुताबिक, जो नाम असंगत लगते हैं, जो भारत की संस्कृति और भारतीयता से मेल नहीं खाते, उन्हें बदलने में कोई हर्ज नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गुलामी की मानसिकता से आजादी की बात कह चुके हैं। इसके बाद ब्रिटिश काल के दौरान रखे गए कई नाम बदले गए। सशस्त्र सेनाओं ने भी अपनी कुछ इमारतों के नाम बदले। लेकिन ये सिर्फ गुलामी की मानसिकता से आजादी की ही बात नहीं है बल्कि यह कल्चरल पॉलिटिक्स यानी सांस्कृतिक राजनीति का भी हिस्सा है। जब सरकार महिला आरक्षण बिल लाई तो इसका नाम रखा नारी शक्ति वंदन विधेयक, जो अब नारी शक्ति वंदन एक्ट बन गया है। इसी तरह IPC की जगह पर भारतीय न्याय संहिता को लाया गया। कई बार संसद में दक्षिण भारतीय विपक्षी सांसदों ने बिलों का नाम हिंदी में रखने का विरोध भी किया। लेकिन हिंदी BJP की सांस्कृतिक राजनीति का हिस्सा है। जाहिर है, 'जी रामजी बिल' का नाम ऐसे ही नहीं रखा गया है। इससे BJP की वैचारिक, सांस्कृतिक और हिंदुत्व की राजनीति की झलक मिलती है।

### भाग्यनगर भी अजेंडा में

सितंबर 2023 में जब G20 शिखर सम्मेलन के निमंत्रण भेजे गए तो उसमें President of Bharat लिखा गया था, जिसके बाद इंडिया बनाम भारत की बहस भी तेज हुई। कई शहरों के नाम बदले गए हैं। कुछ साल पहले जब संघ की समन्वय बैठक हैदराबाद में होनी थी तो इसके आधिकारिक हैंडल से जानकारी दी गई कि बैठक भाग्यनगर में होगी। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ भी हैदराबाद में चुनाव प्रचार के दौरान भाग्यनगर का जिक्र कर चुके हैं।

## रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

### समय पर हो फैसला

18 दिसंबर का संपादकीय 'कब सही है तलाक?' विवाह और तलाक के संवेदनशील विषय को संतुलित दृष्टि से सामने रखता है। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय बताता है कि जब शादी चलने की कोई संभावना नहीं बची हो तब तलाक टाले जाने का मतलब नहीं बनता। पूरी तरह टूट चुके रिश्ते को केवल सामाजिक दबाव या कानूनी औपचारिकता के नाम पर ढोते रहना वास्तव में मानसिक क्रूरता है। भारतीय समाज में तलाक को आज भी नकारात्मक दृष्टि से देखा जाता है, जबकि कई बार वही एक सम्मानजनक समाधान होता है। पहले सुलह का प्रयास हो, पर जब कोई संभावना न बचे, तो नई शुरुआत का अवसर मिलना चाहिए।

**कविता शर्मा**, ईमेल से

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

[illegible]

## फटाफट खबरें

### शाश्वत शर्मा होंगे Airtel के CEO

■ पीटीआई, नई दिल्ली: भारती एयरटेल ने गुरुवार को बताया कि



शाश्वत शर्मा 1 जनवरी, 2026 से एयरटेल के नए मैनेजिंग डायरेक्टर (MD) और सीईओ (CEO) का पद संभालेंगे। फिलहाल वो कंपनी में सीईओ डेजिग्नेट के तौर पर काम कर रहे हैं। कंपनी के वाइस चेयरमैन और एमडी गोपाल विट्ठल एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन बन जाएंगे। उनकी यह नियुक्ति अगले 5 साल के लिए होगी।

### ICICI बैंक को 238 करोड़ का नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: ICICI बैंक ने गुरुवार को बताया कि टैक्स अधिकारियों ने उसे 238 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस भेजा है। आरोप है कि बैंक ने GST का भुगतान कम किया है, जिसकी वसूली के लिए महाराष्ट्र जीएसटी विभाग से यह नोटिस जारी किया गया है।

### Vi को सहायक कंपनी से राहत

■ पीटीआई, नई दिल्ली: कर्ज में डूबी टेलिकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया (Vi) ने गुरुवार को बताया कि उसकी सब्सिडियरी (सहायक) कंपनी VITIL ने 3,300 करोड़ रुपये का फंड जुटा लिया है। यह पैसा नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (NCD) जारी करके इकट्ठा किया गया है। दरअसल, VITIL को वोडाफोन आइडिया का कुछ बकाया चुकाना था, जो अब इस फंड से चुकाया जाएगा।

### बॉण्ड में निवेश के नियम हुए आसान

■ पीटीआई, नई दिल्ली: शेयर बाजार रेगुलेटर SEBI ने बॉण्ड बाजार में निवेश को बढ़ावा देने के




लिए गुरुवार को नियमों में ढील दी है। कंपनियों (इश्यूअर्स) को यह छूट दे दी है कि वे अब जीरो कूपन वाले बॉण्ड या डेट सिक्योरिटीज भी 10,000 रुपये की कम फेस वैल्यू पर जारी कर सकती हैं। हालांकि, यह छूट तभी मिलेगी जब इन बॉण्ड्स की मैच्योरिटी फिक्स हो और इनमें कोई जटिल शर्तें न जुड़ी हों।

# PF से जुड़े बीमे पर नियम साफ

## 'लगातार सर्विस' पर EPFO ने दी सफाई, क्लेम में होगी आसानी

■ NBT रिपोर्ट : एंप्लॉयीज प्रॉविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन (EPFO) ने कर्मचारियों और उनके परिवारों को राहत देते हुए कर्मचारी डिपॉजिट लिंक्ड इंश्योरेंस (EDLI) स्कीम के नियमों पर सफाई दी है। EPFO ने साफ कर दिया है कि अगर कोई कर्मचारी एक नौकरी छोड़कर दूसरी जॉइन करता है और इस बीच वीकेंड (शनिवार-रविवार) या कोई सरकारी छुट्टी आती है, तो उसे सर्विस में 'ब्रेक' नहीं माना जाएगा। ET के मुताबिक, डेथ क्लेम (मौत के बाद मिलने वाला बीमा) का निपटारा करते समय इसे लगातार सर्विस ही गिना जाएगा। पहले इस वजह से कई डेथ क्लेम रिजेक्ट हो जाते थे।

**क्यों है अहम? :** EPFO ने बुधवार को जारी अपने सर्कुलर में 'लगातार सर्विस' को लेकर चल रहे कन्फ्यूजन को दूर किया है। EPFO के बयान के मुताबिक, कई मामलों में देखा गया कि छोटी-मोटी छुट्टियों को सर्विस में ब्रेक मान लिया गया। इस वजह से या तो क्लेम रिजेक्ट हो गए या फिर परिवार को कम पैसा मिला। EPFO ने बताया कि उनके सामने एक ऐसा मामला आया था जहां एक कर्मचारी ने एक कंपनी छोड़ी और दूसरी जॉइन की। इन दोनों तारीखों के बीच शनिवार और रविवार पड़ रहे थे। इसे सर्विस में 'ब्रेक' मान लिया गया। 12 महीने से ज्यादा की लगातार सेवा के बावजूद परिवार को EDLI का लाभ नहीं मिला।



### कब नहीं माना जाएगा नौकरी में ब्रेक?

■ अगर पुरानी कंपनी छोड़ने और नई कंपनी (जो EPF के दायरे में आती हो) जॉइन करने के बीच सिर्फ शनिवार, रविवार, वीकली ऑफ, नैशनल हॉलिडे, गजेटेड हॉलिडे या राज्य सरकार की कोई छुट्टी आती है। शर्त बस इतनी है कि कर्मचारी ने इन छुट्टियों के तुरंत बाद दूसरी EPF वाली कंपनी जॉइन कर ली हो।

■ मतलब, कोई कर्मचारी शुक्रवार को नौकरी छोड़ता है और सोमवार को नई नौकरी जॉइन करता है, तो वीकेंड EDLI की योग्यता पर कोई असर नहीं डालेगा।

**हाल ही में लागू अहम बदलाव**

■ **आश्रितों के लिए बीमा राशि बढ़ी :** अगर किसी मेंबर ने अपनी मौत से पहले लगातार 12 महीने नौकरी नहीं की थी। उसका औसत पीएफ बैलेंस 50,000 रुपये से कम था। ऐसे मामले में भी उसके आश्रितों या कानूनी वारिसों को कम से कम 50,000 रुपये का क्लेम जरूर मिलेगा।

■ **6 महीने के अंदर मौत पर क्लेम :** EPFO ने यह भी कहा है कि अगर किसी मेंबर की मौत नौकरी के दौरान हो जाती है। उसका आखिरी पीएफ योगदान 6 महीने के भीतर जमा हुआ था। उसके परिवार को स्कीम के हिसाब से EDLI का लाभ मिलेगा। बस शर्त यह है कि उसका नाम कंपनी के रजिस्टर (रोल्स) पर होना चाहिए।

■ **कई कंपनियों में काम करने वालों के लिए राहत :** EPFO का कहना है कि अगर किसी मेंबर ने कई अलग-अलग EPF वाली कंपनियों में काम किया है, तो उसे 'लगातार सर्विस' माना जाएगा। दो जॉब के बीच 60 दिन का गैप क्यों न हो।

**EDLI स्कीम क्या है? :** जब कर्मचारी की नौकरी के दौरान मौत हो जाती है तो बीमा की राशि उनके नॉमिनी या कानूनी वारिस को दी जाती है। यह योजना निजी क्षेत्र में काम कर रहे कर्मचारियों के परिवारों के लिए वित्तीय सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए सरकार ने बनाई है।

### PF से छूटे कर्मचारियों के लिए मोहलत

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) ने कंपनियों से अपील की है कि वे उन हकदार कर्मचारियों को पीएफ स्कीम में शामिल कर लें, जो पहले किसी वजह से छूट गए थे। इसके लिए EPFO ने 6 महीने का एक मौका दिया है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने हाल ही में एम्प्लॉइज एनरोलमेंट स्कीम (EES)-2025 के बारे में जानकारी दी है। यह स्कीम नवंबर 2025 से शुरू होकर 6 महीने तक चलेगी। मंत्रालय के बयान के मुताबिक, कंपनियां उन कर्मचारियों को इस स्कीम के तहत जोड़ सकती हैं जो 1 जुलाई 2017 से लेकर 31 अक्टूबर 2025 के बीच काम कर रहे थे, लेकिन पीएफ कवरेज से बाहर रह गए थे।

# 8वां वेतन आयोग लेट हुआ तो डूब जाएगा इन भत्तों का पैसा?




■ NBT रिपोर्ट : 7वें वेतन आयोग का कार्यकाल 31 दिसंबर, 2025 को खत्म हो रहा है। उम्मीद है कि 8वां वेतन आयोग 1 जनवरी, 2026 से शुरू हो जाएगा। हालांकि, केंद्र सरकार की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है कि केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए एरियर (बकाया राशि) की गणना कब से लागू होगी। लेकिन पिछले रुझानों को देखें तो यह आमतौर पर पुराने आयोग के खत्म होने के अगले दिन से ही शुरू होता है।

नवंबर 2025 में, वित्त मंत्रालय ने 8वें वेतन आयोग को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए 18 महीने का समय दिया था। जानकारों का मानना है कि इसकी सिफारिशों को लागू करने में 6 महीने और लग सकते हैं। बड़ा सवाल यह है कि अगर वेतन आयोग लागू होने में देरी होती है, तो क्या कर्मचारियों और पेंशनर्स का पैसा डूबेगा? और अगर हां, तो कितना नुकसान हो सकता है?

ET के मुताबिक, ज्यादातर केंद्रीय कर्मचारियों के लिए मुख्य भत्ते महंगाई भत्ता (DA), हाउस रेंट अलाउंस (HRA) और ट्रांसपोर्ट अलाउंस (TA) होते हैं। इसके अलावा यूनिफॉर्म अलाउंस, बच्चों की पढ़ाई का भत्ता (CEA) वगैरह भी मिलते हैं। TA, यूनिफॉर्म और CEA जैसे भत्ते फिक्स होते हैं और ये कर्मचारी की बेसिक सैलरी पर निर्भर नहीं करते। वेतन आयोग में ये भत्ते रिवाइज तो होते हैं, लेकिन कर्मचारियों को इनका एरियर नहीं मिलता। उन्हें एरियर सिर्फ बेसिक सैलरी (मूल वेतन) का मिलता है।

**किन भत्तों का एरियर नहीं मिलता है?**

■ **महंगाई भत्ता (DA) :** कर्मचारियों को DA का एरियर नहीं मिलता क्योंकि वेतन आयोग के आखिर में इसे बेसिक पे के साथ मिला दिया जाता है, जिसे 'फिटमेंट फैक्टर' कहते हैं। इस एडजस्टमेंट की वजह से DA का कोई एरियर नहीं बनता। दूसरी बात, कर्मचारियों को DA उनकी बेसिक सैलरी के प्रतिशत के रूप में मिलता है। नए वेतन आयोग में जैसे ही बेसिक सैलरी बढ़ती है, DA अपने आप बढ़ जाता है।

■ **हाउस रेंट अलाउंस (HRA) :** ऑल इंडिया NPS एंप्लॉयीज फेडरेशन के नेशनल प्रेसिडेंट मंजीत सिंह पटेल का कहना है कि कर्मचारियों को नए वेतन आयोग में HRA पर एरियर नहीं मिलता। अगर 8वें वेतन आयोग में देरी होती है, तो कर्मचारी की बेसिक सैलरी के हिसाब से उसे कुछ हजार रुपये से लेकर लाखों रुपये तक का घाटा हो सकता है।

**7वें वेतन आयोग में HRA के रेट**

केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को उस शहर के हिसाब से HRA देती है जहां वे रहते हैं। शहरों को X, Y और Z कैटेगरी में बांटा गया है।

# नया स्किल ही AI के खतरे से बचाएगा: IT सेक्रेटरी



■ पीटीआई, नई दिल्ली: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की वजह से उन नौकरियों पर सबसे ज्यादा खतरा मंडरा रहा है, जिनमें शारीरिक मेहनत के बजाय दिमाग का ज्यादा इस्तेमाल होता है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के सचिव एस. कृष्णन ने गुरुवार को यह चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यह पिछली किसी भी तकनीकी क्रांति से बिल्कुल अलग और बड़ा बदलाव है।

**AI से सबसे ज्यादा खतरा 'वाइट -कॉलर' नौकरियों को**

एक कार्यक्रम में बोलते हुए कृष्णन ने बताया कि चूंकि AI अब सीधे तौर पर दिमागी काम को चुनौती दे रहा है, इसलिए वाइट-कॉलर (ऑफिस में बैठकर काम करने वाले प्रोफेशनल्स) अपनी नौकरी खोने के मामले में सबसे ज्यादा रिस्क जोन में हैं। इन खतरों के बावजूद कृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि AI में प्रोडक्टिविटी बढ़ाने की जबरदस्त ताकत है। उनका मानना है कि अपस्किलिंग (काम के नए तरीके सीखना) के जरिए नौकरी के इतने नए मौके बनेंगे कि वे नौकरी जाने के नुकसान से कहीं ज्यादा होंगे। कहा कि टैलेंट को डेवलप करना सिर्फ सरकार या कंपनियों का नहीं, सबकी जिम्मेदारी है।

# फैसले में सेबी मेंबर को बताना होगा 'फायदा', नहीं तो जाएगी नौकरी

## बदलाव की तैयारी, सरकार ने लोकसभा में पेश किया बिल

■ पीटीआई, नई दिल्ली: बाजार रेगुलेटर SEBI के ढांचे और कामकाज में सरकार बड़े बदलाव करने जा रही है। लोकसभा में गुरुवार को पेश किए गए सिक्योरिटीज मार्केट कोड बिल (Securities Market) के जरिए तीन पुराने कानूनों को खत्म कर एक नया और आसान कानून लाने की तैयारी है। इसमें सेबी बोर्ड के मेंबर्स की संख्या 9 से बढ़ाकर 15 करने, निवेशकों की शिकायतों के लिए लोकपाल बनाने और नियमों के उल्लंघन पर जुर्माने को तार्किक बनाने जैसे अहम प्रस्ताव शामिल हैं। फिलहाल इस बिल को आगे की चर्चा के लिए संसद की स्टैंडिंग कमिटी के पास भेजा गया है।

बिल में साफ कहा गया है कि अगर किसी मेंबर का कोई ऐसा आर्थिक हित या कोई और हित है जिससे उसके कामकाज पर गलत असर पड़ सकता है, तो उसे हटाया जा सकता है। नए नियम के मुताबिक, बोर्ड मीटिंग में जिस मुद्दे पर चर्चा हो रही हो, अगर उसमें मेंबर या उसके परिवार का कोई 'डायरेक्ट या इनडायरेक्ट' फायदा जुड़ा है, तो उसे इस बात का खुलासा करना होगा। साथ ही, उसे उस चर्चा या फैसले से खुद को दूर रखना होगा।

बिल के मुताबिक, अब सेबी को अपनी खुद की परफॉर्मेंस का रिव्यू करना होगा। यह देखना होगा कि उसके बनाए नियम कितने असरदार हैं। साथ ही, कर्मचारियों की ट्रेनिंग, रिसर्च और समय-समय पर स्टडी करने जैसे काम भी सेबी के जिम्मे होंगे। काम में तेजी लाने के लिए सेबी को यह पावर दी गई है कि वह रजिस्ट्रेशन का कुछ काम मार्केट की दूसरी संस्थाओं को सौंप सकती है। यह बिल शेयर बाजार से जुड़े तीन पुराने कानूनों को खत्म करके उनकी जगह लेगा। ये तीन कानून सिक्योरिटीज कॉन्ट्रैक्ट्स (रेगुलेशन) ऐक्ट 1956, सेबी ऐक्ट 1992 और डिपॉजिटरीज ऐक्ट 1996 हैं।

**NBT Lens**
**खबरों के अंदर की बात**

### हितों का खुलासा जरूरी कदम

सेबी बोर्ड मेंबर्स के लिए अपने हितों का खुलासा करना बहुत जरूरी कदम है। सेबी के पास जो सरप्लस फंड बचेगा, उसे भारत सरकार के फंड में ट्रांसफर करने का प्रावधान एक संतुलित कदम है। इससे पैसों की जवाबदेही बनी रहेगी और रेगुलेटरी फीस का पैसा बेकार पड़ा नहीं रहेगा।

# सेंसेक्स-निफ्टी में लगातार चौथे दिन रही गिरावट



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: लगातार चार दिनों से गिर रहा सेंसेक्स गुरुवार को 77.84 पॉइंट (0.09%) फिसलकर 84,481.81 पर बंद हुआ। NSE निफ्टी बिल्कुल सपाट रहा और 3 पॉइंट (0.01%) की मामूली गिरावट के साथ 25,815.55 पर बंद हुआ। BSE मिडकैप इंडेक्स में मामूली 0.05% की बढ़त रही। वहीं, स्मॉलकैप इंडेक्स 0.28% लुढ़क गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा 2.74% टूटा। टाटा स्टील में 1.26%, पावर ग्रिड में 1.15% और एशियन पेंट्स में 0.89% की गिरावट आई।

### मजबूत हुआ रुपया

भारतीय रुपये ने एक बार फिर मजबूती देखी गई। गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे सुधरकर 90.20 पर बंद हुआ। हालांकि विदेशी बाजारों में डॉलर काफी मजबूत स्थिति में था। लेकिन माना जा रहा है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने रुपये को गिरने से बचाने के लिए बाजार में दखल दिया, जिससे इसे संभलने में मदद मिली।

### चांदी 1,800 रु. ऊपर

चांदी में तेजी जारी है। राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को चांदी 1,800 रुपये महंगी होकर 2,07,600 रुपये प्रति किलोग्राम के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। इससे पहले बुधवार को चांदी एक ही दिन में 7,300 रुपये उछलकर पहली बार 2 लाख रुपये के पार निकल गई थी। वहीं सोना 1,36,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) पर टिका रहा।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHBP User: cci Time: 12-18-2025 22:57 Color:



NBT AI टाइम मशीन

## जब गोवा में पुर्तगाली शासन का हुआ अंत

भारत को 1947 में आजादी मिली थी, लेकिन गोवा अगले 14 वर्षों तक पुर्तगालियों के कब्जे में रहा। जब कूटनीतिक कोशिशें नाकाम रहीं, तब 'ऑपरेशन विजय' शुरू किया गया। 19 दिसंबर 1961 को भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना ने मिलकर कार्रवाई की। 36 घंटों के भीतर पुर्तगाली सेना ने सरेंडर कर दिया। गोवा, दमन व दीव पूरी तरह स्वतंत्र हो गए। भारत में 450 साल पुराने पुर्तगाली शासन का अंत हुआ।


NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली | शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025

## सस्टेनेबल डेस्टिनेशन बनेगा गोवा

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में गोवा का पर्यटन अब केवल समुद्र तटों तक सीमित नहीं रहेगा। इसे एक आधुनिक और सुरक्षित 'सस्टेनेबल डेस्टिनेशन' के रूप में विकसित किया जाएगा। ग्रामीण इलाकों में होमस्टे और इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। सुरक्षा के मोर्चे पर सख्ती देखने को मिलेगी। सभी क्लबों व रेस्टोरेंट्स पर कड़े सिक्योरिटी चेक होंगे। वॉटर स्पोर्ट्स के लिए सख्त नियम और तटों पर आधुनिक लाइफगार्ड सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी।




AI Image

SPEED News

### तुर्किये ने रूस और यूक्रेन को चेतावनी दी



है कि ये काला सागर क्षेत्र में सुरक्षा का खास ख्याल रखें। यह वॉर्निंग तुर्किये के अपने एयर स्पेस में घुसे एक ड्रोन को मार गिराने के बाद आई है।



Agency

### पुलित्जर विजेता पत्रकार पीटर अर्नेट

Pulitzer

का निधन हो गया है। अर्नेट (91) प्रॉस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे। 1966 में वियतनाम युद्ध की कवरेज पर उन्हें पुलित्जर मिला था।

### इस्राइल ने लेबनान के इलाकों में कई

हवाई हमले किए। यह हमले अमेरिका की मध्यस्थता से हुए युद्धविराम को लागू कराने वाली समिति बैठक से ठीक पहले हुए है।





File

### कनाडा की आबादी में कई वर्षों बाद पहली

बार कमी दर्ज हुई है। सरकारी एजेंसी के ताजा आंकड़ो के मुताबिक, इसका मुख्य कारण इमिग्रेशन में आई गिरावट है।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

# ओमान ने खोला बाज़ार, भारतीय चीज़ों को मिलेगी ड्यूटी-फ्री एंट्री

■ NBT रिपोर्ट

**भारत और** ओमान ने गुरुवार को एक अहम व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (CEPA) पर साइन किए। इस समझौते से भारत के 98% से ज्यादा सामान ओमान में बिना टैक्स (ड्यूटी-फ्री) बिक सकेंगे। ओमान ने ड्यूटी-फ्री एक्सेस पर सहमति जताई है। इसके बदले भारत भी ओमान के कुछ प्रोडक्ट्स पर टैरिफ में कटौती करेगा। यह समझौता अगले साल की पहली तिमाही से लागू होने की उम्मीद है। यह करार ओमान के मस्कट में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ओमान के वाणिज्य मंत्री कैस बिन मोहम्मद अल यूसुफ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में साइन किया।

**भारत को क्या-क्या फायदा?:** ओमान ने अपने बाजार के 98% से ज्यादा हिस्से को भारतीय निर्यात के लिए खोल दिया है। इससे भारत के 99.38% निर्यात को फायदा मिलेगा। कपड़े, गहने, चमड़ा, जूते, खेल का सामान, प्लास्टिक, फर्नीचर, कृषि उत्पाद, इंजिनियरिंग सामान, दवाइयां, मेडिकल डिवाइस और ऑटोमोबाइल सस्ते होंगे और ज्यादा बिकेंगे। अभी इन पर ओमान में करीब 5% टैक्स लगता है, जो अब हट जाएगा।

**भारत क्या रियायत देगा:** भारत ओमान से आने वाले करीब 78% सामान पर टैरिफ कम करेगा। खजूर, मार्बल और पेट्रोकेमिकल जैसे ओमान के अहम उत्पादों में टैरिफ-रेट कोटा के जरिए रियायतें मिलेंगी। भारत ने अपने किसानों और घरेलू उद्योग की सुरक्षा के लिए दूध, चाय, कॉफी, रबर, तंबाकू, सोना-चांदी और ज्वैलरी जैसे कई उत्पाद समझौते से बाहर रखे हैं।

**सेवाएं और निवेश को बढ़ावा:** इस समझौते से IT, प्रोफेशनल सेवाएं, शिक्षा, ऑडियो-विजुअल, रिसर्च और हेल्थ सेक्टर में भारतीय कंपनियों को बड़ा फायदा मिलेगा। ओमान का वैश्विक सेवाओं का आयात 12.52 अरब अमेरिकी डॉलर है, जिसमें भारत की हिस्सेदारी 5.31% है। यानी भारतीय कंपनियों के लिए बड़ी संभावनाएं हैं।



Agency

### भारतीय प्रफेशनल्स के लिए राहत

*अब भारतीय डॉक्टर, अकाउंटेंट, आर्किटेक्ट और अन्य प्रोफेशनल्स को ओमान में काम करना आसान होगा। कंपनियों के अंदर ट्रांसफर होने वाले कर्मचारियों की सीमा 20% से बढ़ाकर 50% की गई है। कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वालों को 90 दिन से बढ़कर 2 साल तक रहने की इजाजत मिलेगी, जिसे आगे दो साल और बढ़ाया जा सकेगा। अकाउंटेंसी, आर्किटेक्चर, मेडिकल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में एंट्री और रहने की शर्तें ज्यादा उदार होंगी।*

### यह समझौता अहम क्यों

यह UAE के बाद खाड़ी देशों के साथ भारत का दूसरा बड़ा समझौता है। समझौते से भारत और ओमान के आर्थिक और रणनीतिक रिश्ते और मजबूत होंगे। ओमान के लिए यह 2006 में अमेरिका के बाद पहला द्विपक्षीय ट्रेड समझौता है। अमेरिका में भारतीय निर्यात पर 50% तक टैरिफ की चुनौती के बीच, यह समझौता व्यापार विविधीकरण की रणनीति के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है।

- वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-ओमान का व्यापार करीब 10.5 अरब यूएस डॉलर रहा, भारत का निर्यात $4 अरब और आयात $6.54 अरब।
- ओमान गल्फ देशों में भारत का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य भी है।
- ओमान में करीब 7 लाख भारतीय रहते हैं और वहां से भारत को हर साल लगभग 2 अरब डॉलर भेजे जाते है(रेमिटेंस)।


## 21वीं सदी का भारत बड़े फैसले लेता है: PM

■ भाषा, मस्कट

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने गुरुवार को कहा कि 21वीं सदी का भारत बड़े और त्वरित फैसले लेता है, बड़े लक्ष्य तय करके आगे बढ़ता है और समयबद्ध तरीके से परिणाम देता है। दो दिवसीय ओमान यात्रा पर आए मोदी ने यहां भारतीय छात्रों और समुदाय के सदस्यों से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। छात्रों और भारतीय समुदाय के सदस्यों ने मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया और उत्साहपूर्वक नारे लगाते हुए तालियों के साथ उनका अभिनंदन किया। मोदी ने अपने संबोधन के दौरान वहां उपस्थित लोगों को मिनी इंडिया की संज्ञा दी। 'मैत्री पर्व' कार्यक्रम में भारतीय स्कूलों के 700 से अधिक छात्र भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में भारतीय छात्रों और समुदाय को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत और ओमान न केवल भौगोलिक रूप से बल्कि पीढ़ियों से एक-दूसरे से जुड़े हैं।

**भारत और ओमान पीढ़ियों से एक-दूसरे से जुड़े: मोदी**

प्रधानमंत्री ने हाल में यूनेस्को द्वारा 'दीपावली' पर्व को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किए जाने के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा, 'अब हमारा 'दीया' केवल हमारे घरों को ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को रोशन करेगा।'



Agency

ओमान यात्रा पर आए पीएम मोदी ने भारतीय छात्रों से मुलाकात की।

## भारत ने ढाका में वीज़ा केंद्र दोबारा खोला, दो अन्य शहरों में सेवा बंद



Agency

बांग्लादेश के राजशाही में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को भारतीय सहायक उच्चायुक्त के कार्यालय की ओर मार्च करने से रोकने की कोशिश की।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भारत ने** सुरक्षा हालात में सुधार के बाद ढाका में अपने भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (IVAC) का कामकाज फिर से शुरू कर दिया। यह केंद्र एक दिन पहले सुरक्षा कारणों से अस्थायी रूप से बंद किया गया था। हालांकि, बांग्लादेश के दो अन्य शहरों खुलना और राजशाही में स्थित वीजा केंद्रों की सेवाएं फिलहाल निलंबित कर दी गई हैं। अधिकारियों के मुताबिक, बांग्लादेश में कुल पांच भारतीय वीजा आवेदन केंद्र हैं। ये ढाका, खुलना, राजशाही, चटोग्राम और सिलहट में स्थित हैं। इनमें से ढाका के जमुना फ्यूचर पार्क में मौजूद आईवीएसी राजधानी में सभी भारतीय वीजा सेवाओं का मुख्य केंद्र है।

**बांग्लादेश में भारतीय कमीशन पर सुरक्षा संकट जारी**


बांग्लादेश में भारतीय कमीशनों की सुरक्षा से जुड़ी आ रही खबरों के बीच गुरुवार को बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने राजशाही के कमीशन के पास मार्च की कोशिश की। इस दौरान उनकी सुरक्षा कर्मियों से झड़प भी हुई। सुरक्षा के मद्देनजर राजशाही और खुलना में वीजा एप्लीकेशन सेंटर बंद किए गए। पुलिस ने प्रदर्शन से पहले मिशन से 100 मीटर दूर बैरिकेड्स लगा दिए थे। कमीशन तक जाने की इजाजत ना मिलने के बाद वह जबरन आगे बढ़ने लगे। इसके बाद वह सभी लोग वहीं बैठ गए और करीब एक घंटे तक वहां रहे। नाजुक स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षाबल तैनात किए गए। इससे पहले राजधानी ढाका में भी भारतीय मिशन के घेराव की कोशिशें की गई थीं।

### हालात पर दर्ज कराई थी आपत्ति

आईवीएसी के एक अधिकारी ने बताया कि ढाका केंद्र में अब सामान्य रूप से कामकाज शुरू हो गया है। बुधवार को भारत विरोधी प्रदर्शनकारियों के एक बड़े समूह के भारतीय उच्चायोग की ओर बढ़ने के बाद सुरक्षा को लेकर तनाव बढ़ गया था, जिसके चलते ढाका स्थित वीजा केंद्र को अस्थायी रूप से बंद किया गया था। इससे पहले, भारत के विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश में भारतीय दूतावास की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी। बांग्लादेश के राजदूत रियाज हामिदुल्लाह को तलब कर स्थिति पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई थी। सरकार ने कहा कि हाल की कुछ घटनाओं को लेकर झूठे नैरेटिव हम खारिज करते है।

## यूट्यूबर पर ED की कार्रवाई, जब्त की चार गाड़ियां

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: यूट्यूबर अनुराग द्विवेदी पर ऑनलाइन बेटिंग ऐप्स को प्रमोट कर भारी कमाई करने के आरोप है। इन्हीं आरोपों के तहत ईडी ने यूट्यूबर की Lamborghini और Mercedes-Benz जैसी करोड़ों की कीमत की चार लग्जरी गाड़ियों को जब्त कर लिया। ईडी ने बुधवार को अनुराग के उन्नाव के नवाबगंज और लखनऊ स्थित ठिकानों पर छापेमारी की।



छापे में यूट्यूबर के इनकम के कई सबूत मिले, जिनके आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (PMLA) के तहत चार गाड़ियां अटैच की। ईडी के अनुसार, यूट्यूबर अनुराग द्विवेदी पर आरोप है कि उसने Sky Exchange और अन्य ऑनलाइन बेटिंग ऐप्स को प्रमोट कर भारी कमाई की। जांच में खुलासा हुआ कि कई ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म भारत में गैरकानूनी तरीके से संचालित हो रहे थे। इन प्लेटफॉर्म पर क्रिकेट मैच और अन्य इवेंट्स पर सट्टा लगाया जाता था।

## ऐक्ट्रेस निधि अग्रवाल भीड़ में घिरी, FIR



Social Media

**भाषा, हैदराबाद:** तेलंगाना के हैदराबाद में ऐक्टर प्रभास की आने वाली फिल्म 'द राजा साहब' के एक गाने के लॉन्च कार्यक्रम के दौरान भीड़ ने ऐक्ट्रेस निधि अग्रवाल को कथित तौर पर घेर लिया। इसके बाद गुरुवार को मॉल के मैनेजर और कार्यक्रम आयोजकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि मॉल के मैनेजर और कार्यक्रम आयोजकों के खिलाफ बिना पहले की अनुमति के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए मामला दर्ज किया गया है।

### 'प्रशंसक फोटो के लिए चारों ओर जमा हुए'

*पुलिस के मुताबिक, प्रशंसक तस्वीरें लेने की कोशिश में ऐक्ट्रेस के चारों ओर जमा हो गए थे। इस घटना से जुड़े विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। बाद में सुरक्षाकर्मी उन्हें उनकी कार तक ले जाते नजर आए।*

## इंटरनैशनल यात्राओं में 63.8% सोलो यात्री: रिपोर्ट



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : 2025 में भारतीयों के विदेश यात्रा करने के तरीके में बड़ा बदलाव देखने को मिला। नियो (Niyo) की रीवाइंड 2025 रिपोर्ट के अनुसार, इस साल भारतीय अंतरराष्ट्रीय यात्रियों में ज्यादा युवा रहे। उन्होंने डिजिटल प्लैटफॉर्म के इस्तेमाल को तवज्जो दी।


रिपोर्ट के मुताबिक, नई दिल्ली, बेंगलुरु और मुंबई से होने वाली अंतरराष्ट्रीय यात्राएं कुल विदेश यात्राओं का लगभग दो-तिहाई हिस्सा रहीं। कुल यात्राओं में 63.8% लोग अकेले यात्रा पर निकले यानी वे सोलो ट्रैवलर्स रहे, जबकि 19.93% कपल्स, 12.26% परिवार और 4.01% ग्रुप में सफर करने वाले रहे। विदेश में एशिया, मध्य एशिया के नजदीकी देश सबसे ज्यादा पसंद किए गए। लोकप्रिय देशों में थाइलैंड, यूएई, जॉर्जिया, मलयेशिया, फिलीपींस, वियतनाम, उज्बेकिस्तान शामिल रहे।

## ताइवान को 10 अरब डॉलर से ज्यादा के हथियार बेचेगा US

■ एपी, वॉशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के प्रशासन ने ताइवान को 10 अरब डॉलर से ज्यादा की कीमत के हथियारों की बिक्री के एक पैकेज की घोषणा की है। इसमें मध्यम दूरी की मिसाइलें, होवित्जर तोपें और ड्रोन शामिल हैं। अमेरिका के इस कदम पर चीन ने आक्रोश जताया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार देर रात इन हथियार सौदों की घोषणा की।

इन आठ हथियार बिक्री समझौतों में 82 उच्च गतिशीलता वाली तोपखाना रॉकेट प्रणाली (हिमार्स) और 420 सैन्य सामरिक मिसाइल प्रणाली शामिल हैं। ये वही प्रणालियां हैं, जैसी पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन के दौरान अमेरिका ने रूस के खिलाफ आत्मरक्षा के लिए यूक्रेन को प्रदान की थी। इनकी कुल कीमत चार अरब डॉलर से अधिक बताई गई है। इस पैकेज में 60 स्वचालित होवित्जर प्रणालियां और उनसे जुड़े उपकरण भी शामिल हैं, जिनकी कीमत भी चार अरब डॉलर से अधिक है। साथ ही ड्रोन की बिक्री एक अरब डॉलर से ज्यादा की बताई गई है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इससे चीन और अमेरिका के बीच हुए कूटनीतिक समझौतों का उल्लंघन होगा, चीन की संप्रभुता और अखंडता को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। क्षेत्रीय स्थिरता भी कमजोर होगी।



File

- मध्यम दूरी की मिसाइलें, होवित्जर तोपें और ड्रोन ताइवान को देगा अमेरिका
- डील पर चीन ने, कहा- यह कूटनीतिक समझौतों का उल्लंघन है

### ट्रंप ने उपलब्धियां गिनाई

**डॉनल्ड ट्रंप** ने हाल ही में आप्रवासन और 8 युद्ध रुकवाने में अपने प्रशासन की सफलताएं गिनाई। ट्रंप ने गुरुवार को राष्ट्र के नाम 19 मिनट के संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा, 11 महीने पहले मैंने एक गड़बड़ी का पता लगाया और मैं इसे ठीक कर रहा हूं। उन्होंने कहा, मैंने अमेरिकी ताकत को पुनर्स्थापित किया, 10 महीने में आठ युद्ध समाप्त किए, ईरान के परमाणु खतरे को नष्ट किया और गाजा में युद्ध पर विराम लगाया, जिसके चलते 3,000 साल में पहली बार पश्चिम एशिया में शांति आई। साथ ही कहा कि उन्होंने दुनियाभर से अमेरिका आने वाले प्रवासियों से निपटने में सफलता हासिल की, जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन रहे हैं।

### अब फोटो छपवाने का मौका भी

**खबरों का ज्ञान**


रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. भारत-ओमान के बीच FTA के तहत भारत के कितने फीसदी निर्यात को ड्यूटी-फ्री पहुंच मिलेगी? A. 98% B. 97% C. 96%
2. ओमान के सुल्तान ने प्रधानमंत्री मोदी को 'ऑर्डर ऑफ ओमान' से सम्मानित किया, उनका नाम? A. हैथम बिन तारिक B. अली बिन तारिक C. जिब्रान बिन तारिक
3. 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' किस योजना की जगह लाया गया है? A. शांति B. जन-धन C. मनरेगा
4. कर्नाटक विधानसभा ने हेट स्पीच रोकने वाले बिल में अधिकतम कितनी सजा का प्रावधान किया है? A. 8 साल B. 7 साल C. 9 साल
5. पंजाब में जिला परिषद और ब्लॉक समितियों के चुनाव में AAP ने कितनी फीसदी सीटें जीतीं? A. 65% B. 70% C. 60%

**कल के जवाब**

A1 C. इथियोपिया A2 A. बांग्लादेश A3 A. 30% A4 B. लेमबाउंड A5 C. सुप्रीम कोर्ट

**लकी विनर्स**



1. लक्ष्मी रानी, दिल्ली
2. संतोश बीर, नई दिल्ली
3. प्रवीण त्यागी, गाजियाबाद

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और तीनों के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

**रियलिटी चेक** सुप्रीम कोर्ट ने कहा, देश के गांवों में लोग भूजल पर निर्भर, बोतलबंद पानी तो बाद की बात है

## बोतलबंद पानी पर अर्ज़ी SC में खारिज, कोर्ट बोला- ये लग्ज़री मुकदमेबाजी

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने भारत में बोतलबंद पीने के पानी के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन न किए जाने से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। अदालत ने इस याचिका को 'लग्जरी मुकदमेबाजी' करार देते हुए कहा कि यह देश की जमीनी हकीकत की अनदेखी करती है। कहा, भारत के बड़े हिस्से में आज भी लोगों को पीने का पानी तक नहीं है, ऐसे में बोतलबंद पानी की क्वालिटी पर बहस प्राथमिक मुद्दा नहीं हो सकती।

सुनवाई की शुरुआत में ही सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सवाल उठाते हुए कहा, इस देश में पीने का पानी है कहां, मैडम? बोतलबंद पानी की गुणवत्ता तो बाद की बात है। यह मामला चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच के सामने आया था। बेंच सरंग वामन यादवकर की एक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पैकेज्ड पीने के पानी पर लागू मानकों में सुधार के लिए दिशानिर्देश जारी करने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि नागरिकों को कम से कम स्वच्छ और सुरक्षित बोतलबंद पीने का पानी मिलना चाहिए, क्योंकि यह मुद्दा सीधे तौर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा है। उन्होंने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 18 का हवाला देते हुए कहा कि अथॉरिटी पर यह जिम्मेदारी है कि वह निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करे।



File

> जब गांधी भारत आए, तो उन्होंने गरीब इलाकों की यात्रा की थी। याची से कहिए वह उन इलाकों में जाए, जहां पानी मिलना एक चुनौती है। तभी समझ आएगा, भारत क्या है।- चीफ जस्टिस

हालांकि, असहमति जताते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि यह याचिका एक शहरी-केंद्रित सोच को दर्शाती है, जबकि ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में लोग भूजल पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में लोग भूजल पीते हैं और उन्हें कुछ नहीं होता। यह पूरी सोच शहरी मानसिकता से जुड़ी है। बेंच ने यह भी कहा कि अगर याचिका उन गांवों पर केंद्रित होती, जहां आज भी बुनियादी पीने के पानी की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, तो अदालत को यह मामला ज्यादा सराहनीय लगता। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बोतलबंद पानी में कौन-सी सामग्री होनी चाहिए और कौन-सी नहीं, इस तरह की मांगें लग्जरी लिटिगेशन के दायरे में आती हैं।

अदालत ने कहा कि क्या आपको लगता है कि हम अमेरिका, जापान, यूरोपीय संघ के दिशा निर्देश लागू कर पाएंगे? हमें देश की वास्तविक हालात का सामना करना होगा। कोई भी गरीबों का मुद्दा नहीं उठाता।

## वीकेंड पर कुछ पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी संभव

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: इस वीकेंड पर कुछ पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में इस वीकेंड इसकी आशंका जताई है। शनिवार से मंगलवार के बीच दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस जम्मू-कश्मीर और लद्दाख पर असर डालेंगे। इससे ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होगी। मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होगी।



आईएमडी के अनुसार, 18 और 19 दिसंबर को जम्मू कश्मीर में मौसम सूखा और बादल छाए रहने की उम्मीद है। 20 दिसंबर को ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी होगी। भारी बर्फबारी मुख्य रूप से कुपवाड़ा के ऊंचाई वाले इलाकों तक ही सीमित रहेगी। सोनमर्ग-द्रास एक्सिस पर और उत्तरी कश्मीर में बांदीपोरा और कुपवाड़ा के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी का अनुमान है। यहां 6-36 इंच बर्फबारी होने की उम्मीद है।



AFP

## दुबई में आफत बनी बारिश, ट्रैफिक थमा



UAE में इन दिनों मौसम बिगड़ा हुआ है। दुबई समेत देश के कई हिस्सों में भारी बारिश देखने को मिली है। राष्ट्रीय मौसम केंद्र (NCM) ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। खराब मौसम का असर यातायात, हवाई यात्रा पर भी पड़ा है।

### धौला कुआं से हरियाणा के धारूहेड़ा तक नई इंटरस्टेट ई-बस सेवा की भी शुरुआत

# DTC के बेड़े में 100 और ई-बसें शामिल, CM ने दिखाई हरी झंडी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

DTC के बेड़े में गुरुवार को 100 और नई ई-बसें शामिल हुईं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इन बसों को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने कश्मीरी गेट बस अड्डे से ही धौला कुआं (दिल्ली) से धारूहेड़ा (हरियाणा) तक नई इंटरस्टेट इलेक्ट्रिक बस सेवा का भी शुभारंभ किया। CM ने कहा कि दिल्ली सरकार ने प्रदूषण को नियंत्रित करने और सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण और प्रभावी कदम उठाए हैं। इस मौके पर परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह भी उपस्थित थे। दिल्ली में अब इलेक्ट्रिक बसों की संख्या 3,500 से अधिक हो गई है।

**3,500** से ज्यादा हो गई है अब दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या



CM ने कहा, यह पहल सार्वजनिक परिवहन सेवा को और सशक्त बनाएगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन को और अधिक सशक्त बनाने, यात्रा को मंजिल तक पहुंचाने और प्रमुख मार्गों पर जाम और प्रदूषण को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि धौला कुआं-धारूहेड़ा रूट पर ई-बस सेवा क्षेत्रीय आवागमन को मजबूत करने के साथ-साथ दिल्ली के प्रदूषण नियंत्रण प्रयासों में भी अहम भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि हमारी सरकार द्वारा पिछले 10 महीनों में सालों से बदहाल रही परिवहन व्यवस्था को दुरुस्त करने और सार्वजनिक परिवहन को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि महिलाओं के लिए पिंक कार्ड सुविधा जल्द ही शुरू की जा रही है, जिससे उन्हें बार-बार टिकट लेने की जरूरत नहीं होगी और वे किसी भी बस में आसानी से यात्रा कर सकेंगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण और पूरे नेटवर्क को और सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा विशेष समर्थन प्रदान किया जा रहा है।

परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली धौला कुआं-धारूहेड़ा इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरुआत एक महत्वपूर्ण कदम है। इस नई सेवा से कार्यालय जाने वाले, छात्र और औद्योगिक कर्मचारी दिल्ली से आसानी से जुड़ पाएंगे। निजी वाहनों पर निर्भरता घटाकर यह सेवा ट्रैफिक जाम और प्रदूषण को कम करने में मदद करेगी, साथ ही DTC की इंटरस्टेट सेवाओं और राजस्व को भी मजबूत करेगी।

### HIV से पीड़ित कॉन्स्टेबल को दोबारा नौकरी पर रखें : HC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने एक बीएसएफ कॉन्स्टेबल को नौकरी पर वापस रखने का आदेश दिया है, जिसे जुलाई 2017 में एचआईवी पॉजिटिव होने की वजह से नौकरी से निकाल दिया गया था। जस्टिस सी हरिशंकर और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की बेंच बीएसएफ जवान की नौकरी पर वापस रखने की याचिका पर सुनवाई कर रही थी,



जिसमें 9 अप्रैल, 2019 के डिस्चार्ज ऑर्डर और उस ऑर्डर को रद्द करने की अपील की गई थी, जिससे उसके खिलाफ अपील भी खारिज कर दी गई थी।

16 दिसंबर के एक आदेश में कोर्ट ने कहा कि अगर याचिकाकर्ता की मेडिकल स्थिति उसे कॉन्स्टेबल (जनरल ड्यूटी) के पद पर काम करने की इजाजत नहीं देती है, जिस पर उसे शुरू में नियुक्त किया गया था, तो प्रतिवादियों (BSF और अन्य) को याचिकाकर्ता को किसी अन्य बराबर पद पर वैकल्पिक नियुक्ति देकर उचित सुविधा देनी होगी, जिसके लिए वह उपयुक्त है।

# दिल्ली में सड़क से संसद तक दिखता है राम सुतार का 'जादू'

■ विवेक शुक्ला, नई दिल्ली

मूर्तिकार राम सुतार 1959 में मुंबई से राजधानी आए थे। उन्हें भारत सरकार के सूचना और प्रसारण विभाग में नौकरी मिली थी, लेकिन उन्हें जल्दी ही सरकारी नौकरी में घुटन महसूस होने लगी। वहां पर वह अपने मन का काम नहीं कर पा रहे थे। इसलिए उन्होंने 1961 के अंत में सरकारी नौकरी छोड़ दी। तब ही उन्हें गोविन्द बल्लभ पंत की आदमकद प्रतिमा बनाने का चुनौतीपूर्ण काम मिल गया। उन्होंने कुछ ही महीनों में पंत की प्रतिमा को तैयार कर दी। वह तब लाजपत नगर-4 के विक्रम विहार में रहा करते थे। पंत की प्रतिमा रेल भवन के ठीक सामने दशकों तक लगी रही।

सुतार ने इसके बाद सैकड़ों धड़ और आदमकद मूर्तियां बनाईं। ये देश और दुनिया सब जगह स्थापित हैं। पर उनकी तराशी हुई सर्वाधिक मूर्तियां राजधानी दिल्ली में हैं। उनका मंगलवार को नोएडा के अपने घर में निधन हो गया। सुतार की मूर्तियां केवल पत्थर और धातु की रचनाएं नहीं हैं, बल्कि ये राष्ट्रीय इतिहास के जीवंत दस्तावेज हैं। सुतार ने 100 वर्ष की उम्र तक अपनी रचनात्मकता को बनाए रखा। उन्होंने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी जैसी विश्व की सबसे ऊंची मूर्ति बनाई, जो सरदार पटेल को समर्पित है।



**संसद में राम सुतार:** संसद भवन परिसर दिल्ली में सुतार की मूर्तियों का सबसे प्रमुख स्थल है। यहां स्थापित महात्मा गांधी की मूर्ति उनकी सबसे प्रसिद्ध रचनाओं में से एक है। 1993 में स्थापित यह 16 फीट ऊंची कांस्य मूर्ति गांधी जी को ध्यान मुद्रा में दिखाती है। सुतार ने गांधी जी के चेहरे पर शांति और दृढ़ता का ऐसा भाव उकेरा है कि यह दर्शकों को स्वतंत्रता संग्राम की याद दिलाती है। इस मूर्ति की डुप्लीकेट गांधीनगर, गुजरात में भी स्थापित है। सुतार ने एक बार बताया था कि उन्होंने एक बार बचपन में अपने गांव में गांधी जी के दर्शन किए थे, वे तब से ही खादी पहनने लगे थे।

**भगत सिंह की मूर्ति भी बनाई:** संसद परिसर में ही 2008 में स्थापित शहीद भगत सिंह की मूर्ति राम सुतार की एक और उत्कृष्ट कृति है। यह कांस्य मूर्ति 18 फीट ऊंची है। संसद भवन में सुतार की ओर से बनाई एक और महत्वपूर्ण मूर्ति छत्रपति शिवाजी महाराज की है। 2003 में स्थापित यह 21 फीट ऊंची ब्रॉन्ज घुड़सवार मूर्ति शिवाजी को घोड़े पर सवार दिखाती है। सुतार ने शिवाजी की मूर्ति बनाते समय मराठा इतिहास का गहन अध्ययन किया, ताकि वेशभूषा और मुद्रा ऐतिहासिक रूप से सटीक हो। संसद में ही महात्मा ज्योतिबा फुले की 12 फीट ऊंची मूर्ति भी सुतार की रचना है। डॉ. भीमराव आंबेडकर की 2017 में 16 जनपथ में स्थापित 15 फीट ऊंची ब्रॉन्ज मूर्ति को भी राम सुतार ने ही बनाया था। बाबा साहेब के जीवन पर्यंत साथी रहे होती लाल पिपल के बेटे और मशहूर लेखक डॉ. रविन्द्र कुमार कहते हैं कि यह मूर्ति दलित समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत है और दिल्ली के सामाजिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण है।


**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सासाराम।**

केवल ई० निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट एवं www.eproc2.bihar.gov.in पर

SBD पुनः ई०-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- 16/2025-2026

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, सासाराम।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि :- 16.12.2025
3. परिमाण विपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय :- दिनांक- 26.12.2025 से 17.01.2026 तक को 03:00 बजे तक।
4. मूल कागजात जमा करने की अंतिम तिथि एवं स्थान :- निविदा खोलने की तिथि एवं समय से पहले 3:00 बजे तक।
   a. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल सासाराम।
   b. अधीक्षण अभियंता भवन अंचल आरा।
   c. मुख्य अभियंता (द०) भवन निर्माण विभाग बिहार पटना।
5. निविदा खोलने (तकनीकी बीड) की तिथि एवं समय :- दिनांक- 19.01.2026 को 3:30 बजे अपराह्न तक।
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :- तकनीकी बीड मूल्यांकन के पश्चात।
7. प्रीबीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :- दिनांक-05.01.2026 को अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, आरा। दिनांक 09.01.2026 मुख्य अभियंता (द०) भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना।
8. परिमाण-विपत्र की बिक्री एवं स्थान :- वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in
9. निविदा प्राप्ति का स्थान :- वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in
10. निविदा वैधता की तिथि :- 120 दिन
11. कार्य का विवरण :-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | परिमाण-विपत्र की राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (न लौटाने योग्य) (रू० में) | ई-निविदा Bid processing fee | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड- दिनारा में नये प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य (विद्युतीकरण कार्य सहित)। | 14,50,30,000.00 | 24,51,000.00 | 10,000.00 | As Per Online Requirement | 12 माह। |
| 2 | रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड- नौहट्टा में नये प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य (विद्युतीकरण कार्य सहित)। | 12,74,20,000.00 | 22,75,000.00 | 10,000.00 | As Per Online Requirement | 12 माह। |

1-विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in/state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

PR- 019923 (B C D) 2025-26

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, सासाराम।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



**Office of District Town Planner (Enforcement), Gurugram**
**DEPARTMENT OF TOWN & COUNTRY PLANNING, HARYANA**
**Sector-14, HUDA COMPLEX, 3rd FLOOR, GURUGRAM.**
**E-mail : dtpenf5.gurugram.tcp@gmail.com**

**PUBLIC NOTICE**

**"This notice is being issued in supersession of earlier public notice dated 04.12.2025."**

Whereas, a survey of residential licensed plotted colony namely DLF Phase I to V, Gurugram was conducted by this office, wherein, it was reported that 4183 nos. residents/owner(s) of individual plots in both EWS and General Category had raised unauthorized construction/illegal commercial use in contravention of Haryana Development and Regulation Act, 1975. The said survey was duly submitted on 22.01.2025 before the Hon'ble High Court of Punjab & Haryana in CWP No. 1528 of 2021 titled as **"DLF City Residents Welfare Association & Anr Vs State of Haryana and Ors"** and CWP No. 2106 of 2021 titled as **"DLF-3 Voice Vs State of Haryana and Ors".**

Now, in compliance of order dated 26.11.2025 passed by the Hon'ble High Court of Punjab & Haryana in the CM Applications no. in CWP No. 1528 of 2021, it is informed to all the owner(s)/resident(s) of DLF Phase I to V, Gurugram that the revised list of violations of General & EWS category plots (includes earlier violations also as publicized with public notice dated 04.12.2025) as detected has been duly uploaded on the website of Department of Town & Country Planning Haryana i.e. https://tcpharyana.gov.in.

The owners/violators/impacted parties with respect to the uploaded lists may submit their objections/ representation along with copy of BR-III with approved building plan, BR-VII, photographs of the building duly mentioning the contact address, e-mail and mobile number in this office by **16.01.2026**, after such date, no objections/ representations will be accepted by any means.

The copy of orders dated 13.02.2025 and 26.11.2025 passed by Hon'ble High Court of Punjab & Haryana; orders dated 04.04.2025 and 28.10.2025 passed by Hon'ble Supreme Court of India has also been uploaded on the website.

This is for the information of general public and in compliance of directions dated 26.11.2025 of the Hon'ble Punjab & Haryana High Court passed in aforesaid Writ Petitions/ CM Applications. For any information required in this regard, please contact on Mr. Harshit Saluja, Junior Engineer of this office - Mobile no. 9560057544.

--Sd--
**District Town Planner,**
**Enforcement Gurugram**
**Town & Country Planning, Haryana.**

Issued through DPR,Haryana/Advt.No. : 41380/18/12/2025


# नर्सरी एडमिशन: स्टाफ 'मैनेजमेंट' कोटे का हिस्सा, अलग से पॉइंट देना गलत

## एक्सपर्ट्स का कहना, 20% सीटें पहले से ही मैनेजमेंट के लिए रिजर्व

Katyayani.Upreti@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी क्लास के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं। अपने 100 पॉइंट एडमिशन क्राइटेरिया में कई स्कूलों ने डिस्टेंस, सिब्लिंग, अल्मनाई, गर्ल चाइल्ड, फर्स्ट बॉर्न चाइल्ड के अलावा स्टाफ को भी अलग से पॉइंट दिए हैं या मैनेजमेंट से अलग सीटें रिजर्व की हैं, जो पैरेंट्स को उलझन में डाल रहा है। दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों में इस बार भी मैनेजमेंट कोटा 20% है। जनरल सीटों से अलग ये सीटें स्कूलों में 'मैनेजमेंट' के नाम पर रिजर्व हैं, लेकिन कई स्कूलों ने स्टाफ को इसमें शामिल नहीं किया है बल्कि उसे अलग जगह दी है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि स्टाफ मैनेजमेंट का ही हिस्सा है। अगर स्कूल अलग से स्टाफ के लिए सीटें रख रहे हैं तो शिक्षा निदेशालय को एक्शन लेना चाहिए। फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 27 दिसंबर है।



अपने एडमिशन क्राइटेरिया में कई प्राइवेट स्कूलों ने स्टाफ को शामिल किया है और 5 से 20 पॉइंट दिए हैं। होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लिटिल एंजल्स स्कूल, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, क्वींस पब्लिक स्कूल, बाल विद्या मॉडल स्कूल, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, लांसर कॉन्वेंट स्कूल, टैगोर इंटरनेशनल स्कूल, गंगा इंटरनेशनल स्कूल, पैरामाउंट स्कूल, मॉडर्न स्कूल वगैरह। इन स्कूलों ने 5 से 20 पॉइंट स्टाफ के लिए रिजर्व किए गए हैं। साथ ही 20% मैनेजमेंट कोटा अलग से रखा है। इस वजह से सीट पक्की करने के लिए कई पैरेंट्स मैनेजमेंट कोटे का जुगाड़ ढूंढ रहे हैं। बची 75% ओपन सीटों में 20% सीटें मैनेजमेंट कोटे के नाम पर कई स्कूल रिजर्व रखते हैं। प्राइवेट स्कूलों में 25% सीटें ईडब्ल्यूएस/डीजी/सीडब्ल्यूएसएन के लिए रिजर्व रहती हैं।

**27 दिसंबर है फॉर्म भरने की आखिरी तारीख**

**20% मैनेजमेंट कोटे में किसको एडमिशन:** दिल्ली स्टेट पब्लिक स्कूल्स मैनेजमेंट असोसिएशन के प्रेसिडेंट आरसी जैन का कहना है कि स्टाफ या मैनेजमेंट के लिए कोई पॉइंट नहीं दे सकते यानी ये 100 पॉइंट फॉर्मूले में अंदर आना चाहिए। स्टाफ की सीटें बचती हैं, तो यह जनरल में लाई जा सकती हैं। अगर कोई स्कूल तय मैनेजमेंट कोटे 20% से अलग स्टाफ के लिए कोटा रखता है, तो यह भी गलत है। मैनेजमेंट कोटे को हाई कोर्ट ने इसलिए स्वीकार किया था क्योंकि स्कूल सोशल स्ट्रक्चर है जिसे खड़ा करने में कई बॉडी मदद करती है और यह कोटा इन्हीं के लिए है, जैसे मैनेजमेंट, सोसायटी, ट्रस्टी, स्टाफ। मगर कई स्कूल 5% कोटा स्टाफ के लिए रखे हैं या अलग से पॉइंट। ओपन सीटों का कोटा 55% होना ही चाहिए।

**'मनमानी रोकने के लिए कानून जरूरी'**

एजुकेशन एक्टिविस्ट अशोक अग्रवाल कहते हैं, मैनेजमेंट कोटा के नाम पर कई स्कूल एजुकेशन का कमर्शलाइजेशन करते हैं, यहां तक कुछ तो सीटें भी बेचते हैं। दूसरा, इन सीटों पर सिर्फ मैनेजमेंट से जुड़े लोगों के बच्चों को दाखिला देना चाहिए और स्टाफ भी इसी का हिस्सा होना चाहिए। इन सीटों को मॉनिटर करने के लिए सरकार का मजबूत सिस्टम होना चाहिए। नर्सरी राइट टु एजुकेशन में नहीं आती, अभी इसमें यह स्क्रीनिंग हो रही है। हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार को सिफारिश भी दी गई है कि आरटीई एक्ट में संशोधन कर इसे बदला जाए।

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

**मैनेजमेंट कोटे का गलत इस्तेमाल**

मैनेजमेंट कोटा प्राइवेट स्कूल के ट्रस्टी, स्टाफ के बच्चों के लिए ही बनाया था, मगर कई स्कूल में 5% कोटा स्टाफ के लिए रखे हैं या अलग से पॉइंट। इससे ओपन सीटें कम होती हैं, जबकि इसका कोटा 55% होना ही चाहिए। मैनेजमेंट कोटा कमर्शलाइजेशन और भेदभाव को बढ़ावा दे रहा है, इस दलील के साथ मामला अदालतों तक भी पहुंचा है। विशेषज्ञों का मानना है कि मैनेजमेंट कोटा को लेकर सरकार का निगरानी सिस्टम बेहद मजबूत होना जरूरी है क्योंकि हर साल इसका गलत इस्तेमाल हो रहा है।

# कुत्तों पर SC की सख्त टिप्पणी, अगली सुनवाई में 'मानवता' पर होगा सवाल

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : आवारा कुत्तों से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मानवीयता को लेकर सख्त टिप्पणी की। गुरुवार को सुनवाई में जब याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कुछ नियमों के कारण कुत्तों के साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा है, तो अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई में एक विडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा कि मानवता आखिर क्या है।

इस मामले की सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच कर रही थी। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बताया कि गुरुवार को इस प्रकरण की सुनवाई के लिए गठित तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ नहीं बैठी। इस पर जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई 7 जनवरी को होगी। कपिल सिब्बल ने कहा कि इस बीच एमसीडी ने कुछ ऐसे नियम बना दिए हैं जो वैधानिक प्रावधानों के विपरीत हैं। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण दिसंबर में ही इन नियमों को लागू कर देगा और इसके तहत आवारा कुत्तों को हटाया जाएगा। जब बेंच ने कहा कि वह 7 जनवरी को इन मुद्दों पर विचार करेगी, तो सिब्बल ने आशंका जताई कि तब तक हालात बदल चुके होंगे। इस पर जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि "मिस्टर सिब्बल, उन्हें करने दीजिए, हम इस पर विचार करेंगे।" इसके बाद सिब्बल ने शुक्रवार को ही मामले की सुनवाई किए जाने का आग्रह किया। इस पर जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि अगली तारीख पर अदालत एक विडियो चलाएगी और पूछा जाएगा कि मानवता क्या है।



### 'खेती की जमीन का सर्कल रेट पूरे दिल्ली में समान हो'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली पंचायत संघ ने राजधानी में किसानों की खेती की जमीन का सर्कल रेट सभी गांवों में एक समान करने की मांग की है। संघ का कहना है कि यमुना खादर, बंजर भूमि, साउथ दिल्ली, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली सहित अलग-अलग श्रेणियों में सर्कल रेट तय करना किसानों के साथ अन्याय है। संघ के अनुसार, दिल्ली लगभग 100 किलोमीटर में फैली है, लेकिन भूमि अधिग्रहण के दौरान अलग-अलग दरों पर मुआवजा दिया गया, जिससे छोटे किसानों को नुकसान हुआ। जबकि दिल्ली की एग्रिकल्चरल लैंड का महत्व लगभग समान है, इसलिए सभी किसानों को बराबर सर्कल रेट मिलना चाहिए। पंचायत संघ ने बताया कि दिल्ली में अधिकांश किसान छोटे हैं, जिनके पास 1 से 2.5 एकड़ तक जमीन है और उनकी आजीविका पूरी तरह खेती पर निर्भर है। संघ ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से किसानों को न्यायोचित मुआवजा और सम्मान दिलाने की अपील की है।

**दिल्ली पंचायत संघ ने की मांग**


DEPARTMENT OF FINANCIAL SERVICES
MINISTRY OF FINANCE
GOVERNMENT OF INDIA

Campaign for efficient and quick settlement of unclaimed assets namely, bank deposits, mutual funds, life and general insurance policies, pension accounts and shares and dividend in the financial sector

October - December 2025

"आपकी पूँजी, आपका अधिकार"
Your Money, Your Right

Awareness Access and Action

STATE LEVEL BANKERS' COMMITTEE - DELHI



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,**
**ROAD DIVISION, GUMLA-835207**
**E-mail :- eeredgumla-jhr@nic.in**

**e-Procurement Notice**

e-Tender Reference no.- RCD/GUMLA/780 Dated :- 16/12/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल गुमला अन्तर्गत बांकुटोली-कुरकुरा- बानो पथ कुल लम्बाई- 33.568 किमी०) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य पुल निर्माण सहित। |
| 2 | प्राक्कलित राशि | Rs.- 1093291444.00(एक सौ नौ करोड़ बत्तीस लाख एकानबे हजार चार सौ चौवालीस मात्र) |
| 3 | बीड सिक्युरिटी (राशि) | Rs.- 10933000.00 |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 Month |
| 5 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 26.12.2025 from 10.30 A.M. |
| 6 | प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं स्थान | 27.12.2025 at 11.00 A.M. Chief Engineer (Com)cum-Nodal Officer, e-Procurement Cell, RCD, Jharkhand, 1st Floor, Engineer's Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004. |
| 7 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.01.2026 upto 12.00 Noon |
| 8 | निविदा खुलने का तिथि एवं समय | 27.01.2026 at 12.30 P.M. |
| 9 | निविदा खुलने का स्थान | Chairman, e-Procurement Cell, RCD, Jharkhand, 3rd Floor, Project Building, Dhurwa, Ranchi-834004. |
| 10 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम, पता एवं दूरभाष संख्या | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, गुमला। मोबाईल न०- 8709076211 |
| 11 | ई-मेल | eeredgumla-jhr@nic.in |
| 12 | ई-प्रोक्यूरमेंट सेल का सहायता दूरभाष संख्या | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

ह०/-
कार्यपालक अभियन्ता,
पथ प्रमण्डल, गुमला

PR 368909 Road (25-26)_D



**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82255055A | फ्लेक्सिबल डिजिटल यूरो-वीडियोस्कोपी एंडोस्कोपी सिस्टम (स्पेसिफिकेशन अटैच्ड) | 01 नग | 09.01.2026 |


निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी आइरेप्स वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं.: 82255055A दिनांक 18.12.2025 3908/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**पहचान की अपील**



एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसका नाम: नामालूम, पुत्र: नामालूम, पता: नामालूम, उम्र: लगभग 37 साल, कद : 7.7 फुट, रंग: साफ, पहचान: "रवि" का टैटू गुदा हुआ है। जिसने लाल रंग की कमीज और खाकी रंग की कार्गो पैन्ट पहने हुए थाना दिल्ली कैन्ट, नई दिल्ली के अधिकार क्षेत्र से मृत अवस्था में पाया गया था। इस संदर्भ में डी. डी. सं. 33ए दिनांक 30.10.2025 को थाना दिल्ली कैन्ट, नई दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:-

थानाध्यक्ष : थाना दिल्ली कैन्ट, नई दिल्ली
दूरभाष सं.: 011-25693161, 9136400244

DP/17024/SW/2025



**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**



वैष्णवी



प्रीति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दो लड़कियों (फोटो में दिखायी गयी है) जिनका नाम (1) वैष्णवी पुत्री संदीप, उम्र-13 वर्ष, (2) प्रीति पुत्री राजेंदर महतो, निवासी: मकान नं० 304, एन.के. इलेक्ट्रॉनिक मट पटिया स्ट्रीट के पास, कुम्हार कॉलोनी, उत्तम नगर, दिल्ली, जो कि अपने घर से दिनांक 13.12.2025 को शाम 4.00 बजे से लापता होने की सूचना मिली है। FIR No. 760/25, Dated 14.12.2025, U/S 137 (2) भारतीय न्याय संहिता, 2023, के तहत पुलिस स्टेशन बिंदापुर, द्वारका जिला, दिल्ली, में पंजीकृत किया गया है। दोनों लड़कियों का शारीरिक विवरण इस प्रकार है :

(1) लिंग: महिला, कद: 5'0", रंग: साफ, बाल: काले, दो चोटी बनी, पहनावा: काली कमीज व काला लोवर और पैरों में सफेद जूते, (2) लिंग: महिला, कद: 5'0", रंग: साफ, बाल: काले और बॉय कट, पहनावा: पीला स्वेटर, सफेद जींस और पैरों में सफेद जूते पहने हुए है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इन लापता 2 लड़कियों के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इन 2 लड़कियों के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

थाना प्रभारी,
पुलिस स्टेशन बिंदापुर, द्वारका जिला, दिल्ली
फोन: 9873909179

वेबसाइट: https://cbi.nic.in
DP/17001/DW/2025

# बिजवासन में बन रहे थे नकली दवा और कॉस्मेटिक्स


## क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने अवैध फैक्ट्री में छापा मारकर मालिक को किया गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**नकली दवा** और डुप्लिकेट कॉस्मेटिक्स बनाने की फैक्ट्री बिजवासन गांव में चल रही थी। क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने रेड कर मालिक प्रमोद कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया है। फार्म हाउस किराए पर लेकर चल रही फैक्ट्री से 600 किग्रा स्टीयरिक एसिड, खाली डिब्बे, पैकेजिंग और मैन्युफैक्चरिंग मशीनें, नामी कंपनी की क्रीम और हेयर रिमूवल क्रीम के लगभग 800-800 डिब्बे समेत काफी माल बरामद किया है। कच्चे माल के सोर्स और डिस्ट्रिब्यूशन नेटवर्क को खंगाला जा रहा है, ताकि सप्लाई चेन को खत्म किया जा सके। प्रमोद पर 2006 में सदर बाजार थाने में कॉपीराइट का एक केस दर्ज मिला।

डीसीपी (क्राइम) आदित्य गौतम के मुताबिक, साइबर सेल के एसीपी अनिल शर्मा के सुपरविजन में बनी इंस्पेक्टर मनजीत कुमार की टीम ने 12 दिसंबर को गाजियाबाद जिले के लोनी से श्रीराम

AI Image



उर्फ विशाल गुप्ता और गौरव भगत को गिरफ्तार किया था। इनसे 2.2 करोड़ रुपये की नकली दवा और कॉस्मेटिक्स रिकवर हुआ था। दोनों आरोपियों ने खुलासा किया कि प्रमोद कुमार गुप्ता एक अवैध फैक्ट्री चला रहा है, जहां नकली बेटनोवेट-सी ऑइंटमेंट बनती है। आरोपी प्रमोद को बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया।

- फार्म हाउस किराए पर लेकर चल रही थी फैक्ट्री। आरोपी पर 2006 में सदर बाजार थाने में कॉपीराइट का एक केस दर्ज मिला
- कच्चे माल के सोर्स और डिस्ट्रिब्यूशन नेटवर्क को खंगाला जा रहा है, ताकि सप्लाई चेन को खत्म किया जा सके

बिजवासन गांव स्थित अवैध फैक्ट्री पर छापा मारा, जो किराए के फार्म हाउस में चल रही थी। ड्रग इंस्पेक्टर ने सैंपल लिए। इसके बाद भारी मात्रा में कच्चा माल, तैयार प्रोडक्ट, पैकेजिंग का सामान और मैन्युफैक्चरिंग मशीनरी बरामद की गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (HUL) प्रतिनिधि ने जब्त कॉस्मेटिक प्रोडक्ट को जांच के बाद नकली करार दिया। जांच में पता चला कि आरोपी ने सहयोगियों की गिरफ्तारी के बाद नकली बेटनोवेट-सी ऑइंटमेंट की लगभग 27,000 ट्यूब वाले करीब 25 कार्टन जला दिए थे। फैक्ट्री मालिक ताला लगा कर दिल्ली से फरार हो गया।

## समीर मोदी पर आरोप लगाने वाली महिला के खिलाफ FIR का आदेश

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** साकेत की मैजिस्ट्रेट कोर्ट ने कारोबारी समीर मोदी पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला के खिलाफ कथित तौर पर रंगदारी मांगने के मामले में एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने यह निर्देश न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने के एसएचओ को दिया है और अनुपालन रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

अडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मैजिस्ट्रेट विनोद जोशी ने आदेश में कहा कि समीर मोदी द्वारा लगाए गए आरोपों पर निष्पक्ष जांच उनका अधिकार है। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि समीर मोदी के खिलाफ दाखिल चार्जशीट में उनके द्वारा लगाए गए रंगदारी के आरोपों और उस पर की गई जांच का कोई जिक्र नहीं है।




## मालकिन को ढूंढने निकली मेड को आरोपी के फ्लैट पर सबसे पहले हुआ शक

# खून के धब्बों ने दे दिया कत्ल का क्लू

**गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन की ऑरा कायमेरा सोसायटी में मकान मालकिन की हत्या महज किराया मांगने को लेकर कर दी गई। बताया जा रहा है कि किराएदार पति-पत्नी पिछले छह महीने से किराया नहीं दे रहे थे। इस बात को लेकर मकान मालकिन का उनके साथ विवाद भी चल रहा था।**

■ एनबीटी न्यूज, गाजियाबाद

राजनगर एक्सटेंशन की ऑरा कायमेरा सोसायटी में हत्या की ओर इशारा फ्लैट में पड़े खून के धब्बों ने किया। बुधवार देर शाम फ्लैट मालकिन दीपशिखा को ढूंढते पहुंची मेड ने खून देखा तो शोर मचाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। दीपशिखा का शव बेड के बॉक्स में एक सूटकेस के अंदर से मिला।

फ्लैट का किराया मांगने गई मालकिन दीपशिखा की हत्या कर शव को बैग में रखने और फिर बेड के बॉक्स में छिपाने वाले हत्यारोपी दंपती जय गुप्ता और आकृति को इस वारदात का कोई पछतावा नहीं है। पुलिस के समक्ष दोनों ने हत्या को अंजाम देना स्वीकार करते हुए कहा कि वह इतने परेशान हो गए थे कि वारदात करनी ही थी। आरोपी जय ने कहा कि बुधवार को भी मालकिन ने बहुत बुरा-भला बोला और उसकी पत्नी से की अभद्रता की। जब उसने इसका विरोध किया तो महिला ने उसके हाथ पर काट लिया। इससे गुस्से में आकर उसने दीपशिखा की हत्या कर दी।


पुलिस के अनुसार, आरोपी जय गुप्ता अपनी पत्नी आकृति के साथ संजयनगर में रहता था और उसका ट्रांसपोर्ट का काम था, धीरे-धीरे काम पूरी तरह बंद हो गया। वह बीमार रहने लगा और उसकी दोनों किडनी खराब हो गईं। उसका संजयनगर का मकान यहां तक कि बाइक तक बिक गई। इसके बाद उसने फरवरी 2025 में ऑरा कायमेरा सोसायटी में । आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वे फ्लैट का किराया भी नहीं दे पा रहे थे। ऐसे में दीपशिखा उन्हें परेशान करने लगी। वह कहती थी कि बिना किराया दिए फ्लैट से कहीं जाने नहीं देंगी। बिजली जाने पर उन्हें अंधेरे में फ्लैट में रहना पड़ता था।

पुलिस को मेड मिन्नी ने बताया कि काफी देर तक जब दीपशिखा घर नहीं पहुंचीं तो वह उनकी तलाश में निकलीं। जय गुप्ता के फ्लैट पर पहुंचे उसने दीपशिखा के बारे में पूछा तो जय और आकृति ने उनके लौटने की बात कही। ऐसे में वह लौट गईं, लेकिन जब दीपशिखा कहीं नहीं मिली तो वह फिर से वहीं पहुंची और उनके फ्लैट में ही बैठ गईं। इधर-उधर देखने पर फर्श पर खून के धब्बे दिखाई दिए। उनका


## आरोपियों ने बुक किया ऑटो, लेकिन शव ठिकाने नहीं लगा पाए



**पहले लौटाया...** बुधवार शाम दीपशिखा मेड के साथ किराया लेने गई थी, आकृति ने दोबारा आने को कहा, दीपशिखा दोबारा गई।




**ऐसे दिया अंजाम...** दीपशिखा अकेली फ्लैट में गई, हाथापाई के बाद आकृति ने चुन्नी से गला दबाया और कुकर से सिर पर वार कर दिया।



**यूं खुला राज...** दीपशिखा नहीं मिली तो मेड फ्लैट में पहुंची, फर्श पर खून के धब्बे दिखे, बेड में सूटकेस से दीपशिखा का शव मिला।

Subrata Dhar

## गाजियाबाद में वारदात



दीपशिखा (फाइल फोटो)

- आरोपियों ने कहा, किराया न देने के चलते मालकिन करती थी परेशान और अभद्रता
- 18 हजार रुपये प्रति माह किराये पर आरोपियों ने फ्लैट लिया था

## लगातार बयान बदल रहे हैं आरोपी

जय लगातार बयान बदल रहा है। पहले उसने बताया कि वह शव को ट्रॉली बैग में रखकर ले जा रहा था, लेकिन सोसायटी में कुछ लोग झगड़ रहे थे। ऐसे में डर के कारण वापस आ गया। उसने शव को ठिकाने लगाने के लिए 200 रुपये में ऑटो भी बुक किया था।

## सोसायटी में दहशत का माहौल, लोगों ने साधी चुप्पी



राजनगर एक्सटेंशन की इसी ऑरा कायमेरा सोसायटी में हुई वारदात

■ **NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद:** ऑरा कायमेरा सोसायटी में बुधवार रात को किराएदार की ओर से फ्लैट मालकिन की हत्या की घटना के बाद से सोसायटी में दहशत का माहौल है। हालांकि सोसायटी के लोग आपस में बात कर रहे थे, लेकिन किसी बाहरी व्यक्ति या मीडिया के सामने कुछ भी बोलने को तैयार नहीं थे। वह यह जरूर बोल रहे थे कि उनकी सोसायटी में हुई इस घटना ने उन लोगों को डरा दिया है। सोसायटी के एफ-ब्लॉक के जिस टॉवर के फ्लैट में जय गुप्ता और आकृति गुप्ता रहते थे। वहां के लोगों का कहना है कि आरोपी पति-पत्नी सोसायटी में किसी से मतलब नहीं रखते थे। अक्सर फ्लैट में ही रहते थे। कहीं आते जाते भी कभी किसी से बात नहीं करते थे। यहां तक की फ्लैट में लाइट न होने पर भी बाहर नहीं आते थे। हालांकि कुछ लोगों का यह भी कहना था कि पत्नी जरूर रोज कहीं जाती थी, जिससे लगता था कि वह कहीं जॉब करती है, लेकिन कभी किसी को कुछ बताया नहीं। हत्यारोपी के पड़ोस के फ्लैट में रहने वाले एक युवक का कहना था कि अक्सर आरोपी पति-पत्नी के बीच भी विवाद होता था। कई बार झगड़े की आवाज फ्लैट के बाहर तक आती थी। वारदात के खुलासे से कुछ समय पहले भी फ्लैट से चिल्लाने की आवाज आई थी, लेकिन पड़ोसियों ने सोचा कि फिर से पति-पत्नी के बीच विवाद हो रहा होगा। ऐसे में कोई कुछ बोला नहीं।

**आरोपी पति-पत्नी किसी से नहीं रखते थे मतलब**

## पहले टीचर थीं दीपशिखा, बेटी करती है जॉब

■ **NBT न्यूज, हापुड़ :** किराये के बकाया 90 हजार रुपये मांगने पर पूर्व शिक्षिका की हत्या के बाद शव को उनकी ससुराल हापुड़ लाया गया, तो कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में मृतका का अंतिम संस्कार चौराखी पर किया गया। मेरठ के मवाना निवासी दीपशिखा की शादी 25 साल पूर्व हापुड़ की इन्द्रलोक कॉलोनी निवासी उमेश शर्मा से हुई थी। शादी के दो साल बाद दंपती गाजियाबाद शिफ्ट हो गए थे। उनकी एक बेटी भी है, जो गुड़गांव में जॉब करती है। वारदात के बाद परिवार ने मां के बीमार होने की जानकारी देकर बेटी को बुलवाया था। दीपशिखा पहले एक स्कूल में टीचर थीं, लेकिन कुछ समय पहले उन्होंने जॉब छोड़ दी थी और फिलहाल इंश्योरेंस का काम करती थीं।

**गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार**

## तनाव और गुस्से का परिणाम है यह वारदात: मनोचिकित्सक




हत्या के आरोपी पति-पत्नी, आर्थिक रूप से परेशान थे दोनों

■ एनबीटी न्यूज, गाजियाबाद

**मनोचिकित्सक अनिल** विश्वकर्मा का कहना है कि राजनगर एक्सटेंशन की ऑरा कायमेरा की घटना मानसिक तनाव का परिणाम है। जानकारी के अनुसार, चूंकि किराएदार आर्थिक रूप से परेशान था। मकान बिक गया और बिजनेस भी बंद हो गया था। ऐसे में वह किराया तक नहीं दे पा रहा था। दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति होना भी लाजिमी है। जब भी ऐसी परिस्थितियां हों तो उसे बेहद सावधानी के साथ हैंडल करना आना चाहिए। ऐसे में पुलिस की मदद लेने की जरूरत थी। चूंकि आरोपी मानसिक रूप से तनाव में था, जिससे व्यक्ति को छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आता है और वह आपे से बाहर हो जाता है। हल्की फहमफुली लड़ाई झगड़े में बदल जाती है। ऐसा ही इस केस में हुआ और गुस्से में एक की जान चली गई। जब आरोपी का गुस्सा कम हुआ होगा तो उसे डर लगा और शव को ठिकाने लगाने का प्लान बना लिया।

**तनाव में आता है छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा**

## पुलिस पूछताछ में एक-दूसरे को बचाते रहे दोनों आरोपी



दोनों कहते रहे कि हत्या केवल उसने की है, उसको ही मिले सजा

■ **NBT न्यूज, गाजियाबाद :** पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान दंपती एक दूसरे को हत्या के आरोप से बचाते रहे। पहले आदमी ने कहा कि फ्लैट मालकिन की हत्या उसने ही की है। इसमें उसकी पत्नी का कोई दोष नहीं है। ऐसे में इसे कुछ न किया जाए। इसी दौरान आरोपी महिला ने कहा कि मेरे पति गलत बोल रहे हैं, महिला की हत्या हम दोनों ने मिलकर की है। इसमें पति अकेले दोषी नहीं हैं। ऐसे में सिर्फ उन्हें सजा नहीं मिलनी चाहिए और पुलिस दोनों के साथ एक सा व्यवहार करे।

## कभी था ट्रांसपोर्टर फिर घर चलाना भी हो गया दूभर

■ **NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद :** ऑरा कायमेरा सोसायटी में फ्लैट मालकिन को मौत के घाट उतारने के आरोपी न तो पेशेवर अपराधी रहे हैं और न ही उनकी आर्थिक स्थिति खराब थी। करीब डेढ़ साल पहले तक हत्यारोपी जय गुप्ता का ट्रांसपोर्ट का कारोबार बहुत अच्छा चल रहा था। इस दौरान उसकी पहले एक किडनी खराब हुई और उसके इलाज के लिए उसका काफी पैसा खर्च हो गया। वहीं, इस दौरान उसकी दूसरी किडनी भी खराब हो गई। इसके कारण उसका बहुत पैसा खर्च हुआ और उसे अपना कारोबार भी बंद करना पड़ा। इसके बाद वह किराये पर रहने लगे। पत्नी आकृति गुप्ता भी पहले जॉब करती थी, लेकिन पति की देखभाल के कारण जॉब नहीं कर पा रही थी। इससे वह तनाव में रहती थे।

**कारोबार बंद होने के बाद किराये पर रह रहे थे आरोपी**

**किडनी खराब हुई तो इलाज में काफी पैसा खर्च हो गया**

**बुजुर्ग की हत्या** आरोपी ने महिला के पहने कान के टॉप्स और अंगूठी निकाली और 70 हजार में बेचकर फरार हो गया था

# किराया मांगने पर रोहिणी में हुआ था मर्डर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**आर्थिक तंगी** से गुजर रहे युवक से बुजुर्ग मकान मालकिन ने कई महीनों का बाकी किराया मांगा, तो उसने उनकी हत्या कर अपनी मुफलिसी दूर करने का फैसला कर लिया। वारदात को अंजाम देकर कान से गोल्ड के टॉप्स और हाथ से अंगूठी निकाल ले गया और 70 हजार रुपये में बेच दिए। इसके बाद करीब दो महीने फरार रहा। रुपये खर्च होने के बाद वह अपने परिवार से मिलने दिल्ली आ रहा था। यहां से नेपाल भागने की साजिश थी, लेकिन क्राइम ब्रांच ने हिमांशु यादव (25) को दबोच लिया। पुलिस ने इसकी निशानदेही पर जूलरी बरामद कर ली।

डीसीपी (क्राइम) पंकज कुमार के मुताबिक, नरेश कुमारी (65) रोहिणी के बुध विहार फेज-1 में अकेली रहती थीं। एमसीडी में इंस्पेक्टर बेटा और बेटी अलग रहते थे। 7 अक्टूबर को नरेश की हत्या कर दी गई थी। गर्दन के घावों और खरोंच के निशान थे। फोन और पहनी हुई जूलरी गायब थी। विजय विहार थाने में मर्डर का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

File Photo



क्राइम ब्रांच ने आरोपी को दो महीने बाद पकड़ा

एक सीसीटीवी फुटेज में तड़के एक शख्स मकान से बाहर निकलते देखा गया, जिसकी पहचान बुजुर्ग के किराएदार के रूप में हुई।

परिजनों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह सेल्समैन है, जो नौकरी की वजह से अक्सर बाहर रहता है। उसका फोन बंद मिला। एसीपी अशोक शर्मा की देखरेख में बनी अनय शर्मा की टीम के हेड कॉन्स्टेबल शब्बीर को इसके दिल्ली आने के इनपुट मिले। इसके बाद रोहिणी के जापानी पार्क के पास से इसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह आर्थिक तंगी से गुजर रहा था और घर का किराया देने के लिए पैसे नहीं थे। मकान मालकिन कई महीनों का बकाया किराया मांग रही थीं।

- कॉल कर मकान मालकिन ने किराया नहीं देने पर लगाई थी डांट
- गुस्सा होकर आरोपी ने हत्या करने और लूटकर पैसा बनाने का फैसला किया

हत्या के ठीक दो दिन पहले मकान मालकिन ने कॉल कर किराया नहीं देने पर डांट लगाई थी। इससे गुस्सा होकर उसने हत्या करने और लूटकर पैसा बनाने का फैसला किया। वह कमरे में गया तो बुजुर्ग जाग गईं और गला घोंटकर मार दिया। इसके बाद पहने हुए एक जोड़ी टॉप्स और अंगूठी उतार ली। सुबह अपने घर से निकला और भिवानी जाकर जूलरी को 70,000 रुपये में गिरवी रख दिया। वह कभी भी 5 दिन से ज्यादा किसी एक जगह पर नहीं रुका और लगभग आधे देश में घूमता रहा।

# दुबई से ऑपरेट हो रहा था हाई रिटर्न देने वाला गैंग

■ **NBT न्यूज, हरि नगर:** वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के साइबर थाना पुलिस टीम ने हाई रिटर्न का लालच देकर देश भर में करोड़ों की ठगी करने वाले एक गैंग का पर्दाफाश किया है। पांच राज्यों केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में छापा मारकर 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे पूछताछ में 16 करोड़ की ठगी का खुलासा किया जा चुका है। जिस अकाउंट के जरिए ये अमाउंट को ट्रांसफर करवाते थे। उस अकाउंट से संबंधित 286 शिकायतों का पता चला है।

डीसीपी वेस्ट दराडे शरद भास्कर के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों के पास से 11 मोबाइल, सिम, एटीएम कार्ड, पासबुक, चेक बुक बरामद किए गए हैं। एसीपी ऑपरेशन विनय सिंह की देखरेख में SHO विकास बुलडक की टीम ने इस गैंग का पर्दाफाश करने में कामयाबी पाई है।



**9 आरोपी गिरफ्तार, 16 करोड़ की ठगी का खुलासा**

पुलिस के अनुसार 12 सितंबर को एक ऑनलाइन शिकायत एनसीआरपी पोर्टल पर की गई थी। बताया था कि सोशल मीडिया के जरिए संपर्क करके फिर भरोसे में लेकर उन्हें हाई रिटर्न देने का वादा किया गया और ठगी की गई। इस शिकायत पर साइबर वेस्ट थाना में एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू की गई। ठगी के जो अमाउंट अलग-अलग अकाउंट में गए थे उन सबका पुलिस ने पता लगाना शुरू किया।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH04 User: cci Time: 12-18-2025 23:30 Color:



# सड़कों पर सख्ती बढ़ी, पर नहीं घटा प्रदूषण

राजधानी की हवा को राहत देने के इरादे से दिल्ली सरकार ने गुरुवार से सख्ती बरती। बॉर्डर पर केवल बीएस-6 मानकों वाली गाड़ियों को ही एंट्री मिली, जबकि पेट्रोल पंपों पर बिना वैध पीयूसी वाले वाहनों को फ्यूल नहीं दिया गया। उम्मीद थी कि प्रदूषण पर लगाम लगेगी, लेकिन हकीकत उलट रही। तमाम सख्ती के बावजूद हवा नहीं सुधरी, AQI और ज्यादा खराब हो गया। राहुल आनंद, सुदामा यादव, बृजेश सिंह, अभिषेक गौतम, राजेश सरोहा और राजेश पोद्दार ने लिया जायजा

## बॉर्डर पर कहीं बेरोकटोक आती रहीं दूसरे राज्यों की गाड़ियां, तो कहीं सख्ती

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दूसरे राज्यों में रजिस्टर्ड बीएस-6 कैटिगरी से नीचे के वाहनों की दिल्ली में एंट्री पर प्रतिबंध गुरुवार से लागू हो गया, लेकिन पहले दिन यह ज्यादा प्रभावी नजर नहीं आया। ज्यादातर बॉर्डर पर या तो चेकिंग हो ही नहीं रही थी या फिर इक्का-दुक्का गाड़ियों को रोक कर चेक किया जा रहा था। इसमें भी प्राइवेट गाड़ियों से ज्यादा कमर्शल वाहनों की चेकिंग हो रही थी।

**गाजीपुर बॉर्डर पर बेअसर बैन:** गाजीपुर बॉर्डर पर पाबंदी कोई खास असर नजर नहीं आया। यूपी, हरियाणा और उत्तराखंड समेत दूसरे राज्यों में रजिस्टर्ड गाड़ियां बेधड़क बिना किसी जांच और रोकटोक के प्रवेश करती दिखाई दीं। इनमें कई गाड़ियां बीएस-3 और 4 कैटिगरी की भी थीं। करीब एक घंटे तक गाजीपुर बॉर्डर पर समय गुजरने के बाद भी परिवहन विभाग की कोई एनफोर्समेंट टीम ग्राउंड पर नहीं पहुंची। टोलकर्मी भी वाहनों की जांच करने के बजाय टोल वसूलने में लगे थे। कुछ दिन पहले ग्रैप-3 में गाजीपुर टोल के पास पुलिस की टीम वाहनों की जांच करती दिखाई दे रही थी, लेकिन गुरुवार को वहां भी बैरिकेड नजर नहीं आया। एक टोलकर्मी ने बताया कि उन्हें ऐसे कोई निर्देश नहीं मिला है कि बाहर से आ रही गाड़ियों को चेक करना है। वैसे भी यह हमारा नहीं, पुलिस का काम है। टोल पर कोई ऐसी सूचना तक नहीं लगाई गई थी कि।

> टोलकर्मी गाड़ियों की जांच करने के बजाय टोल वसूलने में लगे थे

**सिंघु बॉर्डर पर हुई कमर्शल गाड़ियों की चेकिंग:** उधर, सिंघु बॉर्डर पर सुबह से ही परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस की टीमें तैनात थीं, जो हरियाणा की तरफ से आ रही गाड़ियों की जांच कर रही थीं। जिन कमर्शल गाड़ियों के पास BS-6 मानक का रजिस्ट्रेशन नहीं था, उन्हें या तो बॉर्डर से ही वापस भेजा जा रहा था या फिर उनका चालान हो रहा था। हालांकि, केवल दो टीमों की तैनाती के कारण कई गाड़ियां बिना जांच के ही आगे निकलती नजर आईं।



इक्का-दुक्का चेकिंग : ज्यादातर बॉर्डरों पर या तो चेकिंग हो ही नहीं रही थी या फिर इक्का-दुक्का गाड़ियों को रोक कर चेक किया जा रहा था। इसमें भी प्राइवेट से ज्यादा कमर्शल गाड़ियों की चेकिंग हो रही थी।

### लोनी बॉर्डर पर दिल्ली से ज्यादा यूपी पुलिस एक्टिव

गाजियाबाद से सटी लोनी बॉर्डर पर न तो ट्रांसपोर्ट विभाग की कोई टीम नजर आई और न ट्रैफिक पुलिस दिखी। हालांकि, चंद कदम आगे यूपी रोडवेज के बस अड्डे के पास जरूर सफेद वर्दी में कुछ पुलिस वाले नजर आए। पूछने पर उन्होंने बताया कि वे यूपी ट्रैफिक पुलिस से हैं और यहां खड़े होकर पेट्रोल-डीजल से चलने वाली गाड़ियों पर नजर रख रहे हैं, ताकि पुरानी गाड़ियां दिल्ली में एंट्री न कर सकें। उन्होंने बताया कि सुबह से लेकर अब तक 5-6 गाड़ियों को हमने दिल्ली में जाने से रोका है। इन सभी गाड़ियों को बॉर्डर से ही वापस भेज दिया गया। ऐसी गाड़ियों की पहचान कैसे करते हैं? यूपी ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने बताया कि जो गाड़ी देखने में काफी पुरानी दिखती है, उसे ही रोकते हैं। बाकी सीएनजी वाली गाड़ियों को जाने दिया जा रहा है।

### NH -24: CNG पंप से लौटाईं गाड़ियां

पेट्रोल डीजल के साथ बिना वैध पीयूसी वाले सीएनजी वाहनों को भी सीएनजी पंप से लौटाया जा रहा था। एनएच-24 के पास एक सीएनजी पंप पर लगे एएनपीआर कैमरे के जरिए पहले ही ऐसे वाहनों के नंबर को एक डिजिटल इन्फॉर्मेशन बोर्ड पर दिखाया जा रहा था। उन्हें बिना सीएनजी दिए लौटाया जा रहा था। पंप कर्मियों ने बताया कि सुबह से 22 से अधिक गाड़ियां लौटाई जा चुकी हैं। कैमरे से चालान भी किया जा रहा है। यहां पर परिवहन विभाग का भी एक कर्मी खड़ा था। एक व्यक्ति पोस्टर लिए खड़ा था- नो पीयूसी, नो फ्यूल।



## PUC सेंटरों पर सुबह से लगीं लंबी लाइनें, इंतज़ार में घंटों खड़े रहे लोग

Photos : Rajesh Mehta, Anindya Chattopadhyay, Tarun Rawat, PTI

NBT रियलिटी चेक

■ पीयूसी सेंटरों पर हालात उथल-पुथल वाले रहे। कई जगह सुबह से ही लंबी लाइनें लगीं। बाइक और कार लेकर पहुंचे लोग इंतजार में घंटों खड़े रहे। टीम एनबीटी ने अलग अलग इलाकों में सेंटरों पर पहुंचकर माहौल देखा।

**द्वारका सेक्टर-2:** सुबह से द्वारका सेक्टर-2 पीयूसी सेंटर पर बाइक सवारों की भीड़ दिखी। पीयूसी सेंटर पर काम करने वाले देवेश के अनुसार, एक-दो दिनों से पीयूसी कराने वालों की संख्या कई गुनी बढ़ गई है। पहले रोजाना, 15-20 ही पीयूसी के लिए आते थे। लेकिन, एक दिन में 90 से 100 गाड़ियां पीयूसी के लिए आ रही हैं। सुबह पीयूसी सर्टिफिकेट के लिए सबसे ज्यादा भीड़ हो रही है। यहां आए नागेंद्र का कहना है कि डेढ़ घंटे बाद उनकी बारी आई है।

> ज्यादातर भीड़ बाइक वालों की थी

**पालम फ्लाईओवर:** इस पेट्रोल पंप पर आम दिनों की तुलना में फ्यूल लेने वाली गाड़ियों की संख्या कम रही। जिसके पास PUC सर्टिफिकेट नहीं था, उन्हें फ्यूल नहीं दिया जा रहा था। इसकी वजह से पीयूसी सर्टिफिकेट लेने वाले वाहनों की लंबी लाइन लगी हुई थी। हालांकि ज्यादातर भीड़ बाइक वालों की थी। यहां पर चालान के लिए 'डीटीसी' स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई थी। इस दौरान एक कार आई, तो स्टाफ ने तुरंत उसे बुला लिया। लेकिन उन्होंने कार वाले को हिदायत देते हुए कहा कि पहले पीयूसी लो, तब फ्यूल मिलेगी।



सेंटरों पर कई गुना बढ़े लोग: एक-दो दिनों से पीयूसी कराने वालों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। गुरुवार को पीयूसी सेंटरों के बाहर बाइक और कार लेकर पहुंचे लोग अपनी बारी के इंतजार में घंटों खड़े रहे।

**दिल्ली गेट:** दिल्ली गेट के पास के पेट्रोल पंप पर पूरे दिन पीयूसी लेने वालों की भीड़ रही। स्टाफ ने कहा कि दो दिनों से पीयूसी के मामले बढ़े हैं। बुधवार को लगभग 120 पीयूसी हुए थे, गुरुवार को शाम चार बजे तक 90 से ज्यादा और कई लाइन में थे। स्टाफ ने कहा कि शाम में ड्यूटी खत्म करने के बाद भी लोग पीयूसी के लिए आएंगे।

**लोनी-यूपी बॉर्डर:** भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप पर बने पीयूसी सेंटर पर कई टू वीलर ड्राइवर इंतजार करते नजर आए। इस सेंटर पर काम करने वाले कर्मचारी ने बताया कि सुबह से लगभग 35 टू वीलर को पीयूसी जारी कर चुका है। उन्होंने बताया कि बुधवार को सुबह से लेकर शाम तक लगभग 45 गाड़ियों को पीयूसी जारी किए थे।

**ट्रांसपोर्ट विभाग की टीम भी आई:** इसी पेट्रोल पंप के ठीक बराबर में हिंदुस्तान पेट्रोलियम का पेट्रोल पंप भी है। यहां कई टू वीलर वाले पेट्रोल भरवाते मिले। उस समय तो स्टाफ ने किसी से सर्टिफिकेट नहीं मांगा, लेकिन यहां काम करने वाले स्टाफ का कहना था कि ज्यादातर लोगों से सर्टिफिकेट के बारे में पूछकर ही काम चल जाता है। स्टाफ ने बताया कि सुबह के समय यहां ट्रांसपोर्ट विभाग की टीम भी आई थी।

### पेट्रोल पंपों पर अव्यवस्था का आरोप

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट असोसिएशन ने आरोप लगाया है कि पेट्रोल पंपों पर PUC को लेकर फैल रही अव्यवस्था से ट्रक ऑपरेटर से लेकर निजी गाड़ियों के मालिक तक परेशान हैं। असोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने कहा कि अगर सरकार ने ANPR के माध्यम से जांच की व्यवस्था लागू की है, तो पेट्रोल पंपों पर PUC मांगना पूरी तरह अनावश्यक और नियमों की भावना के विरुद्ध है। नियमों की स्पष्ट जानकारी के अभाव में पेट्रोल पंपकर्मी मनमानी कर रहे हैं।

### ऐप बेस्ड गाड़ियां रहीं कंट्रोल में

गाड़ियों पर सख्ती के पहले दिन ऐप बेस्ड वाहन कंट्रोल में दिखे। अमूमन इस प्रकार की सख्ती के बाद ऐप बेस्ड वाहन वाले अपने रेट बढ़ा देते हैं, समय पर गाड़ियां नहीं मिलती हैं, लेकिन गुरुवार को ऐसा कुछ नहीं दिखा। ऑनलाइन कैब की सुविधा पर भी ज्यादा असर नहीं देखा गया। चाहे एयरपोर्ट के लिए कैब चाहिए हो या नई दिल्ली रेलवे स्टेशन या फिर धौला कुआं के लिए, कैब उपलब्ध मिल रही थी और रेट में भी ज्यादा बढ़ोतरी नहीं देखी गई। यही नहीं, वेटिंग टाइम भी ज्यादा नहीं था।

## 24 घंटे में 61 हज़ार पीयूसी जारी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: पीयूसी पर सख्ती बढ़ी तो लोग पीयूसी सेंटर की तरफ भागे। इसी का नतीजा रहा कि 24 घंटे (17-18 दिसंबर) में 61 हजार से अधिक वाहनों का पीयूसी जारी किया गया। वहीं, बिना पीयूसी चल रहे और पेट्रोल पंप पर पहुंचे 3746 का चालान भी किया गया है।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा खुद पेट्रोल पंप पर स्थिति देखने गए। पेट्रोल पंप कर्मियों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि वे शांति और शालीनता के साथ नियम लागू करें और लोगों को समझाएं कि यह कदम चालान के लिए नहीं, बल्कि जन-स्वास्थ्य के लिए है।

**24 घंटे में रिकॉर्ड पीयूसी जारी:** दिल्ली में 17 दिसंबर को 29,938 पीयूसीसी जारी किए गए, जबकि 18 दिसंबर को शाम 5:20 बजे तक 31,974 पीयूसी जारी हो चुके थे। इस तरह 24 घंटे में रिकॉर्ड 61 हजार पीयूसी जारी हुए। बीते कुछ दिनों से लगातार इसमें इजाफा हुआ है। 13 दिसंबर को 16,551, 15 दिसंबर को 17,719 और 16 दिसंबर को 17,732 पीयूसी वाहनों को जारी किया गया।



सिरसा ने गुरुग्राम बॉर्डर और जनपथ समेत कई पेट्रोल पंपों पर जायजा लिया

**प्रदूषण से निपटने के लिए...**


| | | |
|---|---|---|
| 2300 Km सड़कों की मिकैनिकल स्वीपिंग | 5524 Km सड़क पर मोबाइल एंटी-स्मॉग गन की तैनाती | 132 अवैध कूड़ा डंपिंग साइट्स को बंद किया |
| 38,019 मीट्रिक टन वेस्ट का निपटारा लैंडफिल साइट्स पर | 217 ट्रकों को दिल्ली आने से रोका | |

### 50% वर्क फ्रॉम होम नहीं तो कार्रवाई

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने चेतावनी देते हुए कहा कि ग्रैप-4 के तहत 50 फीसदी कर्मियों को वर्क फ्रॉम करना अनिवार्य है। यह सरकारी कार्यालयों के साथ-साथ निजी कार्यालयों के लिए भी किया गया है। मगर अब भी कई निजी कार्यालय 50% वर्क फ्रॉम होम लागू नहीं कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने अपील की है कि प्रदूषण से निपटने के लिए सभी को साथ मिलकर काम करना होगा।

> PUC को लेकर बढ़ी सख्ती तो पीयूसी सेंटर भागे लोग

### तेजी से बढ़ते AQI ने डराया



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: तेजी से बढ़ते प्रदूषण ने एक बार फिर दिल्ली एनसीआर वालों को डरा दिया है। राजधानी आने वाले दिनों में एक बार फिर गैस चैंबर बन सकती है। पूर्वानुमान है कि 21 दिसंबर को प्रदूषण का स्तर 400 से ऊपर जा सकता है। राजधानी में गुरुवार को एक बार फिर स्मॉग ने वापसी कर ली। शाम से AQI में भी इजाफा तेजी से इजाफा होने लगा। सुबह आठ बजे AQI 349 था। यह 11 बजे 353 और शाम चार बजे तक 373 के स्तर पर पहुंच गया। मुख्य प्रदूषक पीएम 2.5 रहा। यानी अब धूल से इतर प्रदूषण की अन्य वजह भी है।

फरीदाबाद का AQI 239, गाजियाबाद का 339, ग्रेटर नोएडा का 344, गुरुग्राम का 276 और नोएडा का 397 रहा।

## अलग-अलग अभियानों के चलते सड़कों पर गाड़ियों की संख्या कम हुई : CM

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्रदूषण नियंत्रण को लेकर गुरुवार को लागू किए गए फैसलों पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कैबिनेट मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की। अभियानों से जुड़ी जानकारी ली। रेखा गुप्ता ने कहा कि अलग-अलग अभियानों के चलते सड़कों पर गाड़ियों की संख्या कम हुई है। पीयूसी बनाने को लेकर भी लोगों ने गंभीरता दिखाई है। आने वाले दिनों में भी सड़कों पर प्रदूषण कंट्रोल को लेकर चल रहे अभियानों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई होगी।

सरकार के मुताबिक, CAQM के आदेश के तहत कार्रवाई के लिए 210 इनफोर्समेंट टीमें तैनात की गई थीं। इनमें 126 टीमें ट्रैफिक पुलिस की और 84 टीमें परिवहन विभाग की थीं। अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस द्वारा 2,743 चालान काटे गए, जबकि परिवहन विभाग ने 316 चालान। इसके अतिरिक्त, ANPR प्रणाली के माध्यम से 687 चालान किए गए। ग्रैप-4 के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर संयुक्त रूप से परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस ने 397 चालान काटे हैं।

सरकार का कहना है कि सरकारी और निजी कार्यालयों में 50 प्रतिशत स्टाफ को वर्क-फ्रॉम-होम करने का जारी किया गया है। 'नो PUC, नो फ्यूल' का सख्ती से पालन किया जा रहा है। बीएस-VI कैटिगरी से नीचे की गाड़ियों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। प्रदूषण नियंत्रण को लेकर निगरानी और सख्ती आगे भी जारी रहेगी।

मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक, 397 एंटी-स्मॉग गन तैनात की गई हैं। 276 स्प्रिंकलर लगाए हैं। 73 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनें तैनात की गई हैं। इनसे 2177 किलोमीटर से अधिक लंबी सड़कों की सफाई हो रही है।



कल, पीयूसी बनाने को लेकर भी लोगों ने गंभीरता दिखाई है


राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
भूमि एवं भवन विभाग
(रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण)
बी-ब्लॉक: विकास भवन: नई दिल्ली-110002

No. F.39(26)/2025/L&B/RERA/02/7479-80 Date: 9/12/2025

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के लिए रियल एस्टेट अपीलीय न्यायाधिकरण में सदस्य (न्यायिक) के पद पर चयन

रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 और उसके तहत बनाए गए नियम के प्रावधानों के अनुसार, एनसीटी दिल्ली और यूटी चंडीगढ़ के लिए रियल एस्टेट अपीलीय न्यायाधिकरण में सदस्य (न्यायिक) के पद पर चयन के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। नियम और शर्तें, आवेदन का प्रोफार्मा और अन्य संबंधित विवरण दिल्ली सरकार के भूमि एवं भवन विभाग की वेबसाइट www.land.delhi.gov.in/ पर उपलब्ध हैं।

पात्र व्यक्ति अपना आवेदन, आवेदन के लिए निर्धारित प्रोफार्मा में भरकर, ईमेल आईडी p.tanwar32@delhi.gov.in पर या डाक पते के माध्यम से संयुक्त सचिव (रेरा), भूमि एवं भवन विभाग, जीएनसीटीडी, ग्राउंड फ्लोर, बी-ब्लॉक, विकास भवन, आई. पी. एस्टेट, नई दिल्ली-110002 को भेज सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि और समय 26.12.2025 को शाम 05:00 बजे तक है। नियत तिथि एवं समय के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, संयुक्त सचिव (रेरा), भूमि एवं भवन विभाग (फोन : 011-23379697) के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

(संजय सोंधी)
संयुक्त सचिव (रेरा)

DIP/Shabdarth/Classified/0367/25-26



राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
भूमि एवं भवन विभाग
(रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण)
बी-ब्लॉक: विकास भवन: नई दिल्ली-110002

No. F.39(27)/2025/L&B/RERA/03/7477-78 Date : 09/12/25

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के लिए रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण में सदस्य के एक पद पर चयन

रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 और उसके तहत बनाए गए नियम के प्रावधानों के अनुसार, एनसीटी दिल्ली और यूटी चंडीगढ़ के लिए रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण में सदस्य के एक पद पर चयन के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। नियम और शर्तें, आवेदन का प्रोफार्मा और अन्य संबंधित विवरण दिल्ली सरकार के भूमि एवं भवन विभाग की वेबसाइट https://land.delhi.gov.in/ पर उपलब्ध हैं।

पात्र व्यक्ति अपना आवेदन, आवेदन के लिए निर्धारित प्रोफार्मा में भरकर, ईमेल आईडी p.tanwar32@delhi.gov.in पर या डाक पते के माध्यम से संयुक्त सचिव (रेरा), भूमि एवं भवन विभाग, जीएनसीटीडी, ग्राउंड फ्लोर, बी-ब्लॉक, विकास भवन, आई. पी. एस्टेट, नई दिल्ली-110002 को भेज सकते हैं। । आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि और समय 26.12.2025 को शाम 05:00 बजे तक है। नियत तिथि एवं समय के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, संयुक्त सचिव (रेरा), भूमि एवं भवन विभाग (फोन : 011-23379697) के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

(संजय सोंधी)
संयुक्त सचिव (रेरा)

DIP/Shabdarth/Classified/0366/25-26


### 15 जगहों पर AQI 400 पार, स्मॉग ने फिर बढ़ाई परेशानी



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: गुरुवार को स्मॉग ने एक बार फिर परेशानी बढ़ा दी। दिल्ली के 15 इलाकों में AQI 400 से अधिक दर्ज किया गया। इनमें एक जगह पर हवा की क्वॉलिटी खराब श्रेणी में रही, जबकि बाकी सभी जगहों पर हालात बेहद खराब बने रहे। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक आनंद विहार में AQI 441, अशोक विहार में 404, द्वारका सेक्टर-8 में 403, आईटीओ में 408, जहांगीरपुरी में 412, मुंडका में 425, नेहरू नगर में 416, एनएसआईटी द्वारका में 406, पटपड़गंज में 410, पंजाबी बाग में 410, आर के पुरम में 420, रोहिणी में 408, सीरीफोर्ट में 417, विवेक विहार में 439 और वजीरपुर में 415 दर्ज किया गया।

> अलीपुर का AQI 292 रहा

वहीं, अलीपुर का AQI 292 रहा। यह राजधानी का इकलौता स्टेशन रहा, जहां AQI 300 से कम दर्ज किया गया।

# रोक के बाद भी धुआं भारी प्रदूषण में ट्रांसपोर्ट की हिस्सेदारी बढ़ी

## झज्जर- सोनीपत से भी आया धुआं, लेकिन राजधानी की गाड़ियां सबसे आगे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**गुरुवार से** राजधानी में गाड़ियों पर कई तरह के नए प्रतिबंध लगाए गए। इसके बावजूद गुरुवार को राजधानी के प्रदूषण में ट्रांसपोर्ट सेक्टर का योगदान अधिक रहा।


डिसिजन सपोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के अनुसार, बुधवार को राजधानी में प्रदूषण की हिस्सेदारी 16.32 प्रतिशत थी। यह गुरुवार को बढ़कर 18.32 प्रतिशत तक हो गई। गाड़ियों पर कई तरह की पाबंदियों के बावजूद गुरुवार को प्रदूषण में ट्रांसपोर्ट की हिस्सेदारी दो प्रतिशत तक बढ़ी।

**ट्रांसपोर्ट सेक्टर की हिस्सेदारी दो प्रतिशत अधिक रही**


एक्सपर्ट के अनुसार, ट्रांसपोर्ट की प्रदूषण में हिस्सेदारी बढ़ने की कई वजह हो सकती है। सीएसई की अनुमिता रायचौधरी के अनुसार, प्रदूषण जब गंभीर स्थिति में पहुंच जाता है या स्मॉग बहुत अधिक होता है तो कम उत्सर्जन भी प्रदूषण को कई गुना बढ़ाता है। गुरुवार को यही स्थिति बनी रही। इसलिए गाड़ियों से जो भी धुआं निकल रहा है, वह निचली सतह पर ही बना हुआ है। उसे ऊपर फैलने की जगह नहीं मिल रही है। इसलिए ऐसे एपिसोड से पहले इस तरह के कदम उठाने की जरूरत है। इसी वजह से GRAP को पूर्वानुमान के अनुसार, तीन दिन पहले लागू करने का नियम है। इसका लॉजिक यही है कि स्मॉग और गंभीर प्रदूषण के समय सोर्स कम से कम रहे। लेकिन इस समय हमारा पूर्वानुमान भी सही नहीं हो रहा है। प्लानिंग में भी कुछ कमियां है। नवंबर-दिसंबर के लिए हमें पहले से ही इस तरह की तैयारियां करनी चाहिए कि ऐसे कदम तुरंत उठा सकें।


एक्सपर्ट का कहना है कि GRAP के तहत जो सख्तियां है, उनका कड़ाई से पालन नहीं हो रहा है

एनवायरमेंटलिस्ट सुनील दहिया ने बताया कि GRAP के तहत कदम सख्त है, इनका पालन नहीं हो रहा है। पावर प्लांट, ओपन बर्निंग पर सख्ती की जरूरत है। जिस तरह अभी गाड़ियों, झज्जर और सोनीपत आदि से अधिक प्रदूषण आ रहा है, आने वाले कुछ दिनों में ओपन बर्निंग का प्रदूषण बढ़ेगा। ऐसे में प्लानिंग ट्रेंड के अनुरूप होनी चाहिए।




■ हवा में प्रदूषण जब गंभीर स्थिति में पहुंच जाता है या स्मॉग बहुत अधिक होता है तो कम उत्सर्जन भी प्रदूषण को कई गुना बढ़ाता है।




# कोहरे की मार, थमी दिल्ली की रफ्तार

## दिल्ली एयरपोर्ट आने-जाने वाली 27 फ्लाइट रद्द हुईं, कई का बदला रास्ता

## कई जगह सड़कों पर गाड़ियों की रफ्तार धीमी रही, लोग हुए परेशान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली में** कोहरे का असर कई उड़ानों पर पड़ा। घने कोहरे की वजह से गुरुवार को दिल्ली एयरपोर्ट आने-जाने वाली 27 फ्लाइट रद्द हुईं। इनमें 16 डिपार्चर और 11 अराइवल थे। दिल्ली एयरपोर्ट प्रशासन ने कहा कि कोहरे की वजह से सुबह लो विजिबिलिटी प्रोसिजर (LVP) अपनाए जा रहे हैं। CAT-3 तकनीक की मदद से उड़ानें संचालित की जा रही हैं। हालांकि, दोपहर बाद स्थिति सामान्य होने लगी मगर फिर भी उड़ानों पर असर पड़ा।



इस हफ्ते की शुरुआत से ही कोहरे का कहर दिल्ली में छा गया है। बुधवार रात को भी घने कोहरे की वजह से उड़ानों के संचालन में दिक्कतें आईं। सोमवार को 228 उड़ानें रद्द हुई थीं, मंगलवार को 131, तो गुरुवार को 27 फ्लाइट कैंसल हुईं। कई फ्लाइट लेट हुईं, तो कुछ का रास्ता बदला गया। दिल्ली एयरपोर्ट प्रशासन ने कहा कि टेकऑफ और लैंडिंग जारी है, लेकिन जिन उड़ानों में CAT-3 तकनीक नहीं है, उनके देर से चलने या रद्द होने की संभावना ज्यादा है। ग्राउंड टीम फंसे हुए यात्रियों को खाने-पीने जैसी सुविधा भी दे रही है।

यात्रियों से दिल्ली एयरपोर्ट प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर कहा कि वो एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी एयरलाइंस से फ्लाइट की स्थिति जरूर पता कर लें। एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों के लिए सुबह से ही कई अलर्ट जारी किए। एयर इंडिया, इंडिगो समेत कुछ एयरलाइंस ने भी यात्रियों को अलर्ट कर कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और लंबे इंतजार से बचने के लिए उड़ानें रद्द की गई है, यात्री एयरपोर्ट निकलने से पहले अपनी फ्लाइट जरूर जांच लें। एयरपोर्ट में कोहरे के समय कम दूरी तक दिखने के दौरान एयरपोर्ट में लो विजिबिलिटी प्रोसिजर (LVP) अपनाए जाते हैं यानी प्रोटोकॉल लागू किए जाते हैं ताकि एयरक्राफ्ट की टेकऑफ या लैंडिंग सुरक्षित हो।

कई जगह सड़कों पर भी गाड़ियों की रफ्तार धीमी रही। कई जगह लोगों को जाम का सामना करना पड़ा।


VIVEK KUMAR

दोपहर बाद हालात सामान्य होने लगे मगर फिर भी उड़ानों पर असर पड़ा

### 50 से ज्यादा ट्रेनें लेट, एक लोकल कैंसल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : कोहरे की चादर ने ट्रेनों की रफ्तार को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। दिल्ली आने वाली करीब 50 से ज्यादा ट्रेनें घंटों की देरी से चल रही है। इसकी वजह से यात्रियों को काफी तकलीफ झेलनी पड़ रही है। एक लोकल ट्रेन भी कैंसल हुई है।

नॉर्दन रेलवे के आंकड़ों के अनुसार, करीब 1000 से ज्यादा ट्रेनों में फॉग सेफ्टी डिवाइस लगाई गई है। लेकिन कोहरा ज्यादा घना होने की वजह से ट्रेनों की चाल धीमी हो गई है। 50 से ज्यादा ट्रेनें लेट चल रही हैं। ट्रेन नंबर 12555 गोरखधाम एक्सप्रेस करीब 7 घंटे की देरी से चल रही है। ट्रेन नंबर 12309 नई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस करीब 5 घंटे, ट्रेन नंबर 12301 नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस करीब 3 घंटे, ट्रेन नंबर 14049 गोड्डा दिल्ली एक्सप्रेस 4 घंटे की चल रही है। वहीं, गुरुवार को नई दिल्ली से रोहतक जंक्शन के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 14323/14324 कैंसल कर दी गई।


### घने कोहरे में सीज़न का सबसे ठंडा दिन गुरुवार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मौसम विभाग एक बार फिर कोहरे के अनुमान को लेकर नाकाम रहा। गुरुवार सुबह जब लोग नींद से जागे तो पूरी राजधानी घने कोहरे की चपेट में थी। कोहरा रात करीब ढाई बजे से ही घना होने लगा था। इसके बाद विभाग ने पहले येलो और फिर ऑरेंज अलर्ट जारी किया। इस बीच गुरुवार इस सीजन का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया। कई इलाकों में अधिकतम तापमान 20 डिग्री से भी नीचे चला गया। आने वाले दिनों में तापमान में उतार चढ़ाव बना रहेगा। सुबह 6 बजे पालम में विजिबिलिटी घटकर 150 मीटर और सफदरजंग में 200 मीटर रह गई। इसके बाद मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया। आईजीआई एयरपोर्ट पर सुबह 7 बजे के आसपास विजिबिलिटी महज 100 मीटर तक पहुंच गई। गुरुवार इस सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। अधिकतम तापमान सिर्फ 20.1 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 2.1 डिग्री कम रहा।

**आने वाले दिनों में तापमान में उतार चढ़ाव बना रहेगा**

#### तीन दिन कोहरे का येलो अलर्ट

**विभाग ने** 19, 21 और 22 दिसंबर के लिए कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। इन दिनों ज्यादातर इलाकों में मध्यम कोहरा और कुछ जगहों पर घना कोहरा छाया रह सकता है। आज हल्के बादल रहेंगे। अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री के आसपास रह सकता है। 20 दिसंबर को भी बादल रहेंगे और हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना है। इस दिन अधिकतम तापमान 22 से 24 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 से 9 डिग्री रह सकता है। 21 और 22 दिसंबर को हल्के बादल छाए रहेंगे और मध्यम से घना कोहरा देखने को मिलेगा।


यात्रियों को झेलनी पड़ रही काफी तकलीफ

# कूड़ा जलने से रोकने के लिए CAQM ने दिए निर्देश

प्रदूषण एक बार फिर तेजी से बढ़ रहा है। इन सब के बीच कूड़े से जलने की लगातार आ रही शिकायतों को लेकर कमिशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (CAQM) ने दिल्ली-एनसीआर के राज्यों को निर्देश दिए है और इनकी मंथली रिपोर्ट भी सबमिट करने को कहा है। कूड़ा मैनेजमेंट के रिव्यू में CAQM ने कहा कि सर्दियों में भी कूड़ा जल रहा है और निर्देशों को लागू करने में विभाग विफल दिखाई दे रहे है।

AI Image


कूड़ा जलने से भी दिल्ली-NCR में लगातार बढ़ रहा है प्रदूषण

### संवेदनशील जगहों की निगरानी करने के निर्देश

#### दिल्ली को निर्देश

- एमसीडी को दिसंबर 2027 तक पूरे लेगेसी वेस्ट 143.09 लाख मीट्रिक टन का कूड़ा खत्म करने को कहा गया है
- उसे हर महीने करीब 3.5 लाख मीट्रिक टन कूड़े को प्रोसेस करना है और अपनी मंथली रिपोर्ट सबमिट करनी है
- अपनी सभी वेस्ट प्रोसेसिंग सुविधाओं को बढ़ाना है और इसमें किसी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए
- कूड़े के संवेदनशील पॉइंट पर निगरानी बढ़ानी है और यहां से कूड़े का नियुक्त ट्रांसपोर्टेशन करना है

#### हरियाणा को निर्देश

- लेगेसी वेस्ट में देरी हो रही है खास तौर पर गुरुग्राम, फरीदाबाद और गुरुग्राम में
- MCD ने गुरुग्राम से 20 जनवरी तक 14 लाख मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट प्रोसेस करने के टेंडर पूरा करने को कहा गया है। बायोमाइनिंग 31 मार्च 2026 से शुरू होगी
- फरीदाबाद को 2 महीने में डीसेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग फैसिलिटी के लिए जमीन तलाशने को कहा है। अप्रैल 2026 तक शुरू करने के निर्देश
- बल्क वेस्ट जनरेटर को पूरे हरियाणा में वेस्ट वेस्ट प्रोसेसिंग करानी होगी

#### उत्तर प्रदेश को निर्देश

- लेगेसी वेस्ट के निस्तारण में यहां भी देरी हो रही है
- GNIDA और गाजियाबाद नगर निगम को निर्देश दिए गए है कि अपनी समय सीमा में लेगेसी वेस्ट खत्म करें और मंथली एक्शन प्लान सबमिट करें
- नोएडा अथॉरिटी, GNIDA और गाजियाबाद नगर निगम को निर्देश दिए गए है कि वेस्ट प्रोसेसिंग फैसिलिटी के लिए डेटलाइन को आगे न बढ़ाएं
- कूड़े के संवेदनशील पॉइंट की पहचान कर वहां से कूड़े को नियुक्त हटाएं

कई साल की उपेक्षा का परिणाम है यह पल्यूशन: प्रवेश

# AAP ने हज़ारों दावे किए, लेकिन उनमें से कोई पूरा नहीं किया: प्रवेश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली के** PWD मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने आम आदमी पार्टी के 11 सालों की सत्ता में प्रशासनिक वजहों से पेंडिंग कार्यों की एक लंबी फेहरिस्त बताई। उन्होंने कहा कि AAP 11 सालों तक सत्ता में रही। इस दौरान पार्टी नेताओं ने हजारों दावे किए, लेकिन उनमें से एक भी पूरा नहीं किया। 11 सालों की सत्ता में AAP सिर्फ विज्ञापनों में नजर आई, धरातल पर पार्टी नेता कहीं नजर नहीं आए। दिल्ली में बने तीन कूड़े के पहाड़ को लेकर भी AAP नेताओं ने 6 महीने में इसे खत्म करने का दावा किया था, लेकिन पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि AAP ने जितने वादे किए, उनमें से एकाध भी पूरा किया होता तो दिल्ली के लोग गंभीर प्रदूषण, जलभराव से जूझ नहीं रहे होते। दिल्ली की पर्यावरणीय और नागरिक समस्याएं अचानक पैदा नहीं हुई है, बल्कि सालों की उपेक्षा का परिणाम है। प्रदूषण बीजेपी के 9 महीने के सत्ता में नहीं बढ़ा है, बल्कि पिछली सरकारों ने इसे कम करने के लिए कोई काम ही नहीं किया है।



मंत्री ने AAP के पेंडिंग कामों की फेहरिस्त गिनाई

पल्यूशन को लेकर गलत बातें फैला रहे केजरीवाल: सचदेवा

# केजरीवाल सच स्वीकार करें, इस बार पल्यूशन पहले से कम: BJP

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली में** पल्यूशन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आरोपों पर बीजेपी ने कड़ा जवाब दिया है। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सत्ता में रहते हुए भी झूठ और भ्रम की राजनीति करते थे और आज विपक्ष में आकर भी पल्यूशन को लेकर गलत बातें फैला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल को पहले यह स्वीकार करना चाहिए कि इस साल दिल्ली का पल्यूशन स्तर पिछले सालों के मुकाबले कम है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल शब्दों के खिलाड़ी हैं लेकिन अब वे अपनी ही बातों में उलझ गए हैं। केजरीवाल कह रहे हैं कि करीब 15 साल पहले चीन की राजधानी बीजिंग की हवा दिल्ली से कहीं ज्यादा खराब थी और वहां की सरकार ने सख्त कदम उठाकर हालात सुधारे।


**अरविंद केजरीवाल के आरोपों पर दिया जवाब**

इस पर सवाल उठाते हुए सचदेवा ने कहा कि जब 15 साल पहले दिल्ली की हवा खराब थी, उसके बाद 11 साल तक आम आदमी पार्टी की सरकार रही। ऐसे में केजरीवाल बताएं कि उनकी सरकार बीजिंग की तरह पल्यूशन कम करने में क्यों नाकाम रही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं पर केजरीवाल की टिप्पणी को भी गलत बताया।

# सड़कों पर पानी के छिड़काव के लिए फ्लाईओवर पर लगेंगे वॉटर स्प्रिंकलर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image



**राजधानी की** सड़कों पर धूल प्रदूषण खत्म करने के लिए सभी बड़े फ्लाईओवर के ऊपर स्थायी वॉटर स्प्रिंकलर लगाएगी। पहले चरण में नंद नगरी फ्लाईओवर और बारापुला एलिवेटेड कॉरिडोर के ऊपर लगाया जाएगा। यह फ्लाईओवर के सेंट्रल वर्ज के जरिए दोनों किनारों पर लगाया जाएगा, जिससे फ्लाईओवर के ऊपर के साथ-साथ नीचे से जाने वाली सड़कों पर भी पानी का छिड़काव हो सके।

पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि सड़कों पर धूल प्रदूषण एक बड़ी समस्या है। उसके लिए अभी तक वॉटर टैंकर के जरिए पानी का छिड़काव सड़कों पर करते हैं। कुछ भी कर लें लेकिन सच है कि उस पानी का छिड़काव करने वाले वाहन से भी उत्सर्जन होता है। हर साल हमें पानी का छिड़काव करना ही पड़ता है। इसलिए सरकार ने फैसला किया है कि अब हम फ्लाईओवर के ऊपर वॉटर स्प्रिंकलर लगाएंगे। फ्लाईओवर के पास ही बोरिंग के साथ आरओ प्लांट भी लगाया जाएगा। उसी पानी का छिड़काव किया जाएगा। दिल्ली में कुल 100 से अधिक फ्लाईओवर है।

# 'PM ओमान में और राजधानी प्रदूषण में'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: आम आदमी पार्टी (AAP) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में प्रदूषण के खतरनाक स्तर को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता पर भी सवाल उठाए हैं। केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ओमान में हैं, विपक्ष के नेता जर्मनी में हैं और देश की राजधानी दिल्ली प्रदूषण में है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली गैस चैंबर बनी हुई है लेकिन प्रधानमंत्री चुप है। जबकि केंद्र सरकार की सक्रियता के बिना प्रदूषण कम नहीं हो सकता। दिल्ली में 10 साल 'आप' की सरकार रही लेकिन कभी भी प्रदूषण का इतना खतरनाक स्तर नहीं देखा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि आज दिल्ली और केंद्र सरकार में से किसी की भी नीयत हवा साफ करने की नहीं है। दिल्ली के प्रदूषण पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अभी तक कहा जाता था कि पंजाब की पराली की वजह से दिल्ली में प्रदूषण है। इस वक्त पंजाब के सभी शहरों का एक्यूआई 70 से 100 के बीच है। स्मॉग को लेकर दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज और विधायक संजीव झा अलग-अलग इलाके में गए। उन्होंने कहा कि यह सब 4 इंजन वाली BJP सरकार की नाकामी का नतीजा है



# प्रदूषण नियंत्रण में फेल दिल्ली सरकार: कांग्रेस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार की तरफ से प्रवेश वर्मा का यह बयान देना कि दिल्ली में प्रदूषण की समस्या चार-छह महीने में हल नहीं होगी, धीरे-धीरे कई सालों में कम होगी।

क्या बीजेपी ने चुनाव से पहले घोषणा पत्र में यह कहा था कि हम प्रदूषण कई वर्षों में कम करने की कोशिश करेंगे? देवेंद्र ने कहा कि बीजेपी की रेखा गुप्ता सरकार ने 10 महीनों से कुछ करने की बजाय पिछली सरकार की दुहाई देकर अपनी जिम्मेदारियों से भाग रही है। यादव ने कहा कि 11 साल में दिल्ली को आम आदमी पार्टी ने बर्बाद किया, यह दिल्ली की जनता जान चुकी है।

विशेषज्ञ मानने लगे है कि ये सीमेंट की सड़कें बहुत बारीक धूल हवा में छोड़ रही है

# क्या सीमेंट की सड़कें प्रदूषण बढ़ा रही हैं?

■ **हर सर्दी** में दिल्ली प्रदूषण से जूझती है। हम अक्सर इसका कारण पराली, गाड़ियां, पटाखे और उद्योगों को मानते हैं। लेकिन एक और कारण है जिस पर लोगों का कम ध्यान जाता है। ये कारण है शहर में तेजी से बढ़ रही सीमेंट (कंक्रीट) की सड़कें। अब कई नागरिक और विशेषज्ञ मानने लगे हैं कि ये सीमेंट सड़कें बहुत बारीक धूल हवा में छोड़ रही हैं, जिससे दिल्ली की हवा और खराब हो रही है।

सीमेंट की सड़कें देखने में मजबूत और टिकाऊ लगती हैं, लेकिन कुछ समय बाद इनकी ऊपरी सतह में छोटी-छोटी दरारें आने लगती हैं। सतह सूखी और पाउडर जैसी हो जाती है। जब कार, बाइक, बस या भारी वाहन इन सड़कों पर चलते हैं, तो यह ऊपरी परत टूटती है और सीमेंट के बहुत महीन कण हवा में उड़ने लगते हैं।

### एक नागरिक की चिंता



ये कण इतने हल्के होते हैं कि हवा में लंबे समय तक तैरते रहते हैं। डामर की सड़कें जहां धूल को पकड़ कर रखती है, वहीं सीमेंट की सड़कें धूल को बार-बार हवा में उठा देती हैं।

अक्सर लोग सोचते हैं कि सड़क की धूल का मतलब मिट्टी है, लेकिन दिल्ली में ऐसा नहीं है। यहां की ज्यादातर धूल निर्माण संबंधी होती है। इसमें सीमेंट पाउडर, रेत, पत्थर का चूरा और कंक्रीट के छोटे कण शामिल होते हैं। जब शहर में सीमेंट की सड़कें बढ़ती है, तो इसी तरह की धूल भी बढ़ती जाती है। यदि सड़कें अच्छी गुणवत्ता से न बनी हों या नियमित रूप से साफ न की जाएं, तो यह धूल और तेजी से छूटती है।

सर्दियों में यह समस्या और बढ़ जाती है। हवा सूखी होती है, हवा की गति कम होती है और प्रदूषण जमीन के पास ही फंसा जाता है। ऐसे में जब गाड़ियां चलती है, तो सीमेंट सड़कों की धूल ऊपर उठकर लंबे समय तक हवा में बनी रहती है। यही कारण है कि सर्दियों में दिल्ली अक्सर ज्यादा धूलभरी दिखाई देती है।

इसके मुकाबले डामर की सड़कें कम धूल छोड़ती है, क्योंकि उनकी सतह थोड़ा चिपचिपी होती है। उस पर जमा धूल आसानी से उड़ती नहीं है। इसी वजह से जहां-जहां सीमेंट सड़कें बनी है, वहां हवा अधिक धूलभरी महसूस होती है।

अगर दिल्ली को साफ हवा चाहिए, तो शहर को सीमेंट सड़कों के उपयोग पर दोबारा विचार करना होगा। इन सड़कों का इस्तेमाल सिर्फ जरूरत वाली जगहों पर होना चाहिए और इन्हें अच्छी गुणवत्ता से बनाकर नियमित रूप से मेंटेन करना चाहिए। साथ ही सड़कों की नियमित सफाई और धूल हटाना भी जरूरी है।

सीमेंट की सड़कें मजबूत दिखती है, लेकिन ये धीरे-धीरे दिल्ली की हवा में बड़ी मात्रा में धूल मिला रही है। यदि हम एक स्वस्थ और सुरक्षित शहर चाहते है, तो इस छिपी हुई समस्या को पहचानकर समय रहते कदम उठाना जरूरी है- क्योंकि हमारी सड़कों की धूल ही हमारी सांसों में जा रही है। -राजीव यादव

# डीज़ल गाड़ियों पर ऐक्शन, नाराज़गी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली में बढ़ते पल्यूशन को देखते हुए अब दिल्ली सरकार की ओर से 10 साल पुरानी डीजल की गाड़ियों और 15 साल पुरानी पेट्रोल की गाड़ियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा, जिसको लेकर दिल्ली ट्रांसपोर्ट यूनियन में काफी नाराजगी है।

ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट असोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने बताया कि पहले सरकार द्वारा निजी कंपनी के जरिए 10 साल पुरानी डीजल और 15 साल पुरानी पेट्रोल की गाड़ियों के खिलाफ एक्शन लिया जाता था। साथ ही गाड़ी मालिक से स्क्रैप में कटाई का चार्ज भी लिया जाता था। मामला न्यायालय में चला गया, लेकिन अब न्यायालय ने इस पर सख्ती लागू करने का आदेश जारी कर दिया है। जिसके बाद अब इन गाड़ियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

# लाल किला ब्लास्ट में लिए DNA-वॉयस सैंपल

## इस केस में NIA ने 9वें आरोपी को किया गिरफ्तार, साइकोलॉजिकल टेस्ट में 8 आरोपी बोल रहे झूठ

Maneesh.Aggarwal@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : दिल्ली में लाल किला के सामने 10 नवंबर को हुए आतंकी हमले के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने 9वें आरोपी के रूप में एक और आरोपी यासिर अहमद डार (19) को गिरफ्तार किया है। यह जम्मू-कश्मीर के शोपियां का रहने वाला है। इसे पूछताछ के लिए शोपियां से दिल्ली लाया गया था। जहां बाद में इसकी गिरफ्तारी डाली गई। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि इसने भी लालकिले के सामने कार बम धमाका करने वाले फिदायीन डॉक्टर उमर-उन-नबी की तरह ही फिदायीन बनने की कसम खाई थी।

**आरोपी कश्मीर के शोपियां का रहने वाला है, इसे दिल्ली लाया गया है**

एनआईए अधिकारियों ने बताया कि इसने अपने गुरु के प्रति निष्ठा की शपथ लेते हुए यह संकल्प लिया था कि वह भी आत्मघाती (फिदायीन) हमलों को अंजाम देने में आगे रहेगा। तफ्तीश में पता लगा है कि गिरफ्तार यासिर भी इस मामले में अन्य आरोपियों के साथ निकट संपर्क में था। एजेंसी अब इस मामले में यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यासिर जैसे कोई और भी कोई फिदायीन हमले को अंजाम देने का संकल्प रखने वाले तो पकड़ से बाहर नहीं हैं? क्या कुछ और आतंकवादी ऐसे हैं। जो फिदायीन हमला करने की फिराक में हैं?

इसके बारे में 10 नवंबर से लेकर अब तक की सारी लोकेशन और गतिविधियां खंगाली जा रही हैं। उन लोगों का पता लगाना बेहद जरूरी है। जिनके यह संपर्क में था। इससे पहले इस मामले में पकड़े गए सभी आठों आरोपियों का एनआईए ने डीएनए और वॉयस सैंपल ले लिया है। इनकी रिपोर्ट भी आ गई है। जिसे एजेंसी फरीदाबाद और अन्य जगहों से मिले आरोपियों के बाल और अन्य सबूतों से मिलान कर रही है। ताकि इस बात का साइंटिफिक एविडेंस भी उनके पास हो। इन सभी का एनआईए साइकोलॉजिकल टेस्ट भी करा रही है। लेकिन इसमें आरोपी झूठ बोल रहे हैं। ऐसे में फिर से आरोपियों का साइकोलॉजिकल टेस्ट कराया जाएगा।



**जांच जारी :** 10 नवंबर की शाम करीब सात बजे लाल किले के पास एक चलती हुई कार में हुए विस्फोट में एक दर्जन लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए थे।

### अहमद डार 26 दिसंबर तक NIA रिमांड पर


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में स्थित विशेष एनआईए अदालत ने लाल किले के पास विस्फोट से जुड़े मामले में गिरफ्तार आरोपी यासिर अहमद डार को 26 दिसंबर तक एनआईए की रिमांड में भेज दिया है। आरोपी को गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया। इस मामले में वह नौवां आरोपी है। प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज अंजू बजाज चांदना ने एजेंसी की दलीलें सुनने के बाद यासिर को एनआईए रिमांड में भेजने का आदेश दिया। इससे पहले 15 दिसंबर को अदालत ने इसी मामले में आरोपी डॉ. बिलाल नसीर मल्ला और शोएब की एनआईए रिमांड चार दिन के लिए बढ़ा दी थी। दोनों की हिरासत अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किया गया था। सुनवाई के दौरान अदालत ने एनआईए को डॉ. मल्ला की लिखावट के नमूने लेने की अनुमति दी थी, जिसके बाद मैजिस्ट्रेट के सामने उनके सैंपल लिए गए। अगले दिन अदालत की इजाजत से उनकी आवाज के नमूने भी रिकॉर्ड किए गए।

**आरोपी डॉ. बिलाल नसीर मल्ला और शोएब की हिरासत बढ़ी**

### एयरलाइंस कंपनी में जॉब के नाम पर ठगी, अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI image



एयर इंडिया और विस्तारा जैसी बड़ी एयरलाइंस कंपनी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड को शाहदरा जिले की साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान आदित्य वर्ल्ड सिटी, गाजियाबाद (यूपी) निवासी रोहित मिश्रा (35) के रूप में हुई है।

शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि शिकायतकर्ता रितु सिंह ने साइबर थाना पुलिस में शिकायत दी थी कि उनके साथ एयरवेज विस्तारा में नौकरी दिलाने के नाम पर अज्ञात व्यक्तियों ने धोखाधड़ी की है। उनकी शिकायत पर बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्हें careers@airvistara.com से एक ई-मेल मिला था। आरोपियों ने एक मोबाइल नंबर से उनसे संपर्क किया और नौकरी, प्रोसेसिंग फीस, यूनिफॉर्म व अन्य औपचारिकताओं के नाम पर उनसे रुपये जमा करवा लिए।

**आरोपी के पास से कई QR कोड, फर्जी दस्तावेज बरामद**

शिकायत के बाद मामले को सुलझाने के लिए एसएचओ विजय कुमार के नेतृत्व में टीम बनाई गई। उसके बाद आरोपी रोहित मिश्रा को गाजियाबाद (यूपी) से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया, जो कथित एक्सिस बैंक खाते से जुड़ा हुआ था और ठगी की रकम के लेन-देन में इस्तेमाल हो रहा था।

आरोपी ने लोगों को फंसाने के लिए वट्सऐप प्रोफाइल पर "AIR VISTARA" नाम से अकाउंट बना रखा था, उसमें विस्तारा का लोगो लगा हुआ था। आरोपी के पास से कई क्यूआर कोड, फर्जी एलओआई (लेटर ऑफ इंटेंट) और अन्य जाली दस्तावेज बरामद किए गए।

# 'आवारा कुत्तों, पशुओं से सावधान' वाले बोर्ड लगेंगे

## रिंग रोड, रोहतक रोड, मथुरा और आउटर रिंग रोड पर लगेंगे

Sudama.Yadav@timesofindia.com

AI image





■ नई दिल्ली: दिल्ली में रेबीज से बच्चों की मौत और आवारा कुत्तों के काटने के बढ़ते मामलों के बाद सरकार ने बड़ा कदम उठाने का फैसला किया है। अब राजधानी की सड़कों पर लोगों को सतर्क करने के लिए 'आवारा कुत्तों और पशुओं से सावधान' के बोर्ड लगाए जाएंगे। पहले चरण में रिंग रोड, रोहतक रोड, मथुरा रोड और आउटर रिंग रोड के पूरे स्ट्रेच पर ये चेतावनी बोर्ड लगाए जाएंगे। इन बोर्डों पर MCD का हेल्पलाइन नंबर- 155305 भी लिखा होगा ताकि लोग आवारा कुत्तों या पशुओं से जुड़ी शिकायत दर्ज करा सकें।

**इन बोर्ड पर MCD का हेल्पलाइन नंबर- 155305 भी लिखा होगा**

PWD के एक सीनियर अधिकारी के मुताबिक दिल्ली में कुत्तों के काटने और रेबीज से मौत के मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने लोकल एजेंसियों को कई सख्त निर्देश दिए हैं। इन्हीं आदेशों के पालन में यह योजना बनाई गई है। अधिकारियों का कहना है कि तेज रफ्तार वाली सड़कों के आसपास कई जगह आवारा कुत्तों की संख्या काफी ज्यादा है। अक्सर देखा गया है कि ये कुत्ते बाइक सवारों पर झपट पड़ते हैं। इससे वे संतुलन खोकर गिर जाते हैं। कई मामलों में हादसे बेहद गंभीर हो जाते हैं और जान तक चली जाती है। ऐसे हादसों को रोकने के लिए हाई स्पीड सड़कों पर चेतावनी बोर्ड लगाने का फैसला लिया गया है।

पहले चरण में आउटर रिंग रोड के उन हिस्सों पर खास ध्यान दिया जाएगा, जहां रेजिडेंशल इलाके सड़क के बिल्कुल पास हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बोर्ड इस तरह लगाए जाएं ताकि सड़क से गुजरने वाले हर शख्स को वे साफ दिखाई दें।

अधिकारियों के मुताबिक दिल्ली में कुत्तों के काटने के मामलों में हर साल तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इस साल जुलाई में रेबीज से एक बच्ची की मौत भी हो गई थी। साल 2022 में कुत्तों के काटने के 6,691 मामले दर्ज किए गए थे। साल 2023 में यह संख्या बढ़कर 17,874 हो गई यानी एक साल में 11,183 मामलों की बढ़ोतरी हुई। साल 2024 में कुत्तों के काटने के 25,210 मामले दर्ज किए गए।

### Apple टेक्निकल सपोर्ट के नाम से करते थे ठगी, अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: एपल टेक सपोर्ट के नाम पर अमेरिकी नागरिकों से ठगी करने वाले अवैध कॉल सेंटर का क्राइम ब्रांच ने भंडाफोड़ किया है। मॉडल टाउन के गुजरांवाला टाउन में छापा मार बुराड़ी के अमन सिंह (24), जसप्रीत सिंह (23), रघुबीर नगर के मयंक (24), उत्तम नगर के मयंक कुमार (27), नजफगढ़ के दीपांशु (24), मोती बाग के करण कपूर (26), फरीदाबाद के अमन प्रसाद (26) को गिरफ्तार किया गया। सात लैपटॉप और 16 फोन जब्त किए गए। टोल फ्री नंबर कॉल रिसीव करने के लिए माइक्रो सिप सॉफ्टवेयर इंस्टॉल था।

**सात लैपटॉप और 16 फोन जब्त किए गए**

डीसीपी (क्राइम) आदित्य गौतम के मुताबिक, एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में बनी इंस्पेक्टर सुभाष चंद की टीम ने रेड की। आरोपी अमेरिकी नागरिकों के डिवाइस को अनऑथराइज्ड तरीके से रिमोट पर लेकर डेटा एक्सेस करते थे। कॉल सेंटर एपल टेक्निकल सपोर्ट के नाम पर धोखाधड़ी से काम कर रहा था, जो अमेरिकी नागरिकों को निशाना बना रहा था। अमेरिकी नागरिकों से बिटकॉइन (BTC) ट्रांजैक्शन के जरिए क्रिप्टो वॉलेट में पैसे ट्रांसफर करवाते थे। आरोपियों से जब्त डिवाइस से कई अमेरिकी नागरिकों के कॉन्टैक्ट डिटेल्स और संवेदनशील बैंकिंग जानकारी मिली।

## पीड़ितों ने EOW में की थी शिकायत, कंपनी पर मामला दर्ज

# 90% रकम लेकर बिल्डर्स ने किसी और को बेच दिए फ्लैट

Shanker.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: रियल एस्टेट में इनवेस्टमेंट और अपना घर खरीदने का सपना देख रहे लोगों को चूना लगाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बिल्डर्स ने पीड़ितों से करीब 90 फीसदी रकम लेकर फ्लैट बुक कर लिए लेकिन बाद में वही फ्लैट्स दूसरे खरीदारों को बेच दिए। पीड़ित भविष्य के लिए योजनाएं बनाते रहे, जबकि उनके नाम बुक फ्लैट किसी और के कब्जे में चले गए। जब पीड़ितों ने इस बारे में सवाल उठाया तो बिल्डर ने फ्लैट देने के बजाय ब्याज समेत रकम लौटाने की बात कही। कुछ मामलों में पीड़ितों के बैंक खातों में पैसे भी ट्रांसफर कर दिए गए। पीड़ितों ने या तो मौजूदा मार्केट रेट पर फ्लैट देने या फिर पजेशन सौंपने की शर्त रखी लेकिन बिल्डर नहीं माना। इसके बाद पीड़ितों ने दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) में शिकायत दी, जिस पर अब मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में कंपनी के अलावा इसके डायरेक्टर स्वर्ण दीप सिंह और सतनाम सचदेवा को नामजद किया गया है।

एक पीड़ित राज जैन ने पुलिस को बताया कि मैसर्स रियो हाइट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित अहिंसा खंड-2 में एक रेजिडेंशल हाउसिंग स्कीम लॉन्च की थी। इस स्कीम में तय समय पर पजेशन देने का वादा किया गया था। इसी भरोसे पर राज जैन ने अप्रैल 2021 में तीन करोड़ 20 लाख 60 हजार रुपये में तीन फ्लैट बुक किए। इसके लिए उन्होंने करीब दो करोड़ 90 लाख रुपये बिल्डर कंपनी को दे दिए। बाकी करीब 27 लाख रुपये फ्लैट का पजेशन मिलने के समय देने थे। पीड़ित परिवार के साथ प्रीत विहार में रहते हैं और पेशे से आर्किटेक्ट हैं।

**फ्लैट देने के बजाय ब्याज समेत रकम लौटाने की बात कही**

पीड़ित के मुताबिक फरवरी 2024 में जब वह अपने फ्लैट देखने पहुंचे तो वहां कोई दूसरा शख्स काम करवा रहा था। पूछने पर उस शख्स ने बताया कि उसने यह फ्लैट खरीद लिया है और बैंक से लोन भी ले रखा है। इसके बाद राज जैन ने बिल्डर से संपर्क किया। बिल्डर ने फ्लैट देने के बजाय ब्याज समेत पूरी रकम लौटाने का ऑफर दिया। इसे पीड़ित ने ठुकरा दिया। इसके बावजूद कुछ दिन बाद उनके बैंक खाते में करीब 3.26 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए गए।

राज जैन इसके खिलाफ हाई कोर्ट पहुंचे। वहां से उन्हें स्टे मिल गया। कोर्ट के आदेश पर बिल्डर से मिली रकम को रजिस्ट्रार के खाते में जमा करा दिया गया। इसके बाद बिल्डर और पीड़ित के बीच समझौते की बातचीत हुई लेकिन कोई नतीजा नहीं निकल सका। इसी तरह के तीन अन्य पीड़ित भी सामने आए हैं।

**3 गुना हुई कीमत, लालच में दोबारा बेचे फ्लैट**

AI image




पीड़ितों का दावा है कि कोरोना महामारी के बाद रियल एस्टेट सेक्टर में तेजी आई। पहले जहां रेट करीब 4000 रुपये प्रति गज था, वह बाद में बढ़कर करीब 12000 रुपये प्रति गज तक पहुंच गया। इसी लालच में बिल्डर्स ने एक ही फ्लैट कई खरीदारों को बेच दिया। पीड़ितों का कहना है बिल्डर्स को रकम लौटाने के बाद भी अच्छा मुनाफा हो रहा है।

### 11वीं क्लास के स्टूडेंट की चाकू मारकर हत्या

■ नवीन निश्चल, वसंत विहार : वसंत विहार में गुरुवार को 11वीं क्लास के एक स्टूडेंट की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। क्राइम और एफएसएल की टीम ने साक्ष्य जुटाए। बताया गया है कि हमला तीन नाबालिगों ने किया। पुलिस ने सभी को पकड़ लिया है और पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी साउथ वेस्ट अमित गोयल ने बताया कि पुलिस को दोपहर 1:23 पर मामले की सूचना मिली थी। मौके पर पता चला कि 18 साल के लड़के पर हमला किया गया है। उसे तुरंत एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में पता चला है कि उसका नाबालिग लड़कों के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। जिसके बाद उस पर जानलेवा हमला किया गया है।



अजय राज

वसंत विहार पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर सभी आरोपियों को पकड़ लिया है। सभी नाबालिग हैं। मृतक अजय राज परिवार में बड़ा बेटा था। उससे छोटी एक बहन और भाई है। अजय दोपहर में काम से लौटकर घर आया और मां को खाना निकालकर रखने की बात कहकर बाहर गया। कुछ देर बाद ही परिवार को पता चला कि उसपर हमला हुआ है।

## आरोपियों के कब्जे से 4 मोबाइल फोन बरामद, इनमें तीन आईफोन शामिल

# मेसी के कार्यक्रम में मोबाइल चोरी में दो अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI image



फुटबॉलर लियोनेल मेसी के अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मोबाइल चोरी की कई घटनाएं सामने आई थीं। इन मामलों में आईपी एस्टेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को राजघाट के पास से उस समय पकड़ा गया, जब वे चोरी किए गए मोबाइल फोन बेचने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 4 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनमें तीन आईफोन शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान समीर (23) और अब्दुल्ला (40) के रूप में हुई है।

सेंट्रल जिला के अडिशनल डीसीपी ऋषि कुमार ने बताया कि अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित इवेंट के दौरान मोबाइल चोरी की कई शिकायतें दर्ज हुई थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। पुलिस ने लोकल मुखबिरों को एक्टिव किया और स्टेडियम के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि मोबाइल चोरी में शामिल दोनों आरोपी राजघाट इलाके में घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर छापेमारी कर दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे कार्यक्रम के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल चोरी करते थे और बाद में उन्हें राह चलते लोगों को बेचकर पैसे जुटाने की योजना बना रहे थे। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि वे और कितनी घटनाओं में शामिल रहे हैं।

### भाग रहे बदमाशों को टक्कर मारकर पकड़ा

■ NBT रिपोर्ट, केशवपुरम: केशवपुरम की पिकेट पर सतर्कता से मुखर्जी नगर इलाके में स्नैचिंग करके भाग रहे दो बदमाशों को पुलिसकर्मियों ने टक्कर मारकर पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान नजाकत अली उर्फ KTM और तुषार उर्फ निशु के तौर पर हुई है। चोरी की बाइक, एक सोने की चेन, 8 लूटे हुए मोबाइल फोन जिनमें तीन आईफोन भी शामिल हैं। आगे की जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी नजाकत उर्फ KTM आदतन अपराधी है। इस पर 57 केस दर्ज हैं। अडिशनल डीसीपी सिकंदर सिंह के मुताबिक, 16 दिसंबर को पास बाइक पेट्रोलिंग के दौरान हेड कॉन्स्टेबल संजीव, रमेश और मोहित ने सतर्कता दिखाते हुए बदमाशों को पकड़ लिया।

**मुख्य आरोपी पर दर्ज हैं 57 मामले**

### DJ बजाने से मना करने पर हमला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सोनिया विहार इलाके में शराब पीकर गली में जोर से डीजे बजाने का विरोध करने पर दूसरे पक्ष के आरोपियों ने चाचा-भतीजे की जमकर पिटाई कर दी और पत्थरबाजी कर घायल कर दिया। उनकी कार और स्कूटर भी तोड़ डाले। हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी दे मौके से फरार हो गए। वहीं घायल चाचा-भतीजे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित के बयान पर सोनिया विहार के अमन भाटी, राहुल, सोनू और शिवम के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

**पीड़ित के बयान पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 31 वर्षीय सनोज सिंह अपने परिवार के साथ गली नंबर-16 पांचवा पुश्ता सोनिया विहार इलाके में रहते हैं। 14 दिसंबर की रात करीब 10 बजे उन्होंने गृह प्रवेश के लिए गली में हलवाई और टेंट लगा रखा था। वहीं गली में आरोपी तेज आवाज में डीजे बजाकर शराब पी रहे थे और अश्लील गाने बजा डांस कर रहे थे। शराब के नशे में वह उनकी कार पर खड़े होकर डांस करने लगे। उन लोगों को रोका तो वो ईंट-पत्थर फेंकने लगे।

### मुंडका इंडस्ट्रियल एरिया की फैक्ट्री में भीषण आग

■ नवीन निश्चल, मुंडका



आउटर दिल्ली के मुंडका इंडस्ट्रियल एरिया इलाके में एक साथ तीन शेड में आग लग गई। जानकारी के अनुसार एक में कूलर के प्लास्टिक पार्ट्स बनाने की फैक्ट्री थी, दूसरे में पेंट और थिनर का गोदाम था। तीसरे में मिक्स आइटम का स्टोर था। तीनों शेड में गुरुवार दोपहर अचानक आग लग गई। फायर कंट्रोल रूम को दोपहर 1:46 बजे आग लगने की सूचना मिली। मौके पर आग बुझाने वाली 22 गाड़ियां भेजी गईं। बाद में इनकी संख्या बढ़ाकर 31 से ज्यादा की गई।

डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर एस.के. दुआ, डिविजनल ऑफिसर ए.के. जायसवाल, संदीप दुग्गल, ADO राजीव सिन्हा, आर.के. यादव, भूपेंद्र इत्यादि सहित 160 से ज्यादा फायरकर्मी आग बुझाने में जुटे हुए हैं। लगभग पांच घंटे बाद आग को 6:45 बजे कंट्रोल किया गया, लेकिन बुझाया नहीं जा सका है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

**160 से ज्यादा फायरकर्मियों ने 5 घंटे में पाया काबू**

### स्पेशल ब्रांच होगी और ज्यादा 'स्मार्ट'



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली पुलिस की स्पेशल ब्रांच को मॉडर्न और स्मार्ट बनाने के लिए अत्याधुनिक आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) प्लेटफॉर्म इंटेलिजेंस डेटा मैनेजमेंट टूल (IDMT) सौंपा गया है। इसका उद्घाटन गुरुवार को सीपी सतीश गोलछा ने किया। डीसीपी (स्पेशल ब्रांच) सृष्टि पांडे के मुताबिक, यह टूल दक्षता, सटीकता और फैसला लेने की क्षमता को बढ़ाता है, जिससे भविष्य के लिए एक स्मार्ट, तेज और ज्यादा कोऑर्डिनेटिंग सुरक्षा ढांचा तैयार होगा। सीपी ने इंटेलिजेंस में तकनीकी इस्तेमाल को शामिल करने के लिए स्पेशल ब्रांच के प्रयासों की सराहना की।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,600 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

► *Placement on specified obit pages only. ► This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ► ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ► TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

### नकली लुब्रिकेंट ऑयल की फैक्ट्री का भंडाफोड़



**नांगलोई से 3,960 लीटर से ज्यादा कच्चा और नकली लुब्रिकेंट ऑयल जब्त**

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: नांगलोई में एक नामी कंपनी के नाम से नकली लुब्रिकेंट ऑयल बनाने वाली फैक्ट्री का क्राइम ब्रांच ने भंडाफोड़ किया। आरोपी संदीप (36) को गिरफ्तार किया है, जो मूल रूप से हरियाणा के जींद जिले से है। पुलिस ने फैक्ट्री से 3,960 लीटर कच्चा और नकली लुब्रिकेंट ऑयल, करीब 12,000 खाली कैस्ट्रोल बोतलें/बाल्टियां, मशीनरी, पैकेजिंग सामग्री और एक करोड़ रुपये से ज्यादा के प्रोडक्ट को जब्त किया।

डीसीपी (क्राइम) आदित्य गौतम के मुताबिक, मैसर्स कैस्ट्रोल लिमिटेड के प्रतिनिधि नकली कैस्ट्रोल लुब्रिकेंट ऑयल बनाने और कई राज्यों में सप्लाई करने की शिकायत दी थी। इंस्पेक्टर शिवराज सिंह बिष्ट की लीडरशिप में एसआई रवींद्र कुमार, संजय कुमार और सिमरजीत कौर की टीम ने नांगलोई के कमरुद्दीन नगर में छापा मारा तो बड़े पैमाने पर नकली लुब्रिकेटिंग ऑयल बनाने वाली यूनिट का भंडाफोड़ हुआ। मुख्य आरोपी संदीप साइट पर ऑपरेशंस की देखरेख करते हुए पाया गया। आरोपी सस्ते वाला लुब्रिकेंट ऑयल खरीदता था और उसे रीब्रैंड करता था।

### गायत्री परिवार के स्टॉल पर मिलेंगी 15 भाषाओं की किताबें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : आगामी 10 जनवरी से 18 जनवरी तक प्रगति मैदान में लगने वाले विश्व पुस्तक मेले में ऑल वर्ल्ड गायत्री परिवार (AWGP) भी अपनी विशेष पुस्तक प्रदर्शनी लगाने जा रहा है।

गायत्री चेतना केंद्र, नोएडा के व्यवस्थापक और गायत्री परिवार (दिल्ली-एनसीआर) के प्रभारी योगेश शर्मा ने बताया कि वर्ष 2026 गायत्री परिवार के लिए इसलिए भी विशेष महत्व रखता है, क्योंकि AWGP के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की साधना के 100 साल, माता भगवती देवी शर्मा के अवतरण के 100 साल और शांति कुंज, हरिद्वार में अखंड दीपक के निरंतर प्रज्वलन के 100 साल पूरे होने जा रहे हैं। अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में AWGP विश्व पुस्तक मेले में खास पुस्तकों के साथ शामिल हो रहा है। गायत्री परिवार द्वारा हिंदी-अंग्रेजी समेत 15 भाषाओं में प्रकाशित 3200 से अधिक विषयों पर आधारित पुस्तकें मिलेंगी।

### 'विपरीत समय में अपने भी हमसे दूर हो जाते हैं'

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली

**सिद्धपीठ कालकाजी** मंदिर में सत्संग के समय महंत सुरेंद्रनाथजी ने कहा कि भगवान और संत-महात्माओं के प्रति निष्काम भाव से प्रेम करना चाहिए। उनके प्रति मान, सम्मान और अपनेपन की भावना रखोगे तो जीवन में कभी भी नीचा नहीं देखना पड़ेगा। यही सत्संग का प्रभाव होता है। भगवान हमारे हैं और हम भगवान के हैं, यह धारणा बहुत बड़ी बात है।

**सत्संग:** प्राचीन संन्यास आश्रम शिव हनुमान मंदिर, पंचकुइयां रोड सत्संग में महंत सोलगिरि महाराज ने कहा कि मनुष्य के जीवन में समय सबसे बड़ा शिक्षक होता है। विपरीत समय में अपने भी दूर हो जाते हैं और अनुकूल समय में पराए भी अपने बन जाते हैं।

**स्वर्णजयंती समारोह:** समाजसेवी संस्था तरुण मित्र परिषद द्वारा प्यारेलाल भवन, ITO में 21 दिसंबर को सुबह 10 बजे आयोजित 50वें समारोह में 500 से भी अधिक साधनहीन विद्यार्थियों को पाठ्यसामग्री, छात्रवृत्ति और दिव्यांगों को कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे।

**दीक्षा महोत्सव:** स्याद्वाद भवन, रामगली विश्वास नगर में उपाध्याय वृषभानंद के सान्निध्य में ऐलक विज्ञानसागर के 32वें दीक्षा महोत्सव पर जिन सहस्रनाम महार्चना की गई। उन्हें नवीन पिच्छी प्रदान की गई।

www.nbt.in
7 नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली। शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025

# NBT GOOD न्यूज़

**मुस्कुराने से नए विचारों के लिए खुले दिमाग**
जब आप खुश होते हैं और मुस्कुराते हैं, तो आपका दिमाग बेहतर तरीके से काम करता है। इससे आप नए विचारों के बारे में सोच पाते हैं और मुश्किल फैसले भी आसानी और समझदारी से ले सकते हैं।

## विचार

सफलता कभी भी इंतजार करने वालों को नहीं मिलती। अगर आप कामयाब होना चाहते हैं, तो बैठिए मत, बल्कि उठकर अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए काम कीजिए।
– स्टीव हार्वी (Steve Harvey)

## ज़रा हंस लें

मरीज: खाने के बाद भूख नहीं लगती है, सोने के बाद नींद नहीं आती, काम करूं तो थक जाता हूं... डॉक्टर: बीमारी तो बड़ी है, एक काम करो, सारी रात धूप में बैठो, जल्दी ही ठीक हो जाओगे... !!

## कविता : जिंदगी



ये जिंदगी तब तक है आसान,
जब तक मां-बाप का है सम्मान।

हर सांस में है ऊपर वाले का नाम,
तू बस करता रह अपना काम।

एक समय बाद सब अच्छा होगा,
जब तू जिंदगी में सच्चा होगा।

निराशा में भी आशा होगी,
तू बस नजरिया बदल
तेरी हार में भी
जीत होगी।

– दिवेश जोशी, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

# संजीवनी की कथा वाला कुदरत का दवाखाना
## चमकेगा गंधमर्दन पर्वत



Riyan.Ramanath
@timesofindia.com

■ **गंधमर्दन पहाड़** का संबंध प्राचीन कथा संजीवनी बूटी से है। कहा जाता है कि लक्ष्मण को बचाने के लिए हनुमान द्रोणगिरि पर्वत लेकर आए थे, लेकिन संजीवनी नहीं पहचान पाने के कारण पर्वत का एक हिस्सा गिरकर बालांगीर और बरगढ़ के बीच आज के गंधमर्दन क्षेत्र में आया। अब यह पहाड़ औषधीय पौधों के लिए प्रसिद्ध हो रहा है। स्थानीय वैद्य जोनेश्वर धरुआ बताते हैं कि यही वह जगह है जहां से इलाज की शुरुआत होती है। टेकेंद्र जल कहते हैं, "गंधमर्दन एक चलता-फिरता दवाखाना है।" यहां 2,200 से ज्यादा औषधीय पौधे पाए जाते हैं, जिनमें 350 दुर्लभ हैं। एसएमपीबी के सीईओ वी. कार्तिक की योजना अगले पांच साल में 25,000 एकड़ में औषधीय पौधों की खेती करने की है, जिससे किसानों को रोजगार मिलेगा और ओडिशा हर्बल उद्योग में आगे आएगा। थाईलैंड के प्रो. आदित्य ब्रह्मदत्त चेतावनी देते हैं कि समय रहते संरक्षण न किया गया तो कई पौधे हमेशा के लिए गायब हो सकते हैं।




स्थानीय लोग गंधमर्दन को खनन से बचा चुके हैं और अब यह जैव-विविधता विरासत स्थल घोषित हो चुका है। गंधमर्दन वनस्पति वन सोसायटी के विभूति भूषण गुड़ के अनुसार, स्थानीय समुदाय और पर्यावरण कार्यकर्ता टिकाऊ हर्बल उद्योग के विकास के अलावा किसी भी दोहन के पक्ष में नहीं हैं। सरकार पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक इनोवेशन को जोड़कर 'ओडिशा हर्ब्स' और 'कलिंग हर्ब्स' जैसे ब्रांड तैयार कर रही है। खेती आधारित मॉडल के तहत संगठित समूहों में जड़ी-बूटियों का संग्रह और खेती दोनों ही टिकाऊ तरीके से होगा।

### जड़ी-बूटियां और इलाज

पारंपरिक चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार गंधमर्दन में कई जड़ी-बूटियां हैं जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती हैं, घाव भरती हैं और डायबिटीज, बवासीर व अस्थमा जैसी बीमारियों में मदद करती हैं। यहां दुर्लभ पौधे प्रजनन क्षमता बढ़ाने, मासिक धर्म संतुलित करने, टूटी हड्डियों को जोड़ने और सांप के जहर के इलाज में काम आते हैं। कुछ औषधीय पौधों में टीबी के इलाज की संभावना भी मानी जाती है। खास किस्मों में सफेद मूसली, अश्वगंधा और टर्मिनेलिया प्रजातियां शामिल हैं, जो त्रिफला जैसी आयुर्वेदिक दवाओं का अहम हिस्सा हैं। इसके अलावा आंवला, हरड़ और बहेड़ा जैसे फलदार औषधीय पेड़ भी पाए जाते हैं।

# सिर्फ नब्ज नहीं, गरीबी की नस भी पकड़ी

Rema.Nagarajan@timesofinda.com

■ **चेन्नै:** तमिलनाडु के धर्मपुरी जिले की दूर-दराज घाटी सिट्टीलिंगी कभी इलाज, रोजगार और पोषण तीनों के संकट से जूझ रही थी। आज यही इलाका देश के सामने एक मिसाल है। यह बदलाव संभव हुआ एक डॉक्टर दंपती के संकल्प से, जिन्होंने बीमारी का इलाज ही नहीं किया, बल्कि उसकी जड़ों तक पहुंचे। साल 1993 में डॉक्टर रेगी जॉर्ज और उनकी पत्नी डॉक्टर ललिता रेगी, जिन्हें गांव में लोग प्यार से 'जी' और 'मां' कहते हैं, सिट्टीलिंगी पहुंचे। यहां करीब 17 हजार आदिवासी रहते थे। नजदीकी शहर 80 किलोमीटर दूर था। इलाज की कोई पक्की व्यवस्था नहीं थी।




उन्होंने शुरुआत एक झोपड़ी से की। स्थानीय महिलाओं को नर्स और स्वास्थ्यकर्मी के रूप में प्रशिक्षित किया। धीरे-धीरे वही झोपड़ी 35 बेड के आधुनिक अस्पताल में बदल गई। आज यहां ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू, मातृत्व वार्ड, अल्ट्रासाउंड और लैब जैसी सुविधाएं हैं। नतीजे चौंकाने वाले हैं। जहां पहले शिशु मृत्यु दर 1000 पर 150 थी, वह अब घटकर करीब 8 रह गई है। बीते 20 वर्षों में घाटी में एक भी मातृ मृत्यु दर्ज नहीं हुई।

**बीमारी की जड़ में दिखी गरीबी:** इलाज करते-करते डॉक्टर दंपती ने महसूस किया कि अधिकतर बीमारियों की वजह सिर्फ बीमारी नहीं, बल्कि कर्ज, पलायन और खराब खान-पान है। इसे समझने के लिए उन्होंने 2003 में छह महीने की पदयात्रा की। उन्हें पता चला कि किसान रासायनिक खाद और कीटनाशक खरीदने के लिए साहूकारों से कर्ज ले रहे हैं। जो किसान कर्ज में थे, वही रसायनों पर निर्भर थे।

उधर, राशन की मुफ्त सफेद चावल ने मोटे अनाज की पारंपरिक थाली को गायब कर दिया था। नतीजा- कुपोषण और एनीमिया। कर्ज से तंग आकर लोग शहरों में मजदूरी करने जाते, जहां खराब हालात में रहकर टीबी जैसी बीमारियां लेकर लौटते।

## डॉक्टर कपल की सेहत, खेती, रोजगार की पहल



डॉ. रेगी जॉर्ज, ललिता रेगी

■ कच्ची झोपड़ी से 35-बेड के आधुनिक अस्पताल तक का सफर

■ शिशु मृत्यु दर 150 से घटकर 8 हुई, 20 साल में कोई मातृ मृत्यु नहीं

### इलाज खेत से शुरू हुआ

डॉक्टरों ने तय किया कि इलाज अस्पताल से नहीं, खेत से शुरू होगा। 2005 में चार किसानों को जैविक खेती के लिए तैयार किया गया। शुरुआत आसान नहीं थी। पहले दो साल पैदावार घटी, लेकिन धीरे-धीरे जमीन सुधरी और खर्च कम हुआ। 2008 में सिट्टीलिंगी ऑर्गैनिक फार्मर्स एसोसिएशन (SOFA) बनी। आज इसमें 700 किसान जुड़े हैं और इसका सालाना कारोबार करीब 3 करोड़ रुपये है। अब किसान मंडी नहीं जाते। फसल सीधे प्रोसेसिंग सेंटर में जमा होती है, जहां उन्हें बाजार से बेहतर दाम मिलता है। कम ब्याज पर कर्ज मिलता है और महिलाएं पशुपालन से भी जुड़ी हैं।

### 60 महिलाओं को काम

2006 में महिलाओं के लिए 'पोरगई' नाम से सिलाई-कढ़ाई यूनिट शुरू की गई। आज यह एक प्रोड्यूसर कंपनी है, जिसका सालाना कारोबार 1 करोड़ रुपये से ज्यादा है। करीब 60 महिलाएं यहां काम करती हैं। इनके बनाए कपड़े देश-विदेश तक जाते हैं।

### मोटे अनाज की थाली


SOFA ने सोलर ऊर्जा से चलने वाला मिलेट प्रोसेसिंग यूनिट शुरू किया। यहां अनाज का 95% हिस्सा इस्तेमाल होता है। मोटे अनाज, दालें, शहद, तेल और जैविक खाद तैयार की जाती है। किसानों को अपने हिस्से की फसल घर में रखने के लिए प्रेरित किया गया। गांव में ही

### आदिवासी इलाके में घटी बीमारियां

डॉक्टर रेगी कहते हैं कि बीमारियां सिर्फ कीटाणुओं से नहीं, गरीबी से भी पैदा होती हैं। यही सोच सिट्टीलिंगी की ताकत बनी। एक नर्स पंचायत अध्यक्ष बनीं और गांव में सड़क, बिजली और पानी जैसी सुविधाएं बेहतर हुईं। अस्पताल के रेकॉर्ड बताते हैं कि कुपोषण और एनीमिया के मामले घटे हैं। अब मधुमेह और बीपी जैसी बीमारियों पर काम हो रहा है।

## पानी के आईने में अपनी खूबसूरती निहारते दूर देश से आए मेहमान

PTI



राजस्थान की सांभर झील में फ्लेमिंगो का यह झुंड और सर्दियों की गुनगुनी धूप में इनके पंखों की गुलाबी आभा पानी के नीले रंग में घुल सी गई है। ये विदेशी मेहमान शाही अंदाज में पानी में अपना अक्स निहार रहे हैं।

## गुरु गोबिंद जी की दुर्लभ पेंटिंग बचाने की कहानी

■ जसकरण सिंह, अमृतसर







अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में मौजूद एक कीमती ऐतिहासिक धरोहर को लेकर सोशल मीडिया पर हाल ही में गलतफहमी फैल गई। यह दावा किया गया कि सिखों के 10वें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी की 200 साल पुरानी पेंटिंग को बदला जा रहा है। लोगों के मन में चिंता भी हुई कि कहीं इतिहास मिट न जाए। लेकिन सच्चाई यह है कि यह पेंटिंग न तो हटाई जा रही है और न बदली जा रही है। SGPC ने स्पष्ट किया कि दरबार साहिब के उत्तरी हिस्से की सीढ़ियों पर मौजूद मूल पेंटिंग अपनी जगह सुरक्षित है। जो काम हो रहा है, वह पेंटिंग की हूबहू नकल तैयार करने का है, ताकि आने वाले समय में अगर मूल चित्र को नुकसान पहुंचे, तो उसका सुरक्षित रिकॉर्ड उपलब्ध रहे।




यह दुर्लभ पेंटिंग 1830 के दशक की है, जिसे महाराजा रणजीत सिंह ने बनवाया था। इसमें गुरु गोबिंद सिंह जी घोड़े पर सवार नजर आते हैं। इस रेप्लिका को तैयार कर रहे हैं हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं कांगड़ा शैली के कलाकार बलविंदर कुमार, जो इस काम को सेवा मानते हैं। वे हर वीकेंड शिमला से अमृतसर आकर पुराने जमाने की तकनीक और कुदरती रंगों से पेंटिंग तैयार कर रहे हैं। यह प्रयास यूके की संस्था 'गुरु नानक निष्काम सेवक जत्था' की देखरेख में हो रहा है। यह प्रोजेक्ट आने वाले महीनों में पूरा होगा और साबित करेगा कि कला और आस्था मिलकर इतिहास को कैसे सुरक्षित रखती हैं।

# असिता में भी कर सकेंगे इवेंट्स





■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**बांसेरा के** बाद अब यमुना किनारे डिवेलप किए गए असिता पार्क में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हो सकेगा। DDA ने अब ITO के पास स्थित इस पार्क में भी बुकिंग शुरू कर दी है। यहां पर लॉन के साइज के आधार पर 40 हजार से 3.3 लाख रुपये में एक दिन की बुकिंग हो सकेगी। LG वी.के सक्सेना राजधानी को सोशल और कल्चरल इवेंट्स के लिए तैयार कर रहे हैं। बांसेरा में यह बुकिंग काफी पहले से शुरू हो चुकी है। पिछले दिनों बांसेरा में जश्न-ए-रेख्ता का सफल आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में लोग उमड़े। इसके बाद ही अब असिता में भी इसी तरह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

**40 हजार से 3.3 लाख रुपये में रेंट पर आयोजन के लिए मिलेगी जगह**

DDA से मिली जानकारी के अनुसार असिता में बुकिंग के लिए किराया तय कर दिया है। यह किराया दैनिक आधार पर होगा। लॉन के साइज के आधार पर यह किराया 40 हजार से 3.3 लाख रुपये का होगा। प्रतिदिन के हिसाब से यह किराया लिया जाएगा। इसमें झील लॉन (1,560 स्क्वॉयर मीटर) की बुकिंग 50 हजार, कन्या लॉन (2,860 स्क्वॉयर मीटर) की बुकिंग 1.40 लाख, मैन कांग्रीगेशन लॉन (8,900 स्क्वॉयर मीटर) का 2.90 लाख, बुध लॉन (3,270) का 1.10 लाख, सूर्या लॉन (800 स्क्वॉयर मीटर) का 40 हजार, कैफे लॉन (3000 स्क्वॉयर मीटर) का एक लाख और सर्कुलर लॉन (13,720 स्क्वॉयर मीटर) का 3.30 लाख रुपये तय किया गया है।

### बुकिंग की शर्तें

DDA के अनुसार आयोजक अधिकतम तीन दिन के लिए बुकिंग करवा सकेंगे। बुकिंग के दिनों के दौरान ही उन्हें अपनी गतिविधियों के लिए इको फ्रेंडली तरीके से अस्थाई टेंट आदि भी लगाने और हटाने होंगे। सिर्फ सर्कुलर लॉन में बुकिंग अधिकतम पांच दिनों के लिए हो सकेगी। बुकिंग करने वालों से सफाई का चार्ज भी लिया जाएगा। यह 2.75 रुपये प्रति स्क्वॉयर मीटर के हिसाब से लिया जाएगा।

### 40 गाड़ियों की पार्किंग

रेंट चार्ज में 40 गाड़ियों की पार्किंग सुविधा भी शामिल होगी। DDA के अनुसार सभी बुकिंग सरकार के पर्यावरण और रेगुलेटरी सेफगार्ड के नियमों के तहत होंगी। NGT और सुप्रीम कोर्ट की अन्य गाइडलाइंस का पूरी तरह पालन किया जाएगा और यमुना के इकोलॉजी को इनकी वजह से डिस्टर्ब नहीं किया जाएगा।

## इसरो की एग्जिबिशन, वैज्ञानिकों ने बच्चों के सवालों के दिए जवाब



■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** द्वारका सेक्टर 10 स्थित वंदना इंटरनैशनल स्कूल में तीन दिवसीय इसरो अंतरिक्ष विज्ञान प्रदर्शनी में शुक्रवार को वैलेडिक्टरी सेशन का आयोजन होगा। ट्रिनिटी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. वेद टंडन ने बताया कि कमल मॉडल सीनियर सेकंडरी स्कूल और वंदना इंटरनैशनल स्कूल के प्रयास से इस सेशन का आयोजन हो रहा है। इसमें भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग ने सहयोग किया है।

**स्कूल में आज होगा खास सेशन का आयोजन, वैज्ञानिक सोच अपनाने पर जोर**

यहां इसरो से आए वैज्ञानिक परेश सर्वैया और उनकी टीम बच्चों के सवालों के जवाब दे रहे हैं। आज वैलेडिक्टरी सेशन में दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद के पहुंचने की उम्मीद है। प्रदर्शनी के शुरुआती सत्र में सीबीएसई वेस्ट दिल्ली के क्षेत्रीय अधिकारी के श्रीनिवासन और ईस्ट दिल्ली के क्षेत्रीय अधिकारी दिनेश राम मौजूद थे। यहां आए गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर डॉ. धनंजय जोशी ने आनेवाले समय में वैज्ञानिक सोच अपनाने पर जोर दिया।

## JNU कन्वोकेशन 12 जनवरी को

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (JNU) का 9वां कन्वोकेशन 12 जनवरी 2026 को होगा। कन्वोकेशन फिजिकल और ऑनलाइन दोनों मोड में होगा।

जिन स्टूडेंट्स ने अपनी पीएचडी थीसिस 31 दिसंबर 2025 तक जमा की है, उन्हें कन्वोकेशन में डिग्री दी जाएगी। यूनिवर्सिटी ने सभी स्टूडेंट्स से कहा है कि जिन्होंने 16 जनवरी से 31 दिसंबर 2025 तक पीएचडी कोर्स पूरा कर लिया है और मूल पीएचडी उपाधि जारी नहीं की गई, उन्हें दीक्षांत समारोह पोर्टल पर 1500 रुपये फीस देकर अपना रजिस्ट्रेशन पूरा करना होगा।

SWEATER JACKETS SALE madame

Hi-Fashion Collection 2024-25
BRANDED Sweaters, Jacket, Sweat Shirt, Lower, Cardigan & winter wears




upto 60% off

By Economy Sales: 9212758425

ARROW | Raymond | ColorPlus | Levi's | PARK AVENUE

• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

Windows 11 | croma | A TATA Enterprise



3x faster
More battery life and up to 3x faster web browsing* than Windows 10 PCs
*Based on speedometer benchmark. Performance will vary significantly by device.

AI Laptops Powered by Intel® Core™ Ultra Processors - Starting ₹49,517* | Flat 10% Student & Teacher Discount*

**HP 15 Laptop**

| | |
|---|---|
| MRP | ₹83,033* |
| Selling Price | ₹66,490* |
| Student Teacher Discount | ₹9,974* |
| Cashback up to | ₹5,000* |
| Exchange Value up to | ₹2,000* |
| Sale Price | ₹49,517* |

**Lenovo IdeaPad Slim 3 Laptop**

| | |
|---|---|
| MRP | ₹81,390* |
| Selling Price | ₹51,490* |
| Student Teacher Discount | ₹7,724* |
| Cashback up to | ₹2,000* |
| Exchange Value up to | ₹2,000* |
| Sale Price | ₹39,767* |

**Dell 14 Plus Laptop**

| | |
|---|---|
| MRP | ₹87,990* |
| Selling Price | ₹79,990* |
| Student Teacher Discount | ₹11,999* |
| Cashback up to | ₹1,750* |
| Exchange Value up to | ₹2,000* |
| Sale Price | ₹64,242* |

*Sale Price inclusive of exchange/ cashback or both

Rush to croma Store | croma.com | TATA NEU
Scan to locate us

Up to ₹15,000 Cashback on Consumer Finance*
ZipCare — Get Laptop Setup & Support Service to ensure your Laptop is ready to use the right way, MRP ₹1,499* @ ₹999*

Now Open @ Ambedkar Road, Ghaziabad | Pacific Mall, Faridabad | 55+ Stores across Delhi NCR

*Offer valid only at stores | The prices mentioned are for one unit of the product | Two Offers cannot be clubbed | Offer valid till stock lasts | Offer valid on select brands/categories/days/locations/products | The sale price shall be subject to cashback offers/discounts provided by Croma or exchange value of your old product or all of the above, as applicable | In addition, select products may be eligible for exchange bonus as well | Processing fee shall be applicable as levied by consumer finance | MRP is inclusive of taxes | For further details, visit stores | T&C Apply

## बरेली से कैंची धाम जा रही कार खाई में गिरी, तीन की जान गई

■ NBT रिपोर्ट, नैनीताल : उत्तराखंड के नैनीताल जिले में गुरुवार को एक कार खाई में गिर गई। गाड़ी में बैठे तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और आधा दर्जन अन्य लोग घायल हो गए। राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) ने यह जानकारी दी।

एसडीआरएफ ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाली तीनों महिलाएं उत्तर प्रदेश की थीं। बताया कि दुर्घटना भवाली-अल्मोड़ा नैशनल हाइवे पर भवाली के पास उस समय हुई, जब एक कार में सवार श्रद्धालु बरेली से कैंचीधाम आश्रम की ओर जा रहे थे।

## मेसी इवेंट में बवाल पर सरकार से जवाब मांगा

■ आईएएनएस, कोलकाता : कलकत्ता हाई कोर्ट ने लियोनल मेसी के इवेंट के दौरान गुरुवार को साल्ट लेक स्टेडियम में हुई अफरा-तफरी और तोड़फोड़ पर पश्चिम बंगाल सरकार से 22 दिसंबर तक रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है।

इस मामले में हाई कोर्ट में तीन अलग-अलग जनहित याचिकाएं फाइल की गई थीं। गुरुवार को इनपर सुनवाई हुई। वहीं, मामले में राज्य के पुलिस प्रमुख समेत दो आईपीएस अफसरों और एक सरकारी अधिकारी ने गुरुवार को बंगाल सरकार के नोटिस का जवाब दिया।

> कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को 22 तक जवाब देने को कहा

## छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, तीन नक्सली मारे गए

■ भाषा, सुकमा: छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ में तीन माओवादी मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गोलापल्ली थाना क्षेत्र के जंगल और पहाड़ी में माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी के आधार पर सुकमा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के दल को अभियान पर रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह से सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी जारी रही। मारे गए माओवादियों में एक महिला है।

> पुलिस ने कहा, नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर अभियान शुरू हुआ


**BSNL**

**BHARAT SANCHAR NIGAM LIMITED**
(A Govt. of India Enterprise)

**REQUEST FOR PROPOSAL**

**RFP No. MSTC/NRO/Bharat Sanchar Nigam Limited/8 to 13/Kashmere Gate/25-26/40836 to 40842**

BSNL invites bids for **"Monetization of land and Building in BSNL through Development Model and long term lease"** of 6 No. land parcels through e-tender followed by e-auction, at various locations in Madhya Pradesh, Maharashtra, **Delhi** and West Bengal.

The detailed RFP and other documents are available on the website of MSTC **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/propertysale/index.jsp** (under **'Notifications'** link). The RFP and other documents can also be seen on website regarding BSNL asset monetization at link **https://assetmonetization.bsnl.co.in**

**The last date of submission of online bids is upto 15:00 hrs on 23.12.2025.**

**For land parcels at Delhi please contact :-**
**Executive Engineer (LM) o/o Chief Engineer (Civil), CNTx-North, BSNL, New Delhi**
**Mob - 9412739232, Email - ce.bsnl.civilntr@gmail.com**



सीमा शुल्क निवारक आयुक्तालय
मुंबई सीमा शुल्क क्षेत्र-III
डिस्पोजल सेक्शन, रमजिंग एंड इंटेलिजेंस विंग, न्यू कस्टम हाउस, बैलार्ड एस्टेट, फोर्ट, मुंबई
ईमेल : Disposal-prev@gov.in

ई-नीलामी सूचना

हीरे और पुखराज के 12 लॉटों की ई-नीलामी (एम.एस.टी.सी. वेबसाइट पर ई-नीलामी सं. MSTC/WRO/CustomsPreventive/10/Mumbai/25-26/49605) निपटान अनुभाग, निवारक आयुक्तालय, न्यू कस्टम हाउस, मुंबई सीमा शुल्क, मुंबई जोन-III द्वारा मैसर्स एम.एस.टी.सी. लिमिटेड, 607 खोखा सेंटर, नरीमन पॉइंट, मुंबई-400021 के प्लेटफॉर्म पर 30.12.2025 को ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। लॉटों (नीलामी कैटलॉग) का विवरण www.mstcindia.co.in पर उपलब्ध है। लॉटों का निरीक्षण 23.12.2025 को 12:00 बजे से 16:00 बजे तक एम.एस.टी.सी. वेबसाइट पर दिए गए लिंक में उल्लिखित स्थान पर निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बाद किया जा सकता है। 23.12.2025 को 12:00 बजे के बाद किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। भागीदारी/पंजीकरण और अन्य नियमों व शर्तों के लिए, www.mstcecommerce.com पर लॉग ऑन करें या मैसर्स एम.एस.टी.सी. से संपर्क करें, फोन नं. 07969066600; helpdeskho@mstcindia.in

(नरेश कुमार तिवारी)
उपायुक्त सीमा शुल्क (पी)
आर एंड आई, निपटान, मुंबई जोन-III



**iftas**

**Request for Proposal (RFP)**
**For Delivery, Deployment, Migration, and Maintenance of Storage and SAN Devices**

IFTAS, a wholly owned subsidiary of the Reserve Bank of India (RBI), that designs, deploys & provides the essential IT-related services, required by the Reserve Bank of India, banks, and financial institutions.

**Bids are invited from Qualified System Integrators (SI) for Delivery, Deployment, Migration, and Maintenance of Storage and SAN Devices as a part of IT Infrastructure.**

RFP including eligibility requirements and high-level scope of work, will be published on our website on
**19 December 2025.**


Interested Bidders to check our website for further details
**Website: https://www.iftas.in**
**(under procurement section)**

**Indian Financial Technology & Allied Services**
Corporate Office:3rd Floor, Tower B, Prima Bay, CTS No. 117A/1D, Gate No. 5, TC - II, Saki Vihar Road, Powai, Mumbai, Maharashtra, Postal Code: 400 072, Email: rfp@iftas.in


## 'रिटायरमेंट से पहले कई आदेश आखिरी ओवर में छक्के जैसे'

### सुप्रीम कोर्ट ने इस चलन पर चिंता जताई और दुर्भाग्यपूर्ण बताया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**सुप्रीम कोर्ट** ने जजों के रिटायरमेंट से ठीक पहले लगातार बहुत ज्यादा आदेश पारित करने के बढ़ते चलन पर आपत्ति जताई है और इसकी तुलना किसी मैच के अंतिम ओवरों में बल्लेबाज द्वारा लगातार छक्के मारने से की है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने मध्य प्रदेश के एक प्रिंसिपल जिला और सेशन जज की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें उन्होंने हाई कोर्ट के एक फैसले को चुनौती दी थी। उनमें उन्हें उनकी तय रिटायरमेंट से सिर्फ 10 दिन पहले निलंबित कर दिया गया था। आरोप था कि यह कार्रवाई उनके द्वारा पारित कुछ संदिग्ध न्यायिक आदेशों के कारण की गई।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि याचिकाकर्ता जज ने रिटायरमेंट से ठीक पहले लगातार आदेश पारित करने शुरू किए जैसे आखिरी ओवर में छक्के मारना शुरू कर दिया हो। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण चलन है। चीफ जस्टिस ने कहा कि ये प्रवृत्ति बढ़ रही है।

### HC जाने की छूट

**सुप्रीम कोर्ट** ने न्यायिक अधिकारी को हाई कोर्ट में निलंबन आदेश को वापस लेने के लिए रिप्रजेंटेशन देने की छूट दी। हाई कोर्ट को निर्देश दिया कि वह रिप्रजेंटेशन पर चार हफ्ते में विचार करे।

### कहा- कदाचार और गलत फैसले में अंतर

**मध्य प्रदेश** के न्यायिक अधिकारी की रिटायरमेंट 30 नवंबर को होनी थी, पर उन्हें 19 नवंबर को निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई उनके द्वारा पारित दो न्यायिक आदेशों के कारण की गई। बागी जज की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विपिन सांघी ने दलील दी कि अधिकारी का सेवा रेकॉर्ड बेदाग रहा है और उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों में लगातार उच्च मूल्यांकन रहा है। सांघी ने निलंबन की वैधता पर सवाल उठाते हुए कहा कि केवल न्यायिक आदेश पारित करने के आधार पर किसी न्यायिक अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की जा सकती। बेंच ने कहा कि आमतौर पर त्रुटिपूर्ण आदेशों के लिए किसी न्यायिक अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू नहीं की जा सकती। हालांकि चीफ जस्टिस ने कहा कि इसके लिए उसे निलंबित नहीं किया जा सकता, लेकिन अगर आदेश स्पष्ट रूप से बेईमानीपूर्ण हो तो क्या होगा? इस टिप्पणी के माध्यम से उन्होंने न्यायिक त्रुटि और कदाचार के बीच अंतर स्पष्ट किया।

## फटाफट खबरें

### करूर भगदड़ के बाद विजय की पहली रैली



■ भाषा, इरोड (तमिलनाडु): करूर भगदड़ के बाद विजय की गुरुवार को पहली रैली में भारी भीड़ नजर आई। उन्होंने DMK को 'बुरी ताकत' और अपनी पार्टी TVK को 'अच्छी ताकत' बताया।

### साहित्य अकादमी अवॉर्ड का ऐलान रद्द

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 के लिए नामों का ऐलान आखिरी मौके पर टाल दिया गया। साहित्य अकादमी ने गुरुवार को नामों का ऐलान करने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी थी मगर मीडिया के पहुंचने के बावजूद इसे कैंसल कर दिया गया। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के निर्देश पर प्रेस कॉन्फ्रेंस स्थगित की गई।

## केरल में CM, राज्यपाल का गतिरोध खत्म, दो यूनिवर्सिटी में VC नियुक्त

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने इसपर संतोष जताया कि केरल के सीएम और राज्यपाल दो यूनिवर्सिटीज के नियमित कुलपतियों (वीसी) की नियुक्ति पर सहमत हुए हैं। राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच मतभेद के कारण ये नियुक्तियां कई महीनों से अटकी हुई थीं, जिसके कारण अदालत ने गतिरोध को सुलझाने के लिए रिटायर्ड जस्टिस सुधांशु धूलिया की अध्यक्षता में एक समिति बनाई थी। जस्टिस धूलिया समिति के दखल के बाद भी जब कोई समाधान नहीं निकला, तो शीर्ष अदालत ने पिछले सप्ताह संकेत दिया था कि वह खुद नियुक्ति करेगा।

## 12 साल से कोमा में, इच्छामृत्यु की इजाज़त मांगी, पैरेंट्स से मिलेंगे जज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 31 वर्षीय एक व्यक्ति के माता-पिता से मुलाकात की इच्छा जताई। वह शख्स पिछले 12 वर्षों से कोमा में है। अदालत उसके पिता की एक याचिका पर विचार कर रही है जिसमें पैसिव यूथेनेशिया (निष्क्रिय इच्छामृत्यु) की अनुमति की मांग की गई है। 2013 में चौथी मंजिल से गिरने के बाद वह शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया था। तब से लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर है। पैसिव यूथेनेशिया का अर्थ है जीवन को बनाए रखने के लिए जीवन रक्षक सहायता को हटा कर मरीज को स्वाभाविक रूप से मृत्यु की ओर जाने देना।

## 2040 तक देश में हो सकते हैं 20 लाख कैंसर मरीज़: मंत्री

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली




AI Image

**पीएमओ में** राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा को बताया कि दुनिया भर में कैंसर मामलों में चीन और अमेरिका के बाद भारत तीसरे स्थान पर है और 2040 तक देश में कैंसर के मामलों की तादाद लगभग 20 लाख हो सकती है। उन्होंने कहा यह सच है कि पूरी दुनिया में कैंसर के मामले बढ़े हैं। अगर आप वैश्विक आंकड़े देखें तो हर साल दुनिया में दो करोड़ कैंसर रोगी होते हैं, यानी हर साल लगभग दो करोड़ कैंसर मरीज। भारत में ही हमारे पास लगभग 14 से 15 लाख, यानी करीब 15 लाख मामले हैं। सिंह ने कहा कि यह डेटा 2040 तक बढ़कर लगभग 20 लाख होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं जिसमें देश के भीतर बीमारियों के स्वरूप में बदलाव होना शामिल है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82(2)(1) Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमित उर्फ भोला पुत्र राजपाल निवासी** मकान नं. 974/975, जे-ब्लॉक, जहांगीरपुरी, दिल्ली अन्य पता- 332, ए-ब्लॉक, दूसरी मंजिल, जहांगीरपुरी, दिल्ली ने केस एफआईआर नं./कोर्ट केस नं. 10/2024 **अंतर्गत धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम और 34 आईपीसी, थाना प्रशांत विहार, जिला रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित उर्फ भोला** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित उर्फ भोला** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं./ कोर्ट केस नं. 10/2024 **अंतर्गत धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम और 34 आईपीसी, थाना प्रशांत विहार, जिला रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमित उर्फ भोला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.01.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री रोहित कुमार**
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-04
कमरा नं. 14, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/16972/RD/2025**
**(Court Matter)**



**गुमशुदा / अपहृत की तलाश**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **नैना देवी** पत्नी नेम सिंह **निवासी: A-555,** न्यू अशोक नगर, दिल्ली जो अपने पुत्र नाम **आनन्द उम्र: 07** वर्ष के साथ अपने घर से दिनांक **08.12.2025** से अपहृत/ लापता है। इस बाबत **DD No. 76A** दिनांक **14.12.2025** थाना: न्यू अशोक नगर, दिल्ली में दर्ज है। इस महिला का शारीरिक ब्यौरा निम्न प्रकार है।



नैना देवी

उम्र: 30 वर्ष, कद: 5'0", रंग: गोरा, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** सामान्य, **पहनावा:** मालूम नहीं है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस महिला का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी व्यक्ति को इस महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो **थाना: न्यू अशोक नगर, दिल्ली** को निम्नलिखित नं. व ई-मेल: **cic@cbi.gov.in** और वेबसाइट: **http://cbi.nic.in** पर सूचित करें।

फोन नं.: **011-24368638, 24368641**
फैक्स नं.: **011-24368639**
हस्ता/- थानाध्यक्ष
थाना: न्यू अशोक नगर, दिल्ली
फोन: **8076949392, 9971694325**

**DP/16986/ED/2025**



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **अरविंद शर्मा पुत्र:** श्री राम नारायण शर्मा **पता:** ग्राम–डाकखाना कालू बास, धानी माता मंदिर के पास, थाना डूंगरगढ़, जिला, बीकानेर राजस्थान ने **FIR No. 214/2017 U/s 494/420/506 IPC थाना: गोविंदपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारन्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरविंद शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरविंद शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारन्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 214/2017 U/s 494/420/506 IPC थाना: गोविंदपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अरविंद शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री देवांशी जनमेजा
जेएमएफसी–04, कमरा नंबर 10
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली

**DP/17011/SE/2025**
**(Court Matter)**



**TIMES interact** — Connecting People, Connecting Needs.

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

**टेंडर और नोटिस**

**सार्वजनिक सूचना (नोटिस)**

DEBTS RECOVERY APPELLATE TRIBUNAL - DELHI
Apartment No. 318 Third Floor, Hotel Samrat, Kautilya Marg, Chanakyapuri New Delhi-110021
Appeal No. 179/2024
In TSA No.296/2022
(DRT- I, Delhi)
S.R. Vatwani (H.U.F.)
Through its Karta Shri Mohar Vatwani
Appellant/s
Vs
Punjab and Sind Bank & Anr.
Respondent/s
Notice

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Ms Deepa Balani D/o Shri Harbans Singh R/o 287, First Floor, Double Storey, New Rajinder Nagar, New Delhi-110060 | Respondent No. 2 |

Whereas the notice that an appeal from the order passed by the Presiding Officer of D.R.T. in the above case has been presented by the appellant on 14.06.2024 and is registered in the Tribunal. The matter was listed before this Tribunal on 27.11.2025.
Whereas it has been shown to the satisfaction of the Tribunal that it is not possible to serve you in the ordinary way. Therefore, this notice is given by advertisement directing you to make appearance in this Tribunal on 30.01.2026.
Whereas take notice that in default of your appearance on the day mentioned above, the case will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and the Seal of the Tribunal, this 08th day of December, 2025.
BY ORDER OF THE TRIBUNAL
Section Officer

**व्यक्तिगत**

**नाम परिवर्तन**

I Jagrati mittal w/o Amit Kumar Agrawal and D/o Sant Lal Mittal R/o E3 2704 Cleo County Sec-121,Noida,UP have changed my name to Jagrati Agrawal.

I, Kashish Gandhi, S/O Sunil Gandhi, resident of 418/16A, Faridabad, Haryana. I have changed my name to Kanishk Gandhi through affidavit No. 47AA 385853, dated 10/05/2018 for all future purposes.

मैं घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम राजू से बदलकर राजीव कर लिया है और यह मेरे अन्य दस्तावेजों जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, और वोटर आईडी में भी दर्ज है।

I, Abhishai Joash Chauhan S/o Leslie Chauhan R/o 1/57, Subhash Nagar , New Delhi-110027, do hereby solemnly affirm and declare that Abhishai Joash Chauhan and Baby Josie is one and the same person.

I, Sudhir Kumar S/o Budh dev Kapoor, R/o 167 First Floor Sector 9, Gurgaon, Haryana ,have changed my name to Sudhir Kapoor, for all purposes.

मैं, अपूर्व मिश्र (APURVA MISRA) सुपुत्र विद्याभूषण मिश्र, निवासी CM4 1506, सुपरटेक केप टाउन, सेक्टर 74, नोएडा, उत्तर प्रदेश घोषित करता हूँ कि मैंने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम अपूर्व मिश्र (APURVA MISHRA) से बदलकर अपूर्व मिश्र (APURVA MISRA) कर लिया है।

**BOOK YOUR PERSONAL ADS**
FOR BOOKING PLEASE CALL
AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com
SCAN QR CODE

**खोया एवं पाया**

THIS is to inform everyone that on December 10, 2025, my property documents were lost somewhere in the Laxmi Nagar Market, Mangal Bazaar. Despite extensive searching, they could not be found. The property details are as follows: Plot No. B9/1, Flat No. S 06, Second Floor (Front Side), MIG DLF Ankur Vihar, Loni, District Ghaziabad, Uttar Pradesh, Pin Code 201102. This property was registered on May 7, 2024, in Book No. 01, Volume No. 27464, Pages 227 to 260, and Serial Number 13258 at the Tehsil Office, Ghaziabad. If anyone finds these documents Please Contact: Sheetal Prashad Khandelwal, S/o late Shri Murari Lal, R/o 130 Bank Enclave, Laxmi Nagar, Delhi 110092. M: 9971374348.

**सामान्य**

I, Jadawati Devi, W/o Late Sh Ajmer Singh, R/o S-15 near Welcome police station, Welcome, Seelampur-3, Bhajanpura, Delhi-110053 affirm that name of mine has been wrongly written as Jarawati Devi in my husband PPO No 24952. The actual name of mine is Jadawati Devi for all future purposes.

**PROPERTY FOCUS** — TIMES interact

**SEEKING A STRATEGIC LOCATION FOR INDUSTRY!**
**FOR RENT** IN SECTOR-155, NOIDA
Plot measuring 23000 sq mt having RCC Building Ground +2 floor covered area of 374105 sqft each floor with ample Car Parking & Truck Parking
:Contact:
9310361108
9999909211

**BOOK YOUR CLASSIFIED ADS**
FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649
TIMES interact

**To book your Education ads**
Please contact
Amit : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | BUSINESS | PROPERTY
RECRUITMENT, EDUCATION | SHOPPING | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
TENDER, PUBLIC NOTICE | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS

Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad + East Delhi | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad + Noida | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |

**GALLERIA** — TIMES interact

Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹120000* Per 10g
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items | Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 9891417720

**BOOK YOUR PROPERTY ADS**
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Sunil Srivastava
9999499496
To Book Online Log on To Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

**HEALTH & WELLNESS** — TIMES interact

**SEX PROBLEMS**
•HORMONAL IMBALANCE •EARLY DISCHARGE •ERECTILE-DYSFUNCTION •SPERMS PROBLEM •UROGENITAL INFECTIONS •WEAKNESS DUE TO DIABETES
CONSULT QUALIFIED SEXOLOGIST AT
PERFECT CLINIC
161, Kapil Vihar (Main Road), Pitampura, Delhi-34
Helpline: 9810119422

36 वर्षों के अनुभवी
सैक्स समस्याएँ
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आजाद क्लीनिक
मैन रोहतक रोड, भूतोंवाली गली, नांगलोई, दिल्ली-41
9873144909
9821124909

निःसंतान
शुक्राणुओं की कमी
धात, स्वप्नदोष, सेक्स पा. आदि गुप्त रोगों के लिए
चेतन आयुर्वेदा
▸बदरपुर ▸दरियागंज ▸भजनपुरा ▸छतरपुर
82, CDR Chowk, Chhattarpur Delhi
9817469817


बवासीर
का इंजेक्शन द्वारा सफल इलाज
पेट दर्द, गैस, कब्ज, एसिडिटी का सफल इलाज
(अनुभव 25 वर्ष)
सोनू क्लीनिक
Dr. A.K. Chaudhary (B.A.M.S.)
K-18, मेन स्याला रोड, श्याम नगर, विष्णु गार्डन (निकट मदर डेयरी) नई दिल्ली-18
9289626250
9810807952


BOOK YOUR EDUCATION ADS
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

SEX PROBLEM
बचपन की गलतियों के कारण आयी सभी सेक्स समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सलाह द्वारा दवा का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹955 महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH09 User: gagan.malhotra Time: 12-18-2025 20:02 Color:

# पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर उत्तर प्रदेश का उदय





काशी विश्वनाथ धाम, वाराणसी

पर्यटकों की रिकॉर्ड तोड़ संख्या और तेजी से विस्तारित हो रहे टूरिज्म सर्किट्स ने उत्तर प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र को नई गति दी है। होमस्टे से लेकर बड़े होटलों तक बढ़ती गतिविधियों ने न सिर्फ रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं, बल्कि हर जिले में निवेश और व्यवसाय की संभावनाओं को भी मजबूती दी है।

मजबूत नीतिगत सहयोग और निवेशक अनुकूल पहलों के सहारे हॉस्पिटैलिटी व इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं, जिससे उत्तर प्रदेश सशक्त और उभरती पर्यटन अर्थव्यवस्था के रूप में राष्ट्रीय विकास में अपना योगदान दे रहा है।

उत्तर प्रदेश पर्यटकों की संख्या के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है और लगातार भारत के शीर्ष राज्यों में अपनी जगह बनाए हुए है, यहां पर्यटकों की संख्या बेहद अधिक रहती है। वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश ने अब तक की सबसे अधिक पर्यटक संख्या दर्ज की, जब 64.90 करोड़ से अधिक पर्यटक यूपी पहुंचे। यह संख्या वर्ष 2023 की तुलना में लगभग 16.9 करोड़ अधिक रही। इसमें करीब 22.7 लाख विदेशी पर्यटक भी शामिल थे। वर्ष 2025 में आयोजित हुए प्रयागराज महाकुम्भ में 66 करोड़ से अधिक पर्यटक यूपी पहुंचे। पर्यटन के क्षेत्र में इस तेज वृद्धि को देखते हुए उम्मीद है कि वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़कर 1.3 अरब तक पहुंच जाएगी, जो वर्ष 2024 के मुकाबले लगभग 100 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। वर्ष 2023 में राज्य में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मिलाकर करीब 48 करोड़ पर्यटक आए थे। राज्य में विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में जहां विदेशी पर्यटकों की संख्या 16 लाख थी, वहीं वर्ष 2024 में यह बढ़कर 22.7 लाख तक पहुंच गई, जो उत्तर प्रदेश के वैश्विक पर्यटन आकर्षण के तौर लगातार मजबूत होने का संकेत है।

## उत्तर प्रदेश का ट्रैवल एंड टूरिज्म: राज्य की अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ

- **पर्यटकों के खर्च से त्वरित आय :** पर्यटकों की बढ़ती संख्या का सीधा असर परिवहन, ठहराने, खान-पान, गाइड सेवाओं, टिकट व रिटेल पर पड़ता है। इससे सैकड़ों कस्बों और शहरों में होटल, रेस्टोरेंट, ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर और स्थानीय विक्रेताओं की आय बढ़ती है।
- **नए और औपचारिक सूक्ष्म-उद्यमों को बढ़ावा :** वर्ष 2025 की होमस्टे और बीएंडबी नीति के तहत स्थानीय लोग अपने होमस्टे यूनिट्स को पंजीकृत कर प्रोत्साहन, मार्केटिंग और प्रशिक्षण का लाभ ले सकते हैं। इससे मालिक-स्वामी आधारित आजीविका और पार्ट टाइम रोजगार के अवसर बनते हैं, जिनका लाभ गांवों और छोटे शहरों तक पहुंचता है।
- **पूंजी निवेश और निर्माण गतिविधियों में वृद्धि :** नए होटल, रिसॉर्ट, वेलनेस सेंटर और पर्यटन इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग से निर्माण क्षेत्र में रोजगार बढ़ता है और इससे जुड़े अन्य सेक्टर्स जैसे फर्नीचर, खान पान आपूर्ति और निर्माण सामग्री को भी गति मिलती है।
- **प्रोत्साहन योजनाओं से औपचारिक रोजगार सृजन :** उत्तर प्रदेश की पर्यटन नीति के तहत रोजगार सब्सिडी उपलब्ध कराई जाती है, जिससे नियोक्ताओं की लागत घटती है और होटल, एमआईसीई और पर्यटन आकर्षणों में नियुक्तियों को बढ़ावा मिलता है। नीति में 'मेगा टूरिज्म यूनिट्स' को भी शामिल किया गया है, जिनसे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन अनिवार्य होता है।
- **एमएसएमई और कारीगरों के लिए नए अवसर :** संग्रहालयों, विरासत स्थलों और तीर्थ सर्किट्स के विस्तार से स्थानीय हस्तशिल्प, गाइडेड टूर सेवाओं, फूड स्टॉल्स और ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों की मांग बढ़ती है। प्रोत्साहन नीतियों और प्रदर्शनियों के सफल आयोजन से स्थानीय एमएसएमई को व्यापक बाजार और पर्यटकों तक पहुंचने में अभूतपूर्व मदद मिल रही है।
- **क्षेत्रीय और ग्रामीण विकास को बल :** उत्तर प्रदेश की इंफ्रास्ट्रक्चर योजनाएं, डेस्टिनेशन डेवलपमेंट स्कीम्स और होमस्टे नीति विशेष रूप से टियर-2, टियर-3 शहरों और ग्रामीण पर्यटन सर्किट्स में निवेश और आय को प्रवाहित करने के लिए तैयार की गई है। इससे क्षेत्रीय असमानताओं में कमी आती है और ग्रामीण स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होते हैं।



## पर्यटन क्षेत्र की बढ़ती लोकप्रियता से राज्य की अर्थव्यवस्था और प्रमुख सेक्टर्स को मिला प्रोत्साहन

- वर्ष 2025 में वाराणसी में 1.1 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 82 लाख की वृद्धि दर्शाता है। बढ़ती संख्या को देखते हुए बैकपैकर्स और पर्यटकों के लिए लगभग 1 लाख नए होटल रूम जोड़े गए हैं।
- आगरा विदेशी पर्यटकों के हिसाब से शीर्ष गंतव्य के रूप में उभरा, वर्ष 2024 में 14.7 लाख अंतरराष्ट्रीय पर्यटक पहुंचे।
- उत्तर प्रदेश को हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में लगभग 1 ट्रिलियन रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।
- इसके चलते राज्य के 75 जिलों में होटल, रिसॉर्ट, गेस्टहाउस, वेलनेस सेंटर और होमस्टे के विकास को तेजी मिली है।
- अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज जैसे धार्मिक आध्यात्मिक केंद्रों के साथ साथ लखनऊ, आगरा, कानपुर और नोएडा जैसे प्रमुख पर्यटन हब इस विकास की अग्रिम पंक्ति में हैं।
- औसतन, उत्तर प्रदेश में एक रात ठहरने वाला पर्यटक 5,400 खर्च करता है, जबकि लंबे समय तक ठहरने वाले पर्यटकों का औसत खर्च लगभग 7,500 होता है। पर्यटकों के ठहरने में करीब 41% हिस्सेदारी होटलों की है, जबकि जिलों के बीच यात्रा कुल पर्यटन गतिविधियों का लगभग 80% हिस्सा बनती हैं।

## हॉस्पिटैलिटी ब्रांड्स के लिए हॉटस्पॉट

- अयोध्या में 10 नए होटलों के जुड़ने की तैयारी है। वर्ष 2024 में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद पर्यटन मांग में तेज उछाल आया है। अकेले वर्ष 2024 में ही अयोध्या में लगभग 1.64 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे।
- वाराणसी में भी हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को बड़ा बढ़ावा मिल रहा है, जहां 12 नई होटल प्रॉपर्टीज स्थापित की जाएंगी।
- निवेश में यह वृद्धि उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति 2022 के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य निजी क्षेत्र की भागीदारी से पर्यटन इंफ्रास्ट्रक्चर को सशक्त बनाना है।
- ताज ग्रुप के अंतर्गत इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) जैसे बड़े हॉस्पिटैलिटी ब्रांड्स ने भी इस क्षेत्र में विस्तार की प्रतिबद्धता जताई है। आईएचसीएल, सॉलिटेयर ग्रुप के साथ मिलकर अयोध्या में ताज लग्जरी प्रॉपर्टी शुरू करने की योजना बना रहा है, ताकि तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की बढ़ती संख्या को बेहतर सुविधाएं दी जा सकें।
- उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट और होमस्टे नीति 2025 को भी उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है, जिसके तहत बड़ी संख्या में लोग अपने घरों को होमस्टे के तौर पर पंजीकृत करा रहे हैं।
- अनुमान है कि लखनऊ में ही करीब 800 होमस्टे स्थापित किए जा सकते हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और आय के नए अवसर सृजित होंगे।



महाकुम्भ, प्रयागराज



वन्यजीव पर्यटन को लेकर लोगों की रुचि में तेजी से हो रहा इजाफा


## यूपी के प्रमुख पर्यटन सर्किट

रामायण सर्किट
बुंदेलखंड सर्किट
कृष्ण ब्रज सर्किट
आध्यात्मिक सर्किट
वाइल्डलाइफ इको-टूरिज्म सर्किट
क्राफ्ट सर्किट
शक्ति पीठ सर्किट
बौद्ध सर्किट
स्वतंत्रता संग्राम सर्किट
महाभारत सर्किट
सूफी सर्किट

## पर्यटन में नई संभावनाओं को जोड़ता इंफ्रास्ट्रक्चर



4 लाख किलोमीटर से अधिक के सड़क नेटवर्क के साथ यूपी में देश का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है मौजूद



16,000 से अधिक किलोमीटर के साथ उत्तर प्रदेश में देश का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है मौजूद



प्रदेश में है अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों की सर्वाधिक संख्या। लखनऊ, वाराणसी, कुशीनगर और अयोध्या में 4 ऑपरेशनल, जबकि नोएडा में 1 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट निर्माणाधीन है।



गंगा नदी पर मल्टी-मोडल वॉटरवेज टर्मिनल शुरू करने वाला यूपी पहला राज्य, जहां 5 फ्रेट विलेज विकसित किए जाने की योजना है।



देश में सर्वाधिक एक्सप्रेसवे : 22



चित्रकूट

## पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में अवसरों का उभरता केंद्र

- विविध रुचियों को ध्यान में रखते हुए विकसित किए गए हैं पर्यटन सर्किट, जिनमें ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण मार्गों और स्थलों पर विशेष फोकस किया गया है।
- राज्य में 24 पक्षी अभयारण्य, 11 वन्यजीव अभयारण्य, 1 राष्ट्रीय उद्यान और 4 टाइगर रिजर्व मौजूद हैं।
- वेलनेस और आयुर्वेद पद्धतियों की समृद्ध विरासत, जो स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा देती है।
- यूनेस्को विश्व धरोहर स्मारक के रूप में ताजमहल, फतेहपुर सीकरी और आगरा का किला है प्रसिद्ध।
- अंतरराष्ट्रीय महत्व के धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों में अयोध्या, वाराणसी, वृंदावन-मथुरा और प्रयागराज हैं प्रमुख
- पवित्र गंगा नदी की उपस्थिति के कारण राज्य में एडवेंचर टूरिज्म की भी व्यापक संभावनाएं हैं, जिनमें रिवर राफ्टिंग, कयाकिंग और ट्रेकिंग जैसी गतिविधियां शामिल हैं।



ब्रज रंगोत्सव



पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में धार्मिक पर्यटन तेजी से बढ़ा है

## उत्तर प्रदेश में पर्यटन

- **धार्मिक पर्यटन :** वाराणसी, अयोध्या, मथुरा, विंध्य, प्रयागराज, सारनाथ, कुशीनगर आदि प्रमुख तीर्थ स्थल।
- **ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पर्यटन :** आगरा (ताजमहल), लखनऊ और फतेहपुर सीकरी जैसे ऐतिहासिक व सांस्कृतिक केंद्र हैं प्रमुख।
- **रोमांच और प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग :** यूपी के हिमालयी क्षेत्र, वन्यजीव अभयारण्यों और प्राकृतिक पर्यटन स्थलों की ओर पर्यटक हो रहे आकर्षित।
- **व्यावसायिक यात्री :** नोएडा, गाजियाबाद और लखनऊ जैसे शहरों में मीटिंग्स, कॉन्फ्रेंस और व्यापारिक आयोजनों में शामिल होने वाले पेशेवर हैं इसमें शुमार।

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in